* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
09 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 320

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

सभी मांगें हमारे संज्ञान में, जल्द होगा समाधानः हेमंत






### मुख्यमंत्री ने नोवामुंडी में गुवा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# आदिवासी संघर्षों से बिखरता नहीं, और मजबूत होता हैः हेमंत

- आदिवासी किसी के सामने झुकते नहीं, सम्मान से समझौता नहीं करते
- परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास और परिसंपत्तियों वितरण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नोवामुंडी, चाईबासा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कोल्हान समेत पूरे झारखंड के लिए यह एक ऐसा दिन है, जिसे हम ना कभी भूले हैं और ना कभी भूलेंगे। आनेवाली पीढ़ी के लिए हमारे वीर शहीद हमेशा आदर्श रहेंगे। ये वीर शहीद सदैव हमारे मार्गदर्शक रहे हैं। ऐसे में इनके आदर्श पर चल कर झारखंड को नयी दिशा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री रविवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी में गुवा गोली कांड के शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा सह परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन और परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने शहीद स्थल में माल्यार्पण कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

**हमेशा से वीरों की धरती रही है झारखंडः** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड हमेशा से वीरों की धरती रही है। चाहे अन्याय-शोषण-जुल्म के खिलाफ लड़ाई हो या फिर ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जंग। हमारे आदिवासी-मूलवासियों ने हमेशा संघर्ष किया। उन्होंने किसी के सामने कभी झुकना नहीं सीखा। इन्होंने अपने मान-सम्मान और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। भले ही इसके लिए अपनी कुर्बानी ही क्यों ना देनी पड़े। यही वजह है कि इतिहास के पन्नों में हमारे कई वीर शहीदों के नाम दर्ज हैं तो कई आज भी गुमनाम हैं। हमें अपने सभी वीर शहीदों पर गर्व है।




#### आदिवासी अपने संघर्ष और ताकत से अधिकार लेते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी मूलवासियों के रगों में जो खून दौड़ रहा है, वह जब उफान लेता है, तो अपने हक और अधिकार के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक देता है। जितना आदिवासी का खून जमीन पर गिरता है, उतने ही आदिवासी वीर पैदा लेते हैं। आदिवासी संघर्षों से बिखरता नहीं है, बल्कि और मजबूत होकर सामने आता है।

#### आपको किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़े

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के ग्रामीण इलाकों में आज भी एक बड़ी आबादी गरीबी की जिंदगी जीने को मजबूर है। यहां वे बिचौलियों-दलालों के चंगुल में फंसे रहते हैं। ऐसे में बिचौलियागिरी खत्म करना हमारा संकल्प है। यही वजह है कि हमारी सरकार ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने के मकसद से कई योजनाएं लेकर आयी है।

#### बेटी बोझ नहीं मजबूत संपत्ति बनेंगी

हेमंत ने कहा कि बेटियां हमारे लिए बोझ नहीं मजबूत संपत्ति बनेंगी। इनके सशक्तिकरण के लिए सरकार पूरी ताकत से काम कर रही है । उन्होंने कहा कि वे अपनी बेटियों को जरूर पढ़ायें। पढ़ाई पर होनेवाले खर्च की चिंता नहीं करें। सरकार बच्चियों की पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अपनी बहन बेटियों के तकलीफ और दुःख- दर्द से भलीभांति वाकिफ हैं। इसी कड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना के माध्यम से आधी आबादी को सशक्त बना रहे हैं।

#### देश के नीति निर्धारकों ने झारखंड पर नहीं दिया कोई ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-दुनिया में झारखंड की पहचान सोने के चिड़िया के रूप में है। यहां खनिज -संसाधनों की प्रचुरता है, लेकिन यहां के आदिवासी-मूलवासी आज तक पिछड़े हैं। इसकी साफ वजह है कि देश के नीति-निर्धारकों की नजर में झारखंड की कभी अहमियत नहीं रही। यहां के लोगों को मजदूरी करने के लिए छोड़ दिया गया। झारखंड को किस कदर दरकिनार किया गया, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज भी इस राज्य का एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये केंद्र पर बकाया है। अगर यह पैसा हमें मिल जाये तो झारखंड की दशा और दिशा पूरी तरह बदल देंगे।

#### 77 योजनाओं की रखी आधारशिला, 19 का किया उद्घाटन

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 201 करोड़ 83 लाख 6 हजार 547 रुपये की लागत से 96 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसके साथ लाभुकों के बीच 103 करोड़ 41 लाख 80 हजार रुपये की परिसंपत्तियां बांटी गयी। शहादत दिवस कार्यक्रम में मंत्री दीपक बिरूवा, सांसद जोबा मांझी, विधायक निरल पूर्ति, दशरथ गागराई, सुखराम उरांव और विधायक सोनाराम सिंकू समेत अधिकारीगण मौजूद थे।

### भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री ने सरकार पर साधा निशाना

# पांच साल कुछ नहीं किया, अब घोषणाएं कर रहे हेमंतः शिवराज

- परिवर्तन यात्राओं के माध्यम से पार्टी करेगी नाकामियों को उजागर
- प्रधानमंत्री 1.13 लाख गरीबों के खाते में आवास के लिए पैसे ट्रांसफर करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जिस गठबंधन की सरकार ने पांच साल में कुछ नहीं किया, अब चुनाव आते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन धड़ाधड़ खोखली घोषणाएं करते चले जा रहे हैं। भाजपा परिवर्तन यात्राओं के माध्यम से हेमंत सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी। श्री चौहान रविवार को रांची में भाजपा प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। इस मौके पर महामंत्री मनोज कुमार सिंह और प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी मौजूद थे।

**हमने पूछा झारखंड की जनता को मिला क्या, तो करने लगे घोषणाएं? :** श्री चौहान ने कहा कि हेमंत सरकार ने सैकड़ों वादे पूरे नहीं किये। पांच साल कोई नौकरी नहीं दी। पेपर लीक जैसी लगातार घटनाएं होती रहीं। अब चुनाव आ गया है। इसीलिए धड़ाधड़ घोषणाएं हो रही हैं। भर्तियां, सिपाही की भर्ती, लेकिन ये भी नहीं देखा कि किस मौसम में भर्ती कर रहे हैं। ये भर्ती कोई नौजवानों को रोजगार देने के लिए नहीं है। ये भर्ती नहीं है, वोट के लिए नाटक है।

**हादसा नहीं हत्या है यहः** प्रदेश चुनाव प्रभारी ने कहा कि उत्पाद सिपाही भर्ती में फिजिकल टेस्ट भी पूरा नहीं हो पायेगा। इसलिए ऐसे मौसम में 10-10 किलोमीटर दौड़ा रहे हैं। यह जानलेवा साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि अव्यवस्थाओं का आलम ये था, ना पीने का पानी, न छांव का इंतजाम, बीमार हो तो ना इलाज की व्यवस्था और इसी में 16 नौजवानों की जिंदगियां चली गयीं। तड़प-तड़प कर हमारे नौजवान साथी नौकरी नहीं ले पाये और दुनिया छोड़ गये। यह यह हादसा नहीं, हत्या है। ये ऐसा अपराध है, जिसके लिए जनता माफ नहीं कर सकती।




#### झारखंड की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है

चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री के और गठबंधन के दावा नहीं चलने वाला है। लोग भयानक भ्रष्टाचार भूले नहीं है। आज भी भ्रष्टाचार झारखंड को तबाह और बर्बाद कर रहा है। जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। भाजपा भी उनके झूठे और खोखले वादे, भ्रष्टाचार, बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था, माता-बहनों का अपमान, अवैध घुसपैठ और बदल रही डेमोग्राफी जैसे सभी मुद्दों को लेकर यात्रा के रूप में जनता के बीच में जायेगी।

#### प्रधानमंत्री 15 सितंबर को आयेंगे, देंगे कई सौगात

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड को अटल जी ने बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा झारखंड के विकास के लिए केंद्र सरकार हरसंभव प्रयत्न कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड आ रहे हैं। वह राज्य को वंदे भारत ट्रेन की सौगात देंगे। साथ-साथ 1 लाख 13 हजार 195 गरीबों को प्रधानमंत्री आवास के लिए पहली किस्त भी खाते में डालेंगे। उन्होंने कहा कि ठगबंधन की सरकार केवल विनाश की तरफ ले जा रही है। उस विनाश से झारखंड को बचाने के लिए हमने कमर कसी है।

## दो दिवसीय प्रवास पर आज रांची आयेंगे हिमंता



रांची (आजाद सिपाही)। असम सरकार के मुख्यमंत्री और झारखंड चुनाव सह-प्रभारी हिमंता विस्व सरमा सोमवार को दो दिवसीय प्रवास पर रांची आ रहे हैं। वह उत्पाद सिपाही दौड़ में मृत जवानों के परिजनों से मुलाकात करेंगे। इसके अलवा प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू के आवास भी जायेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरमा शाम तीन बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से भाजपा प्रदेश कार्यालय आयेंगे। इसके बाद ओरमांझी जायेंगे, जहां उत्पाद सिपाही दौड़ में मृत जवान अजय कुमार मुंडा के परिजनों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद सरमा नामकुम जायेंगे और मृतक जवान स्व. विकास लिंडा के परिजनों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद आदत्य साहू के निवास पर जायेंगे। वह 10 सितंबर को सुबह 8 बजे रांची से रवाना होंगे।

## हरियाणा में कांग्रेस-आप में गठबंधन का एलान आज संभव

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच गठबंधन लगभग तय हो गया है। हालांकि अभी इसका औपचारिक एलान नहीं हुआ है। शनिवार देर रात कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के बीच बैठक हुई।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### पार्टी की नवनिर्माण संकल्प सभा में गरजे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो

# नीति, नीयत और विश्वास के मापदंड पर सरकार विफलः सुदेश

- हेमंत सरकार पर लगाया वादाखिलाफी काआरोप, ये राज्य चला नहीं रहे, चर रहे
- बारिश के बावजूद राज्य भर के हजारों युवा रांची के प्रभात तारा मैदान में जुटे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने कहा कि शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने के लिए नीति, नीयत और विश्वसनीयता की आवश्यकता है। मौजूदा सरकार इन तीनों मापदंडों पर विफल रही है। हमारे युवा सड़कों पर हैं। युवा रोजगार मांग रहे हैं। इनके पास बीए, एमए, इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक आदि की डिग्री है। लेकिन इनके पास नौकरी नहीं है। सुदेश रविवार को रांची के प्रभात तारा मैदान में पार्टी की नवनिर्माण संकल्प सभा में बोल रहे थे। बारिश के बावजूद इस सभा में काफी तादाद में युवा संकल्प लेने आये थे।

**हेमंत सरकार शिकारी बन गयी है :** सुदेश ने कहा कि अब हेमंत सरकार शिकारी बन गयी है। यह सरकार चुनाव से पहले उसके वोट का शिकार करने के लिए सरकारी खजाने का चारा फेंक रही है। आप फंसियेगा मत। अगर सरकार की नीयत सही होती, चार पहले ही ये राज्य का खजाना झारखंड की जनता के लिए खोल दिये होते। ये राज्य चला नहीं रहे हैं, इसे चर रहे हैं। हेमंत सरकार की सारी योजनाएं एक चुनावी नारा है।

**चुल्हा भत्ता नहीं, चुनावी भत्ता दे रहेः** आजसू प्रमुख ने कहा कि सरकार ने कहा था कि दो हजार रुपये का चूल्हा भत्ता देंगे। अब जब चुनाव आ गया, तो यह एक हजार का चुनावी भत्ता दे रहे हैं। सरकार अपने वादे अनुसार अभी तक हर महिला को दो हजार रुपये प्रति माह की दर से चूल्हा भत्ता दी होती, तो अभी तक पांच वर्ष में हर महिला को एक लाख बीस हजार रुपये मिला होता। यह हजार रुपये महिला को भत्ता नहीं दे रहे हैं, बल्कि हर महिला का एक लाख बीस हजार रुपये हड़प चुके हैं।

(संबंधित खबर पेज-3)



#### सरकार ने राज्य को केवल लूटा

सुदेश ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं से बेरोजगारी भत्ता का वादा किया था। अगर वह अपने वादे पर काम किये होते तो आज हर युवक को 4 लाख 20 हजार रुपये मिले होते। हेमंत सरकार ने सिर्फ राज्य को ही नहीं लूटा, जमीन और खदान को नहीं लूटा, बल्कि इन्होंने हर युवा के 4 लाख 20 हजार रुपये को भी लूटा है।

#### जेपीएससी का साल में कई परीक्षाएं लेने का वादा भी धोखा

सुदेश महतो ने कहा कि सरकार ने कहा था कि हर वर्ष जेपीएससी परीक्षाएं लेगी। यह भी नहीं हुआ। सरकार ने कहा था कि युवाओं के पास नौकरियों की भरमार होगी, लेकिन विगत पांच वर्षों में क्या हुआ? आंकड़े बताते हैं कि हर वर्ष पांच लाख नौकरियों का दावा करने वाली इस सरकार के शासनकाल में जेपीएससी ने 1033 लोगों को तथा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 10,041 लोगों को नौकरियां दीं।

#### पांच लाख लोग रोजगार की तलाश में घरों से निकलते हैं

सुदेश ने कहा कि आज राज्य की कुल आबादी अनुमानतः चार करोड़ है। इसमें कामकाजी उम्र वालों की आबादी 1 करोड़ 47 लाख 2 हजार 184 है। ये ऐसे लोग हैं, जो या तो काम कर रहे हैं या काम की तलाश में हैं। इनमें 5 लाख लोग रोजगार की तलाश में घरों से निकलते हैं और बिना एक रुपये कमाये वापस लौट जाते हैं।

#### हम लोगों के हक के लिए संघर्ष कर रहे

सुदेश ने कहा कि हम एक राजनीतिक दल के रूप में झारखंड के लोगों की बुनियादी जरूरतों, सामाजिक सरोकारों, आर्थिक उन्नति, राजनीतिक चेतना एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तथा उनके हक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लंबे संघर्ष एवं रक्त रंजित आंदोलनों से गुजर कर हमने झारखंड राज्य तो पा लिया, लेकिन शहीदों के सपने के अनुसार यह राज्य निखर नहीं पाया।

#### सरकार की प्राथमिकता आंदोलनकारियों के अनुरूप नहीं

सुदेश ने कहा कि दुर्भाग्य से आज जो राजनीतिक व्यवस्था राज्य को चला रही है, उसकी प्राथमिकता राज्य निर्माण के आंदोलनकारियों के सपनों के अनुकूल नहीं है। आज हमारे अन्नदाता परिवार की मासिक आय मात्र 4800 रुपये है। आपने युवाओं की फौज को सड़कों पर पुलिस की गोलियां और लाठियां खाने को छोड़ दिया और अपनी कलंकित विरासत को आगे बढ़ाते हुए झारखंड के मूलवासी एवं आदिवासियों की जमीन लूटने के लिए दलालों की एक बड़ी फौज खड़ी की। उन्हें सरकारी संरक्षण देकर हजारों करोड़ रुपये की जमीन हड़पने का काम किया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW
सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,400 रु./10 ग्राम
चांदी 85,000 रु./प्रति किलो


# उत्तरी छोटानागपुर के छह जिलों की 19 सीटों पर मचेगा धमाल

## भाजपा-आजसू के मजबूत गढ़ में होगी झामुमो-कांग्रेस-राजद की अग्निपरीक्षा

## जेएलकेएम की एंट्री से सभी दल चौकस, शह-मात का चल रहा खेल

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड की सियासत में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का अलग स्थान है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से इस प्रमंडल के तहत सात जिले आते हैं, लेकिन धनबाद को सियासी हलके में कोयलांचल कहा जाता है और उत्तरी छोटानागपुर के तहत छह जिले, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, चतरा और रामगढ़ आते हैं। झारखंड की राजनीति में उत्तरी छोटानागपुर का खास स्थान इसलिए है, क्योंकि चुनावी दृष्टिकोण से यह राज्य का सबसे बड़ा प्रमंडल है। इसके छह जिलों में विधानसभा की कुल 19 सीटें हैं। धनबाद में छह विधानसभा सीटें हैं, यानी उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल झारखंड विधानसभा में 25 विधायकों को भेजता है। आसन्न विधानसभा चुनाव की दृष्टि से भी उत्तरी छोटानागपुर के ये छह जिले बेहद महत्वपूर्ण हैं और सभी दलों ने यहां पूरी ताकत झोंक रखी है। इन जिलों को भाजपा और उसकी सहयोगी आजसू पार्टी का मजबूत गढ़ माना जाता है, क्योंकि यहां की राजनीति अलग किस्म की होती है। चुनावी दृष्टिकोण से देखा जाये, तो इन छह जिलों की 19 विधानसभा सीटों में से आठ पर भाजपा और दो पर आजसू का कब्जा है, जबकि झामुमो के कब्जे में तीन, कांग्रेस के कब्जे में चार और राजद और माले के कब्जे में एक-एक सीट है। इस आंकड़े से ऐसा लगता है कि मुकाबला लगभग बराबरी का है, लेकिन ग्राउंड पर स्थिति अलग है। इस बार जयराम महतो की झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) ने इस इलाके में अपना प्रभाव दिखाया है, तो मुकाबला इस बार रोमांचक और करीबी होने की संभावना है। क्या है उत्तरी छोटानागपुर के छह जिलों का सियासी परिदृश्य और क्या हैं संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड का उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल न केवल प्रशासनिक दृष्टिकोण से, बल्कि राजनीतिक दृष्टिकोण से भी बेहद महत्वपूर्ण है। प्रशासनिक रूप से सात जिले इसमें शामिल हैं, लेकिन राजनीतिक रूप से छह जिलों को इस प्रमंडल में गिना जाता है। धनबाद को कोयलांचल कहा जाता है, जबकि उत्तरी छोटानागपुर में हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़, चतरा, कोडरमा और गिरिडीह को माना जाता है। इस प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले लगभग सभी जिले अपने आप में खास हैं। धनबाद को देश की कोयला राजधानी कहा जाता है, तो वहीं सिंदरी में उर्वरक का बड़ा कारखाना है। इसके बाद कोडरमा जिले में पूरे विश्व में सबसे ज्यादा अबरख पाया जाता है, तो बोकारो जिला लौह इस्पात उद्योग के लिए मशहूर है। धार्मिक स्थलों की बात करें, तो गिरिडीह जिले में पारसनाथ की पहाड़ी पर जैन धर्म का बहुत बड़ा मंदिर है, जहां पर पूरे देश से लोग आते हैं। चतरा जिले का इटखोरी तीन धर्मों का संगम है, जहां हिंदू, बौद्ध और जैन धर्म से जुड़े कई स्थान हैं। हजारीबाग और रामगढ़ जिला भी कोयला खनन के लिए प्रसिद्ध है। उत्तरी छोटानागपुर का प्रमंडलीय मुख्यालय हजारीबाग है, जिसे 'हजार बागों का शहर' भी कहा जाता है।

राजनीतिक दृष्टिकोण की बात करें, तो उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में चार लोकसभा सीटें और 25 विधानसभा सीटें हैं। यदि धनबाद को अलग रखा जाये, तो तीन लोकसभा सीटें और 19 विधानसभा सीटों वाले इस प्रमंडल पर सभी दलों का ध्यान है। 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में यहां की सभी चार सीटों पर भाजपा-आजसू की जीत हुई थी। 2019 के विधानसभा चुनाव में इस प्रमंडल की 19 विधानसभा सीटों में से आठ पर भाजपा ने जीत हासिल की थी, जबकि उसकी सहयोगी आजसू पार्टी को एक सीट मिली थी। कांग्रेस ने चार और झामुमो ने तीन सीटें जीती थीं, जबकि राजद, माले और झाविमो को एक-एक सीट मिली थी। पिछले पांच सालों में इस प्रमंडल की तीन सीटों पर उप चुनाव हुए, जिनमें रामगढ़ की सीट कांग्रेस से हट कर आजसू के पास चली गयी, जबकि गांडेय और बेरमो में क्रमशः झामुमो और कांग्रेस की जीत हुई। मांडू की सीट से 2019 में भाजपा के टिकट पर जीते जयप्रकाश भाई पटेल अब कांग्रेस में चले गये हैं। वहीं झाविमो का विलय भाजपा में हो गया है।




### भाजपा-आजसू के गढ़ हैं ये छह जिले

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के छह जिले भाजपा के गढ़ हैं, हालांकि पिछले चुनाव में यहां मुकाबला लगभग बराबरी का हुआ था। भाजपा के लिए ये छह जिले कितने अहम हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता का पद इसी प्रमंडल के तहत आनेवाले जिलों के नेताओं के पास है। भाजपा की सहयोगी आजसू पार्टी का पिछले दो चुनावों से गिरिडीह लोकसभा सीट पर कब्जा है, तो अपने जिस अभेद्य दुर्ग रामगढ़ को वह 2019 में कांग्रेस के हाथों गंवा बैठी थी, उसे भी उसने उप चुनाव में दोबारा हासिल कर लिया।

### जयराम महतो की धमाकेदार इंट्री

उत्तरी छोटानागपुर को झारखंड के सबसे ताकतवर जातीय समुदाय कुरमी का गढ़ माना जाता है। चतरा को छोड़ कर बाकी पांच जिलों में इस जाति का दबदबा है। ऐसे में हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में एक नयी राजनीतिक ताकत ने यहां धमाकेदार इंट्री की, जिसका इस समुदाय पर खासा प्रभाव है। जयराम महतो के नेतृत्व में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने लोकसभा चुनाव में अच्छा-खासा वोट हासिल कर सभी राजनीतिक दलों को चौंका दिया है। इस तरह जयराम महतो क्षेत्रीय राजनीति का एक और नया कोण बन गये हैं। झारखंड की राजनीति में जो जातीय समीकरण है, उसमें वह काफी फिट बैठते हैं। चूंकि वह खुद कुरमी जाति से आते हैं और राज्य की राजनीति में कुरमी को आदिवासियों के बाद सबसे ज्यादा प्रभावी माना जाता है, इसलिए उनका एक खास राजनीतिक दृष्टिकोण है। उनका मानना है कि राज्य में युवाओं की राजनीति में भागीदारी बहुत जरूरी है। युवाओं को सक्रिय रूप से आगे आना होगा, तभी जाकर राज्य की स्थिति बदल सकती है। जयराम महतो के इस नये सियासी उभार ने राज्य की स्थापित पार्टियों की टेंशन को जरूर बढ़ा दिया है। इसलिए विधानसभा के आसन्न चुनाव में उसके प्रदर्शन पर लोगों की निगाहें रहेंगी।

### क्या है 2024 का परिदृश्य

जहां तक आसन्न विधानसभा चुनाव का सवाल है, तो उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के छह जिलों में अपना वर्चस्व कायम रखना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है, जबकि झामुमो-कांग्रेस-राजद के लिए भाजपा-आजसू के साथ जेबीकेएसएस को रोकना बड़ा चैलेंज है। भाजपा और आजसू ने अपने इस गढ़ को बचाने के लिए तैयारियां भी भरपूर की हैं। दूसरी ओर झामुमो-कांग्रेस-राजद भी तैयारियों में कहीं कम नहीं है और लगातार कोशिशों से जगह बनाने में लगे हुए हैं।

जिन विधानसभा क्षेत्रों में मामूली अंतर से उनके प्रत्याशी हारे थे, वहां वे पूरा जोर लगाये हुए हैं। पूरे प्रदेश में यही एक ऐसा इलाका है, जहां वामपंथी दलों को भी ताकत मिलती है। इसलिए बगोदर से माले को रोकना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगी।

इन तमाम परिस्थितियों में यह तय है कि उत्तरी छोटानागपुर की इन 19 विधानसभा सीटों पर आसन्न चुनाव में खूब धमाल मचेगा। दलों और प्रत्याशियों की परीक्षा तो होगी ही, इलाके की समस्याओं को कितना महत्व मिलता है, यह भी परखा जायेगा।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 21 जिलों में आइजी-डीआइजी प्रतिनियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम की शुरुआत 10 सितंबर से होगी। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 18 मुख्य मुद्दे पर आम जनता की समस्या सुनी जायेगी और उनकी मदद की जायेगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 21 जिलों में 21 आइजी और डीआइजी रैंक के अफसरों को प्रतिनियुक्त किया है। प्रतिनियुक्त अधिकारी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से संबंधित दिशा-निर्देश का सही से अनुपालन हो रहा है या नहीं, आम जनता से मिली शिकायत का सही तरीके से निवारण किया जा रहा है या नहीं, पुलिस पदाधिकारी और कर्मी के खिलाफ दुर्व्यवहार से संबंधित प्राप्त शिकायत को लेकर नियमानुसार कार्रवाई हो रही है या नहीं, आम जनता के प्रति पुलिस का व्यवहार सम्मानजनक है या नहीं और जिले के एसपी द्वारा प्राप्त शिकायतों का निष्पादन सही ढंग से किया जा रहा है या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। हालांकि कोल्हान रेंज में किसी अधिकारी को प्रतिनियुक्त नहीं किया गया है।

### 21 जिलों में प्रतिनियुक्त किये गये आइजी और डीआइजी

- रांचीः आइजी मनोज कौशिक।
- खूंटीः आइजी प्रभात कुमार।
- सिमडेगाः आई0जी असीम विक्रांत मिंज।
- गुमलाः आइजी अखिलेश झा।
- हजारीबागः आइजी पंकज कंबोज।
- बोकारोः आइजी माइकल राज एस।
- पलामूः आइजी नरेंद्र सिंह
- लातेहारः आइजी राजकुमार लकड़ा।
- रामगढ़ः आइजी एवी होमकर।
- देवघरः आइजी ए विजयालक्ष्मी।
- साहिबगंजः आइजी क्रांति गड़देशी।
- गिरिडीहः डीआइजी सुनील कुमार भास्कर।
- धनबादः डीआइजी सुरेंद्र झा।
- कोडरमाः डीआइजी मयूर पटेल कन्हैयालाल।
- लोहरदगाः डीआइजी अनूप बिरथरे।
- चतराः डीआइजी कार्तिक एस।
- गढ़वाः डीआइजी वाई एस रमेश।
- दुमकाः डीआइजी इंद्रजीत महथा।
- गोड्डाः डीआइजी शैलेंद्र वर्नवाल।
- पाकुड़ः डीआइजी संजीव कुमार।
- जामताड़ाः आइजी शैलेंद्र सिन्हा।

# बीजेपी के कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए



आजाद सिपाही संवाददाता

**महगामा।** मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने रविवार को खिरौंदी स्थित अपने आवास पर बड़ी संख्या में बीजेपी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को कांग्रेस में शामिल कराया। सभी को पार्टी सिंबल देकर स्वागत किया और मिठाई खिलायी। इस मौके पर मंत्री ने कहा, मैं आप सभी को विश्वास दिलाती हूं कि कांग्रेस और मैं सभी के दुख दर्द में हमेशा साथ खड़ी रहूंगी। कांग्रेस में आपको पूरा सम्मान मिलेगा। इसी के साथ मंत्री ने अपने आवास पर लोगों की समस्याएं भी सुनीं। तेजस्विनी कर्मियों ने मंत्री से मिल कर तेजस्विनी फेज 2 शुरू करने, सरकार की किसी भी योजना से जोड़ कर पुनः रोजगार देने एवं विभाग के अन्य कार्यों में समायोजन करने संबंधी मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मंत्री ने कहा, मैं अपनी बहनों से सिर्फ. इतना कहूंगी कि हमारी सरकार किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने देगी। इस बाबत मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, आज अपने निवास स्थान पर क्षेत्र की जनता से आत्मीय भेंट की। उनके सुझावों को सुना और उनकी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये।

### विश्व हिंदू परिषद् झारखंड प्रांत कार्यकारिणी बैठक संपन्न

# जब तक समाज में छुआछूत, तब तक समाज संगठित नहीं हो सकता: विनायकराव देशपांडे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद् झारखण्ड प्रांत कार्यकारिणी बैठक रविवार को होटल ग्रीन होराइजन, रेलवे स्टेशन के समीप रांची में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सहसंगठन महामंत्री विनायकराव देशपांडे उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जब तक समाज में छुआछूत की भावना है, तब तक समाज संगठित नहीं हो सकता हैं। बैठक में आगामी कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। इसमें दुर्गा अष्टमी का कार्यक्रम तीन से 13 अक्टूबर तक किया जायेगा। सभी विभाग में नारी शक्ति संचलन यात्रा निकाली जायेगी। 17 अक्टूबर को बाल्मिकी जयंती कार्तिक अष्टमी गोपाष्टमी 8 नवंबर, 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस को मनाया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता चंद्रकांत रायपत ने की। बैठक में प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्र ने बताया कि विहिप का जिला बैठक 13, 14 और 15 सितंबर तक, प्रखंड बैठक 16 से 20 सितंबर को किया जाना है। इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष तिलक राज मंगलम, उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, राजेंद्र मुंडा, सुनील गुप्ता, बिहार क्षेत्र मंत्री बिरेंद्र बिमल, क्षेत्र सहमंत्री बीरेंद्र साहू, मंत्री मिथलेश्वर मिश्र, संगठन मंत्री देवी सिंह, सह मंत्री मनोज पोद्दार, बजरंग संयोजक रंगनाथ महतो, मातृ शक्ति दीपा रानी कुंज, दुर्गा वाहिनी अनुराधा कच्छप, समाजिक समरस्ता प्रमुख किशन कुमार झा, सेवा प्रमुख अजय अग्रवाल, अर्चक पुरोहित देवेंद्र गुप्ता, धर्मप्रसार प्रमुख संजय चौरसिया,सत्संग प्रमुख जुगल किशोर, विशेष संपर्क सहप्रमुख प्रिंस अजमानी, सेवा सहप्रमुख अशोक अग्रवाल, सामाजिक समरसता सहप्रमुख दीपक कुमार महतो राजा, अर्चक पुरोहित सहप्रमुख मनोज पांडे, धर्मप्रसार सहप्रमुख सच्चिदानंद देव, मातृ शक्ति बल संस्कार प्रमुख शशि शर्मा, बजरंग दल सहसंयोजक जनार्दन पांडे, रांची विभाग मंत्री रवि शंकर मौजूद रहे।



# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अब 24 सितंबर तक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पूर्व में 30 अगस्त से 15 सितंबर तक आयोजित होना था। अब इसकी अवधि बढ़ा कर 24 सितंबर तक कर दी गयी है। वहीं मुख्यमंत्री भी 9 सितंबर से अलग-अलग जिलों के जिला स्तरीय कैंप में शामिल होंगे। 24 सितंबर को साहिबंगज जिले के भोगनाडीह में आयोजित समापन समारोह में भी हिस्सा लेंगे। इस बाबत कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने सभी उपायुक्तों को पत्र लिख कर जानकारी दी है। उन्होंने लिखा है कि कार्यक्रम की अपार सफलता एवं जिलों में पंचायतों की संख्या अधिक होने के कारण इस कार्यक्रम को विस्तारित करते हुए अब इसे 30 अगस्त से 24 सितंबर तक संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में जिलों में आयोजित शिविरों में मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रीगण द्वारा भाग लिया जायेगा एवं विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों को लाभान्वित किया जायेगा।




### किस जिले में कब है कार्यक्रम

- 9 सितंबर- धनबाद और गिरिडीह (दोनों जिलों के मध्य में)।
- 10 सितंबर- पूर्वी सिंहभूम और प सिंहभूम (दोनों जिलों के मध्य में)।
- 11 सितंबर- गोड्डा और देवघर।
- 13 सितंबर- रामगढ़ और बोकारो (बोकारो में)।
- 18 सितंबर- जामताड़ा और दुमका (जामताड़ा में)।
- 20 सितंबर- गढ़वा और लातेहार।
- 21 सितंबर- कोडरमा और चतरा
- 23 सितंबर- खूंटी और सिमडेगा (दोनों जिलों के मध्य में)।
- 24 सितंबर- साहिबगंज (भोगनाडीह)।

# अन्नपूर्णा देवी को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ओबीसी के आरक्षण को 14 से 50% बढ़ा कर नौवीं अनुसूची में डालने, ओबीसी स्वतंत्र मंत्रालय गठन करने, ओबीसी के प्रमोशन में आरक्षण, क्रीमी लेयर हटाने को लेकर चलाये जा रहे क्रमबद्ध आंदोलन के क्रम में रविवार को भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के एक प्रतिनिधि मंडल ने सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मांगों में जातीय जनगणना करने आरक्षण की 50% सीमा को हटाने, ओबीसी का स्वतंत्र मंत्रालय गठन करने सहित ओबीसी अधिकारी कर्मचारी के पदस्थापन में राज्य जिला प्रखंड स्तर पर सभी विभागों के सभी कार्यालय में 50% सहभागिता की मांग की गयी है। मांग पत्र सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लाल बिहारी यादव, सलाहकार सुनील जायसवाल प्रदेश सचिव रामावतार कश्यप शामिल हुए। मौके पर यादव महासभा के वरिष्ठ युवा नेता रामाशीष यादव और इंद्रजीत यादव उपस्थित थे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.4 °c | 24.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.59 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.33 बजे |



### प्रभात तारा मैदान में बारिश के बावजूद काफी तादाद में जुटे आजसू के कार्यकर्ता

# हेमंत सरकार को हटाना है: चंद्रप्रकाश चौधरी

- आजसू नेताओं ने नवनिर्माण संकल्प सभा में युवाओं में भरा जोश
- सभा से पहले गुवा गोलीकांड के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्केंद्रीय प्रभात तारा मैदान में आजसू की सभा में बारिश के बावजूद काफी तादाद में युवा कार्यकर्ता जुटे। उन्होंने संकल्प लिया। इस सभा में आजसू के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार चौथी बार 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम कर रही है। आज तक एक भी आवेदन का निष्पादन नहीं हुआ। अगर हुआ होता तो इन्हें चौथी बार यह कार्यक्रम करने की जरूरत नहीं पड़ती। आज यहां आये हजारों युवाओं ने इस निकम्मी सरकार को सत्ता से हटाने का संकल्प लिया। उसे हम सभी मिल कर पूरा करने का काम करेंगे। सीपी चौधरी शनिवार को रांची में पार्टी द्वारा आयोजित नवनिर्माण संकल्प सभा में बोल रहे थे।



## पार्टी नेताओं ने युवाओं में भरा जोश

पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि राज्य की दिशा और दशा बदलने की क्षमता युवाओं में है। सरकार अपने वादों से मुकर गयी है। इस निकम्मी सरकार पर विश्वास नहीं किया जा सकता है। पार्टी के उपाध्यक्ष उमा कांत रजक ने कहा कि सुदेश महतो के विचारों को धरती पर उतारने के लिए काम करना है। इस वादाखिलाफी सरकार को उखाड़ फेंकना है। युवा शक्ति के साथ बदलाव लाने की तैयारी है। केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ लंबोदर ने कहा कि वर्तमान सरकार की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। बालू लूट, जमीन लूट इस सरकार की प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री जी स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति भूल गए। ऐसी सरकार को राज्य के युवा सत्ता से बेदखल करेंगे।



## बिरसा चौक से प्रभात तारा मैदान तक की गयी पदयात्रा

कार्यक्रम की शुरुआत में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिभा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वहां से उन्होंने हजारों बेरोजगार युवाओं के साथ प्रभात मैदान स्थित सभास्थल तक पदयात्रा की। चार किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा में अपने हाथों में नारों की तख्तियां लहराते युवा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। पदयात्रा में पार्टी के सांसद, विधायक, पूर्व विधायक कई पदाधिकारी भी शामिल हुए।

## गुवा गोलीकांड के शहीदों को अर्पित की गयी श्रद्धांजलि

झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा से पहले गुवा गोलीकांड के शहीदों और अलग राज्य आंदोलन में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड राज्य आंदोलन के महासमर की आज की तारीख एक महत्वपूर्ण तिथि है। आज ही के दिन आज से 44 वर्ष पूर्व गुवा में सभी नियमों और मापदंडों का उल्लंघन करते हुए अस्पताल से खींचकर आंदोलनरत झारखंडी आंदोलनकारियों को पुलिस ने गोलियों से भून दिया था। झारखंड अलग राज्य की मांग को लेकर गुवा में आंदोलनकारियों की आम सभा थी। जिसके अगुवा बहादुर उरांव, भुवनेश्वर महतो, लखन बोदरा, सुखदेव हेम्ब्रम, वैशाख गोप जैसे झारखंड के कितने वीर सपूत थे। गुवा गोली कांड की बर्बरता और निर्ममता के कारण परतंत्र भारत का जलियांवाला कांड भी पीछे छूट गया।

**कार्यक्रम में थे मौजूद:** इस अवसर पर कुशवाहा शिवपूजन मेहता, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता, बनमाली मंडल, हरीश कुमार, अरविंद कुमार, युवा आजसू के अमित कुमार, गौतम सिंह, अमित महतो, जब्बार अंसारी, ओम वर्मा, ज्योत्सना केरकेट्टा, विशाल महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** अव्यवस्थित दिनचर्या,आमदनी से खर्च अधिक होगा.किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है।

**वृष** बौद्धिक विकास होगा,रचनात्मक प्रयास सफल होंगे,व्यर्थ की चिन्ताओं में ध्यान बढेगा।

**मिथुन** परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा।

**कर्क** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी दूर होगी,सेहत में सुधार होगा।

**सिंह** संकल्पित काम पूरे होंगे,भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, आर्थिक समस्याओं का सहजता से समाधान होगा।

**कन्या** यात्राएं सफल होगी,अनावश्यक खर्चों में कमी आयेगी,क्रोध पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।

**तुला** नवीन योजनायें सफल होगी,आर्थिक लाभ के एकाधिक अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक** रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा,हर क्षेत्र में सफलता, नवीन व्यापारिक योजना सफल।

**धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़।

**मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर बनेंगे।

**कुंभ** कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, यशस्वी कार्य करने का अवसर, नये लोगों से सम्पर्क।

**मीन** बुद्धि-चतुराई से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि।

### मुख्यमंत्री से मिल कर संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने रखी अपनी लंबित मांग

# सभी मांगें हमारे संज्ञान में जल्द होगा समाधान: हेमंत

- छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश की तर्ज पर झारखंड में भी शिक्षकों सहित राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति उम्र 62 वर्ष करने की मांग
- चुनाव आचार संहिता के पूर्व अविलंब बिहार के शिक्षकों की तर्ज पर झारखंड के शिक्षकों को मिले एमएसीपी का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के सदस्यों ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवासीय कार्यालय में मिल कर राज्य के शिक्षको की लंबित एवं जायज मांगों को उनके समक्ष विस्तार से रखा। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की लंबित मांगों पर विचार करते हुए कहा कि शिक्षकों की सभी मांगें उनके संज्ञान में हैं और वह जल्द इसके समाधान के लिए प्रयास कर रहे हैं।

मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद एवं प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने जानकारी देते हुए बताया है कि राज्य के प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के साथ हो रहे आर्थिक अत्याचार को एमएसी पी का लाभ देकर राज्य सरकार इसे दूर कर सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को न तो प्रोन्नति ही मिलती है और ना ही एमएसीपी का लाभ।

झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने राज्य के मुख्यमंत्री से चुनाव आचार संहिता के पूर्व यथाशीघ्र शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देकर शिक्षकों के साथ आर्थिक न्याय करने की मांग की है।



झारखंड राज्य के शिक्षकों सहित सभी राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति उम्र 60 वर्ष बढ़ा कर 62 वर्ष करने की भी मांग मुख्यमंत्री के समक्ष की गयी। 2006 से पूर्व के नियुक्त शिक्षकों को छठे वेतन आयोग की अनुशंसा के बावजूद उत्क्रमित वेतनमान से अभी तक वंचित रखा है, इसे लागू करने की मांग की गयी। इसके साथ ही मोर्चा ने गृह जिला स्थानांतरण के मामले में पूर्व के बने सभी जटिल नियमों को शिथिल करते हुए सामूहिक गृह जिला स्थानांतरण किये जाने की मांग की है एवं शिक्षा विभाग में व्याप्त एनजीओ की दखल से मुक्त करने की भी अपील की गयी है। शिष्टमंडल में मोर्चा के अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह, अरुण कुमार दास, आशुतोष कुमार, मो फखरुद्दीन, मकसूद जफर हादी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## चुनाव को लेकर लोजपा की बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को निवारणपुर, रांची स्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी। इसमें रांची महानगर एवं रांची जिला के लगभग 200 युवाओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान और प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में भरोसा जताते हुए रतन पासवान (राजा पासवान) तथा बिट्टू के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान नमन गुप्ता, आयुष चंद्रवंशी, शुभम पासवान, अभिषेक सिंह, प्रिंस मिश्रा, अभिषेक वर्मा, सुमित वर्मा, हर्ष गुप्ता, सूरज मोदी, शुभम गुप्ता, निशांत सोनी, लक्ष्मण सिंह मुण्डा, आकाश गोप, आयुष यादव, अमित वर्मा, आर्यन वर्मा, रंजय वर्मा, अंकुर पन्ना सहित अन्य ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में झारखंड में अगले कुछ महीनों में होनेवाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा तैयार रहने को कहा गया। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ प्रदेश प्रवक्ता उमेश तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवजी कुमार, आइटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक राय, लाल बहादुर राम, उत्तम राय (मजदुर प्रकोष्ठ), प्रदेश कोषाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी राजेश रंजन वर्मा तथा सैंकड़ों कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## रिम्स में जूनियर रेजिडेंट के साथ लिफ्ट में हुई छेड़छाड़

रांची (आजाद सिपाही)। रिम्स के ऑन्कोलॉजी विभाग की एक जूनियर रेजिडेंट (गैर-शैक्षणिक) के साथ लिफ्ट में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, घटना उस वक्त की है, जब जूनियर रेजिडेंट अपनी ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करने जा रही थी। आरोपी को समय रहते पकड़ लिया गया और उसे इंटिग्रेटेड कंट्रोल रूम से बरियातू थाना भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, इस मामले में सांस्थानिक एफआइआर दर्ज की जा रही है। ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. अजीत द्वारा एक पत्र एएमएस (असिस्टेंट मेडिकल सुपरिंटेंडेंट) को भेजा गया है। घटना के बाद सभी विभागों के जूनियर रेजिडेंट (गैर-शैक्षणिक) ने पेन डाउन स्ट्राइक की घोषणा कर दी है।

# जिलों के सरकारी विद्यालयों के राज्य स्तरीय अनुश्रवण के लिए टीम गठित

### जीरो ड्रॉप आउट को लेकर पूर्व में निर्गत दिशा-निर्देशों की भी होगी समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य के 1,159 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (+2) तथा 1,703 माध्यमिक विद्यालयों के सतत अनुश्रवण के लिए राज्य स्तरीय टीम का गठन कर दिया गया है। टीम को सितंबर-अक्तूबर माह में राज्य के सरकारी विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर विद्यालयों में प्रोजेक्ट रेल, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, एनईपी, प्रयास, बाल अधिकार, विद्यालय अंतर विश्लेषण, ट्रांजिशन समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों की अद्यतन स्थिति का स्थानीय अनुश्रवण करना होगा।

इन विद्यालयों में गुणात्मक सुधार में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए राज्य द्वारा प्रयास किया जायेगा। साथ ही बेहतर विद्यालयों को सम्मानित भी किया जायेगा। अनुश्रवण के दौरान राज्य स्तरीय टीम द्वारा पूर्व में जीरो ड्राप आउट को लेकर दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गयी कार्रवाई की भी समीक्षा की जायेगी।

## सभी जिला शिक्षा प्रशिक्षण केंद्रों और संसाधन केंद्रों का होगा अनुश्रवण



झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि अनुश्रवण के दौरान पदाधिकारियों द्वारा सभी जिलों के जिला शिक्षा प्रशिक्षण केंद्रों एवं प्रखंड संसाधन केंद्रों, संकुल संसाधन केंद्रों, समावेशी शिक्षा संसाधन केंद्रों का भी अनुश्रवण किया जाएगा। इनके अतिरिक्त पीटीएम, बीआरसी, गुरु गोष्ठी, लेसन प्लान, इतियादी से संबंधित विभिन्न एसओपी का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी समीक्षा भी की जायेगी।

**अनुश्रवण के दौरान इन पदाधिकारियों की उपस्थिति होगी अनिवार्य :** राज्य स्तरीय टीम द्वारा विद्यालयों के सतत अनुश्रवण के दौरान संबंधित जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक अनिवार्य रूप से भ्रमण करेंगे। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान संबंधित जिले के अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, फील्ड मैनेजर और सॉफ्टवेयर ट्रेनर भी टीम के साथ स्कूलो का भ्रमण करेंगे। इनके अलावा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी भी अनुश्रवण में उपस्थित रहेंगे। नामित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने की जवाबदेही जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक की होगी।

# मुक्ति संस्था ने 44 शवों का किया अंतिम संस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को मुक्ति संस्था के द्वारा जुमार नदी के तट पर 44 अज्ञात शवों का पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। मुक्ति संस्था के सदस्य रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकाल कर पैक कर जुमार नदी के तट पर लेकर गये। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी।



संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था द्वारा अब तक कुल 1832 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया। मौके पर संस्था के ये सदस्य उपस्थित रहे- प्रवीण लोहिया, रवि अग्रवाल, सुदर्शन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सुदर्शन अग्रवाल, अरुण कूटरियार, गौरी शंकर शर्मा, सुमित अग्रवाल, संदीप कुमार, राहुल चौधरी, राजा गोयनका, संदीप पपनेजा, संजय सिंह, राहुल जयसवाल, विकाश सिंघानिया, विक्रम खेतावत, हेमंत सिंह और हरीश नागपाल।

# जेबीकेएसएस ने अल्पसंख्यक केंद्रीय अध्यक्ष रिजवान को हटाया

### बालू लदे ट्रैक्टर और ट्रकों से अवैध वसूली का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेबीकेएसएस ने अल्पसंख्यक केंद्रीय अध्यक्ष अकील अख्तर उर्फ रिजवान को उनके पद से हटा दिया है। रिजवान पर बालू लदे वाहनों से अवैधी वसूली करने का आरोप लगा है। इस बारे में अध्यक्ष जयराम महतो ने पत्र जारी करते हुए कहा है, विभिन्न अखबारों के माध्यम से अल्पसंख्यक केंद्रीय अध्यक्ष अकील अख्तर उर्फ रिजवान के कृत्य की जो जानकारी मिली है, उसे संज्ञान में लिया जाता है। मामले की पुष्टि के लिए शक्ति महतो, अखलाक अंसारी, शंकर महतो राजीव राय, पप्पू पहाड़ी, हरेंद्र रजक और गौतम महतो की सात सदस्यीय टीम का गठन तत्काल किया गया है। टीम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। रिपोर्ट आने तक अकील अख्तर को केंद्रीय अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा के पद से मुक्त किया जाता है। अगले केंद्रीय अध्यक्ष कौन होंगे, इसकी सूचना अध्यक्ष जयराम महतो की ओर से दी जायेगी।



## क्या है पूरा मामला

धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात बालू लदे ट्रक और ट्रैक्टरों से जेबीकेएसएस के नेता वसूली कर रहे थे। इससे परेशान होकर चालकों और ग्रामीणों ने जेबीकेएसएस के नेता रिजवान अंसारी और अन्य तीन की जम कर पिटाई कर दी। ट्रैक्टर चालकों से मिली जानकारी के अनुसार जेबीकेएसएस अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष रिजवान अंसारी स्कार्पियो से डोमनपुर, मनियाडीह रोड स्थित तिलैया गांव पहुंचे थे।

रिजवान पर बालू लदे ट्रैक्टर और ट्रकों से अवैध वसूली करने का आरोप लगा है।

मिली खबर के मुताबिक जेबीकेएसएस नेता बालू लदे ट्रैक्टर चालकों से 500-500 रुपये मांगने लगे। चालकों से उन्होंने कहा कि हम लोग रांची से आये हैं। जेबीकेएसएस के नेता हैं। इसका विरोध करने पर उन्होंने चालकों को पुलिस को फोन कर गाड़ी जब्त करा देने की धमकी दी। इसकी जानकारी मिलने पर जयराम महतो ने उनको पद से हटा दिया है।

### श्री श्याम मंडल, रांची के 57वें श्री श्याम महोत्सव का चौथा दिन

# मंगल आरती के बाद सुंदरकांड का सस्वर पाठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मण्डल रांची के 57 वें वार्षिक श्री श्याम महोत्सव के चौथे दिन रविवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम प्रभु का प्रातः में मंगल आरती के पश्चात नवीन वस्त्र व अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया। प्रातः 8 बजे से 250 महिला एवम पुरुष द्वारा सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया गया। पूर्वाह्न 11 बजे से स्थानीय भजन मंडलियां श्री हनुमान मंडल, रांची - श्री शिव भक्त मंडल, रांची ने एक से बढ़ कर एक भजनों की गंगा श्री श्याम प्रभु के चरणों में अर्पित की, जिससे मंदिर में आये हुए भक्तगण भाव विभोर होने पर मजबूर हो गये। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को भक्तों द्वारा 501 सवामणी का भोग अर्पित किया गया। आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था मनासा ( नीमच) से पधारी प्रसिद्ध भजन गायका कनिका ग्रोवर ने हमने सुना है द्वार पे तेरे बिगड़े नसीब संवरते हैं... कुछ ना चाहूं तुझे बाबा बस इतना है कहना जीवन की बस एक मंजिल तेरी शरण में रहना... जीने को जी रहे थे बात कुछ नहीं थी तेरे बिना श्याम औकात कुछ नही थी... तुम पग पग पर समझाते हम फिर भी समझ नहीं पाते... इत्यादि भजनों की लय पर श्याम भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया साथ ही संपूर्ण दिवस मंदिर में आये हुए भक्तगण के बीच प्रसाद का वितरण किया जा रहा था।



कार्यक्रम के अंत में श्याम मंडल के मंत्री धीरज बंका ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा श्री श्याम महोत्सव श्री श्याम मंडल के अधिकृत यू-ट्यूब चैनल पे प्रसारण किया गया। रात्रि 10 बजे श्री श्याम प्रभु का महाआरती कर 57 वें श्री श्याम महोत्सव का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नितेश लाखोटिया, लल्लू सारस्वत, महेश सारस्वत, लड्डू सारस्वत, जितेश अग्रवाल, विजय शंकर साबू, अरुण धनुका, अजय रूंगटा, कुणाल जलान, मनोज ढांढनिया का विशेष सहयोग रहा।






## सिनर्जी ग्लोबल हॉस्पिटल बरियातू में मनाया गया वर्ल्ड फिज़ियोथेरेपी दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर सिनर्जी ग्लोबल हॉस्पिटल के फिजियोथेरेपी डिपार्टमेंट में वर्ल्ड फिज़ियोथेरेपी दिवस को बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस बार वर्ल्ड फिज़ियोथेरेपी डे की थीम रोल ऑफ फिज़ियोथेरेपी इन मैनेजमैंट एंड प्रिवेंशन इन लो बैक पैन थी। इस पर मुख्य अतिथि और प्रवक्ता ने अपने-अपने विचार रखे। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ रजनीश कुमार ने बताया कि हेल्थ केयर प्रोफेशन में जितना इंपोर्टेंट रोल हमारा है, उतना ही महात्वपूर्ण रोल फिज़ियोथेरेपी का है। सर्जरी के बाद पेशेंट को वापस दैनिक दिनचर्चा में लाने में फिज़ियोथेरेपी का पचास प्रतिशत का योगदान है। डॉ राहुल ने बताया कि जीतने पेशेंट हमारे पास आते हैं उनमें से अस्सी-नब्बे प्रतिशत मामला का मुख्य कारण कमर दर्द से रिलेटेड ही रहता है, जिसको ठीक करने के लिए हम फिज़ियोथेरेपी की सलाह देते है। फि ज़ियोथेरेपी आतिथि के रूप में मौजूद संध्या आर मेहता (आइपीएस, डीआइजी, सीआइडी) ने भी फिजियोथेरेपी को लेकर अपने जीवन के अनुभव को शेयर किया कि कैसे फिजियोथेरेपी की हेल्प से पुराने कमर दर्द से उन्होंने राहत पायी। विशेष अतिथि लवली चौबे (स्वर्ण विजेता भारत) (लॉन बॉल) और कॉमनवेल्थ गेम्स ने भी बताया कि खेलने के दौरान उन्होंने फिज़ियोथेरेपी की मदद से कैसे अपने सपनों को साकार किया। साथ ही गेस्ट के तौर पर डॉ कुमकुम विद्यार्थी ( सीनियर ज्ञानिकोलोजिस्ट ) और डॉ संगीत सौरभ (गंस्ट्रोलॉजिस्ट ) ने भी फिज़ियोथेरेपी की जागरूकता के लिए अपने अपने विचार प्रकट किए। डीबीपीआर के संस्थापक डॉ रजनीश कुमार बरियार, डॉ प्रियंका बरियार ने सभी अतिथियों को शॉल और मेमेंटो देकर उनका सम्मान किया। अंत में डॉ सुभालक्ष्मी खटुआ ने वोट ऑफ थैंक्स देकर कार्यक्रम का समापन किया और डॉ सुभालक्ष्मी ने उन सारे मरीज का भी सम्मान किया। कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान जिन्होंने दिया वो डॉ. ज्योत्सना, डॉ अफ़ज़ल, डॉ आर्यन, डॉ राहुल, डॉ नेहा, डॉ शिवानी, डॉ शीला, डॉ धीरज, डॉ मेहर, डॉ सबाना, जौनुअल, निशांत, राज सिंह , संजू सिंह, डॉ नसीम , डॉ जावेद , डॉ हेमलता, सबीना, पिंकी सुशांत ने अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

## पत्रकार रवि प्रकाश को अमेरिका में मिला पेशेंट एडवोकेसी एडुकेशनल अवार्ड



कैलिफोरनिया (आजाद सिपाही)। अमेरिका के तटीय शहर सैन डियेगो में 7 सितंबर से शुरू वर्ल्ड लंग कैंसर कांफ्रेंस में वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश को पेशेंट एडवोकेसी एडुकेशनल अवार्ड दिया गया। इस साल यह पुरस्कार पानेवाले वह भारत के इकलौते व्यक्ति हैं। लंग कैंसर पर काम करनेवाली दुनिया की प्रतिष्ठित संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ लंग कैंसर हर साल यह पुरस्कार विश्व के उन चुनिंदा लोगों को देती है, जो अपने-अपने देश में मरीजों की आवाज बन चुके हैं। इस साल भारत से रवि के अलावा यह पुरस्कार दुनिया के नौ और लोगों को दिया गया है। इनमें आस्ट्रेलिया और मैक्सिको के 2-2, अमेरिका, इटली, यूके (इंग्लैंड), नाइजीरिया और थाइलैंड से 1-1 पेशेंट एडवोकेट शामिल हैं। इन दस लोगों में रवि इकलौते व्यक्ति हैं, जो खुद मरीज होकर पेशेंट एडवोकेसी करते हैं। बाकी के विजेता या तो केयरगिवर्स हैं या फिर लंग कैंसर के लिए काम करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधि थे।

## युवा दस्ता की वार्षिक बैठक संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा के मद्देनजर युवा दस्ता की बैठक श्री दुर्गा मंदिर परिषर में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता पीयूष आनंद ने की एवं संचालन साहिल कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन राकेश सिंह ने दिया।बैठक में पुरानी कमिटी को भंग किया गया एवं आय व्यय का ब्यौरा दिया गया। बैठक में श्री दुगार्पूजा मोहत्सव 2024 को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया एवं वर्ष 2023 में युवा दस्ता द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि युवा दस्ता जिला प्रशाशन, दुगार्पूजा आयोजन समिति एवं मां भवानी के भक्तों के बीच समन्वय बना कर कड़ी का काम करेगा। भीड़ भाड़ वाले पूजा पंडालो में युवा दस्ता के सदस्य उपस्थित रहेंगे एवं दर्शन करने आये वृद्धि, महिलाएं एवं बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इस बात का ध्यान रखेंगे। युवा दस्ता के सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र के पूजा पंडाल का निरीक्षण कर वहां की परेशानियों से जिला प्रशासन को अवगत करायेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि इस ब्वर्ष श्री दुगार्पूजा मोहत्सव 2024 को भारी भीड़ होने की संभावना है इसको देखते हुए दस्ता के सदस्य दर्शनार्थियों की सेवा के लिए तैनात रहेंगे एवं महोत्सव को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभायेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में श्री दुगार्पूजा महोत्सव 2024 को सफल बनाने हेतु युवा दस्ता के संगठन का विस्तार किया जायेगा। बैठक में सुनील गुप्ता, गोपाल पारीक, उपेंद्र रजक, ज्योति शंकर साहू, लंकेश सिंह, दीपू गाड़ी, अनिल गुप्ता, मनीष सिन्हा, सोनू पटवा, श्रवण कुमार को सभी क्षेत्रो से युवा दस्ता में सदस्यों को जोड़ने की जिम्मेदारी दी गयी। बैठक में युवा दस्ता के सभी पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शालीमार बाजार एचइसी धुर्वा में रावण दहन समिति का गठन



रांची (आजाद सिपाही)। राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान बिरसा चौक में आयोजित बैठक में विजयादशमी रावण दहन समिति का चुनाव किया गया। चुनाव में रावण दहन समारोह 2024 के लिए नयी कमिटी का गठन किया गया। इसमें मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे, संरक्षक- रंजन यादव, परमेश्वर सिंह, संजय सिंह, उमेश यादव, प्रकाश खंडेलवाल को बनाया गया। कमेटी के अध्यक्ष- संजीत यादव, महासचिव- अभिषेक साहू, कोषाध्यक्ष- रवि शंकर (विक्की), उपाध्यक्ष- काजल भट्टाचार्य, कमलेश प्रसाद, सागर यादव, श्रवण यादव, प्रमोद राय, सचिव- जितेंद्र सिंह,राजेश यादव, कपिल सिंह,अमित राय, संयुक्त सचिव - लालू राज यादव, भीम यादव बनाये गये। कार्यकारिणी सदस्य- मंटू यादव, लक्की यादव, राहुल कुमार, राम बाबू, रंजन तिवारी, शंकर राम सर्वसम्मति से निर्वाचित किये गये हैं। समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे ने जिला प्रशासन से शालीमार बाजार में आयोजित हो रहे रावण दहन समारोह के लिए व्यापक सुरक्षा एवं अग्निशामक की व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा एचइसी परिसर में रावण दहन का कार्यक्रम कई वर्षों से जो शोर से की जाती रही है। समिति के अध्यक्ष संजीत यादव ने कहा कि रावण दहन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से मुलाकात कर आमंत्रित किया जायेगा।

### मेले के अंतिम दिन उमड़ी भीड़, जमकर की खरीदारी

# दिव्यांगजनों ने किया 74 करोड़ रुपये का कारोबार

**वरिष्ठ समाजसेवी सुशीला एक्का द्वारा किया गया दिव्यांगजन को सम्मानित**

**हरमू मैदान बना दिव्यांगजन के हुनर का साक्षी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मेले के अंतिम दिन सीएमडी, एनडीएफडीसी श्री नवीन शाह द्वारा मेले की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी तथा विभिन्न केटेगरीज के तहत पुरस्कार वितरित किये गये। बेस्ट डिस्प्ले का अवार्ड वीर सिंह को, बेस्ट इनोवेशन का अवार्ड, हाइएस्ट सेल का अवार्ड मोहम्मद आरिफ तथा बेस्ट वूमेन एंटरप्रन्योर का अवार्ड जुगनू परवीन को दिया गया।

समापन समारोह में पधारी झारखंड की वरिष्ठ समाजसेवी सुशीला एक्का ने कहा कि हमने दिव्यांगजनों की प्रतिभा और कौशल का अद्भुत प्रदर्शन देखा। उनकी कला, संगीत, और संस्कृति ने हमें मंत्रमुग्ध कर दिया और हमें उनकी क्षमताओं का एहसास कराया है। सीएमडी, एनडीएफडीसी नवीन शाह ने बताया कि दिव्य कला मेले में 20 राज्यों से आये 75 दिव्यांग उद्यमियों ने लगभग 73 लाख रुपये से अधिक का बिजनेस किया है।

समारोह के दौरान कई दिव्यांग उद्यमियों ने भी अपने अनुभव दर्शकों से साझा किये। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार तथा समाजसेवी इंद्रजीत लकड़ा ने भी अपने विचार रखे। मेले के धन्यवाद ज्ञापन के दौरान एनडीएफडीसी के सहायक महाप्रबंधक अरुण कुमार ने बताया कि अगला मेला 19-29 सितंबर, 2024 को विशाखापट्टनम में आयोजित किया जायेगा। इस मेले का आयोजन भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा किया गया।

## समाज और राष्ट्र के विकास में सभी की भागीदारी जरूरी : अन्नपूर्णा देवी

**केंद्रीय राज्य मंत्री का अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव महासभा झारखंड ने अभिनंदन किया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं, वह समाज और आमजन के आशीर्वाद से ही हूं। मैं हमेशा जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत रहूंगी। आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास योजनाओं से हर वर्ग के लोगों को फायदा होगा। समाज एवं राष्ट्र के विकास में सभी की भागीदारी होनी चाहिए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष यादव कर्मठ युवा नेता हैं। इनकी वजह से समाज के लोग एकजुट रहते हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री रविवार को एचइसी के पुराना विधानसभा परिसर में विधायक सभागार में अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव महासभा झारखंड की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में बोल रही थीं।

कार्यक्रम की शुरूआत यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री कृष्ण का वंदन एवं दीप प्रज्वलित कर हुई। सभी जिला अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री से मांग की, कि झारखंड के सभी प्रमंडल से भाजपा 14 से 17 प्रतिशत की आबादी वाले यादव समाज से एक प्रत्याशी बनाये। कार्यक्रम का संचालन प्रधान महासचिव इंद्रजीत यादव ने व धन्यवाद ज्ञापन लाला यादव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष यादव ने कहा कि संगठन में शक्ति है। हम सभी संगठित रहें और समाज के लोगों को जरूरत होने पर हरसंभव सहयोग करें। उन्होंने बताया कि संगठन के स्तर से मानवता की सेवा का क्रम आगे भी जारी रहेगा।

इससे पूर्व संगठन की ओर से केंद्रीय राज्यमंत्री का अंगवस्त्र एवं राज्य के सभी जिला से आये कमेटी के अध्यक्ष की ओर से माला भेंटकर अभिनंदन किया गया। अभिनंदन समारोह में बरकट्ठा विधायक अमित यादव, राजधानी यादव, शिवदयाल गोप, महावीर यादव, बीरबल यादव, दशरथ यादव, कामेश्वर यादव समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## ऑप्टोमेट्री कॉलेज स्थापित होगा : डॉ विजय मिश्र

रांची (आजाद सिपाही)। भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रांची के नेत्र रोग विभाग ने ऑप्टोमेट्री उटए और वर्कशॉप 2024 का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन सेंटर ऑफ ऑप्थल्मिक रिसर्च एंड ट्रेनिंग के तत्वावधान में हुआ और इसमें ऑप्टोमेट्रिस्टों तथा नेत्र सहायक कर्मचारियों को उन्नत शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विजय कुमार मिश्र ने बताया कि झारखंड में एक ऑप्टोमेट्री कॉलेज की स्थापना की योजना है, जो बीएससी और एमएससी पाठ्यक्रम प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य है कि हम स्थानीय पेशेवरों को उच्चतम स्तर की शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करें, ताकि वे नेत्र देखभाल के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में डॉ अनिंद्या अनुराधा (एचओडी) और सलाहकार डॉ. रितिका शर्मा तथा डॉ अर्चना कुमारी ने स्लिट लैंप परीक्षा, गोल्डमैन एप्लेनेशन टोनोमेट्री, रेटिनोस्कोपी और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर हैंड्स-ऑन सत्रों को संबोधित किया। इन सत्रों का संचालन मेडिका हॉस्पिटल के अनुभवी ऑप्टोमेट्रिस्टों द्वारा किया गया। केस प्रेजेंटेशन, क्विज और गहन चर्चाओं का सत्र भी रखा गया था। हॉस्पिटल डायरेक्टर आबिद तौकीर ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट किया।

### हरियाणा संघ की नयी कार्यकारिणी का हुआ गठन

## रमेश चंद शर्मा अध्यक्ष और विनोद जैन मंत्री बने

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** हरियाणा संघ की बैठक अग्रसेन भवन में हुई। उपरोक्त बैठक में 70 से ज्यादा सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नयी कार्य समिति का गठन किया गया। हरियाणा संघ संचालन समिति की अध्यक्षता कर रहे रमेश शर्मा ने आये हुए सदस्यों का स्वागत, अभिनंदन किया ।

उन्होंने जानकारी दी की 31 अगस्त तक 226 हरियाणा संघ के सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की है। सदस्यता अभियान आगे भी चालू रहेगा।

इसमें कमेटी का चयन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए सर्वसमिति से रमेश शर्मा और उपाध्यक्ष- लक्ष्मी चंद दीक्षित, अरुण शर्मा मंत्री- विनोद जैन उप मंत्री-प्रमोद सारस्वत ,राहुल शर्मा कोषाध्यक्ष-अनिल अग्रवाल का नाम सर्व सम्मति से सभा में आया उपरोक्त सभी पदाधिकारी चुने गये।

सभा में 15 कार्यकारिणी सदस्यों के नाम भी तय किये गये। सुभाष पिलानिया, महेंद्र वर्मा, श्याम सुंदर भारद्वाज, आलोक अग्रवाल, कमल शर्मा, श्याम सुंदर गोयल ,गोविंद अग्रवाल ,राज कौशिक ,श्याम बिहारी गोयंनका, धर्मचंद शर्मा, मैनपाल शर्मा, आशीष डालमिया, सुनील गुप्ता, अशोक जैन ,महेंद्र कुमार शर्मा का नाम सर्वसम्मति से कार्यकारिणी समिति के लिए चुना गया।

मंत्री बिनोद जैन ने कहा कि संस्था का संविधान बनाना आवश्यक है। संविधान निर्माण समिति के लिए दीपेश निराला एवं राहुल शर्मा को जिम्मेदारी दी गई।

सभी उपस्थित सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी व कार्य समिति के सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर सभा का संचालन प्रमोद सारस्वत ने किया वह धन्यवाद अरुण शर्मा ने ज्ञापित किया। यह जानकारी हरियाणा संघके उप मंत्री प्रमोद सारस्वत ने दी।

# आलमगीर की गैरमौजूदगी में उनकी पत्नी पाकुड़ विधानसभा की कमान सभालेंगी!

**निशात आलम पार्टी कार्यकताओं के संग पहली बार होगी रूबरू**

कार्तिक कुमार



**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** पाकुड़ विधानसभा में कांग्रेस की मजबूती और पकड़ को बरकरार बनाये रखने के लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता व पूर्व मंत्री रहे आलमगीर आलम की पत्नी निशात आलम अब स्वयं यहां पार्टी की कमान संभालेगी। निशात आलम पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की कमी को कार्यकर्ताओं के बीच उनका मनोबल और उन्हें प्रोत्साहित करने सोमवार को पहली बार कांग्रेस पार्टी कार्यालय में दिखेंगी। माना जा रहा है कि आलमगीर आलम के न्यायिक हिरासत में रहने के कारण कांग्रेस के शीर्ष नेता संभवत परिवार से ही किसी को टिकट देगी। यह सीट कांग्रेस की परंपरागत बनाये रखने की पुरजोर कोशिश भी करेगी। हालांकि आलमगीर आलम के पुत्र तनवीर आलम लगातार पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में जनता और कार्यकताओं के बीच पहुंच कर अपने पिता के विधायक, विधानसभा अध्यक्ष और ग्रामीण विकास मंत्री के कार्यकाल में उनके अथक प्रयास से पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में किये गये कार्य और उपलब्धियां को गिनाने का काम कर रहे हैं।

इस बीच कल तक आलमगीर आलम की पत्नी निशात वर्तमान स्थिति को देखते हुए घर की चौखट और पर्दे से निकल कर पहली बार पार्टी कार्यालय पहुंचकर अपने पति के निष्ठावान और उनके प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ रूबरू हो उन्हें विधानसभा चुनाव में कमर कसकर तैयार रहने के लिए टिप्स देंगी।

हालांकि पाकुड़ विधानसभा सीट महागठबंधन में कांग्रेस के खाते में रही है और ऐसा माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में गठबंधन में पाकुड़ सीट कांग्रेस के खाते में ही आयेगी। इस लिहाजे आलमगीर आलम की अनुपस्थिति में उनकी पत्नी उनकी कमी को पाटने के लिए पाकुड़ विधानसभा के कार्यकर्ताओं के बीच आकर आगामी विधानसभा में चौंकाने वाले परिणाम दिलाने के लिए स्वयं मोर्चा और कमान संभालेगी। इस बाबत कांग्रेस जिला अध्यक्ष बुलाई सरकार ने बताया कि आलमगीर साहब की पत्नी सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ पहली बार कांग्रेस भवन में रूबरू होंगी और आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर उनके साथ चर्चा करेंगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट रांची के 166वें नि:शुल्क अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। श्रीकृष्ण प्रणामी परिवार के सदस्यों के द्वारा रविवार को पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवा धाम आश्रम) के प्रांगण में नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें 1100 से अधिक श्रद्धालुओं ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के सचिव मनोज कुमार चौधरी एव राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल की देखरेख में संस्था के वरिष्ठ सदस्य पूरणमल सर्राफ द्वारा 166 वां नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद में संस्था ने पूड़ी आलू-चना और टमाटर मिश्रित सब्जी, केसरिया खीर, भेजिटेबल पुलाव एवं आलू चिप्स का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में विशेष रूप संस्था के वरिष्ठ सदस्य पूरणमल सर्राफ, ओमप्रकाश सरावगी, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत, विशाल जालान, ज्ञान प्रकाश शर्मा, विष्ण सोनी, पवन पोद्दार चंद्रदिप साहू, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, महेश वर्मा एवं इनके अलावा संस्था के सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

### डीएसपीएमयू में कुड़मालि विभाग में जाउआ उठा



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को करम पूजा होनेवाली है। इसको लेकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुड़मालि विभाग ने जाउआ उठा नेग किया। इसे सात दिन का जाउआ उठा कहा जाता है। बताते चले कि कुड़मि समाज एवं कुड़मालि संस्कृति में करम पूजा भादर महीने के एकादशी (11 वीं) के दिन करम डाली की पूजा की जाती है। इसके पूर्व 9, 7 अथवा 5 दिन पूर्व ही जाउआ को लड़कियों द्वारा उठाया जाता है। जाउठा उठा में पहले परत में बालि दिया गया फिर इन बीजों को बुना गया फिर बालि से ढका गया। जिस डालि में जाउआ उठाया गया, उसे लड़कियों द्वारा सिंदूर एवं काजल का टीका दिया गया और इसको प्रणाम कर उठाया गया। इसके पश्चात कुड़मालि भाशा में जाउआ उठा पुरखा नृत्य-गीत किया गया। इस अवसर में कुड़मालि विभाग में अध्ययनरत यूजी-पीजी एवं पूर्ववर्ती छात्रा-छात्राओं के साथ विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉनिताई चंद्र महतो उपस्थित थे।

### ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों के समर्थन में 30 को एलएपी का एक दिवसीय महाधरना



रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कार्यालय में लोकहित अधिकार पार्टी रांची जिला कोर कमेटी की एक बैठक जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, प्रधान महासचिव मो अजहर आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष सह राँची जिला प्रभारी हरिनाथ साहू उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि झारखंड के लाखों नन बैंकिंग कंपनियों के द्वारा बड़े पैमाने पर ठगे गये हैं। इन सभी को इनका पैसा वापस दिलाने के लिए 30 सितंबर को राज्यपाल के समक्ष एक दिवसीय महाधरना दिया जायेगा। यह भी निर्णय लिया गया कि इसे सफल बनाने के लिए सभी जिलों का दौरा किया जायेगा। प्रखंडों में जनसंपर्क अभियान चलाया जायेगा। रांची महानगर में झंडा बैनर लगाया जायेगा। महाधरना में शामिल होनेवाले ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जायेगी। बैठक में उपस्थित कुंज बिहारी साव, मुकुल नायक , विजय राय, अजय कुमार गौतम, कपिल साव, गणेश साहू, बिंदेश्वर साहू, जुल्फान अंसारी, प्रेम कुमार साहू ने भी अपने अपने सुझाव दिये।

### महानगर औद्योगिक श्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक




रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को महानगर औद्योगिक श्री दुर्गा पूजा समिति की वार्षिक बैठक, सामुदायिक भवन डैम साइड रोड, रांची में संपन्न हुई। सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष स्व वेद प्रकाश सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। बैठक का संचालन संयोजक कार्तिक लाल शर्मा ने किया। उन्होंने बैठक में कमिटी में घोषणा की। इस वर्ष पूर्व की कमिटी को यथावत रखने और अध्यक्ष पद का रिक्त का निर्णय लिया गया। सभी पुरानी समिति इस बार पूजा में सभी प्रकार की गतिविधियों का नेतृत्व करेंगी। सभा में कुछ बिंदुओं पर विशेष तौर पर प्रकाश डाला गया। सभा में उपस्थित और विशेष तौर पर आमंत्रित सदस्य राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि युवा दस्ता की ओर से जो पूजा समिति को पुरस्कार वितरण किया जाता है, इस बार स्व वेद प्रकाश सिंह की ही स्मृति में दिया जायेगा। कहा कि कमिटी की जो भी समस्या है, उसे लिखित स्तर पर समिति को सूचित करें। सभा में सागरजी ने भी अपनी बातों को रखा। सभा में मुख्य तौर पर राजीव रंजन मिश्रा, सगर कुमार, दालदीर सिंह पौरे, असीम, शंभू सिंह, जितेंद्र सिंह, वालुवार, राजीव रंजन अर्थ, रिंकू, विश्वनन्दन कुमार, विनय कुमार सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा, पीके प्रसाद, उमेश कुमार अशोक सिंह प्रेम सिंह बागी, अनिल राजू सिंह, तिराजी, नवनीत सिंह, रविशंदर, शनी सिंह, राजू कुमार अनुप कुमार, समुंद्र मिर्धा, दीपक कुमार, पिंटू सिंह उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा का पांच दिवसीय 217वां सालाना उर्स 19 से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डोरंडा हजरत रिसलदार शाह बाबा का 5 दिवसीय 217वां सालाना उर्स 19 सितंबर से शुरू होकर 23 सितंबर तक चलेगा। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। वहीं बाबा के मजार के सौंदरीयकरण का कार्य अंतिम चरण पर चल रहा है। उर्स में जायरीनों की सुरक्षा को लेकर दरगाह कमेटी ने प्रशासन से पूरे मेले परिसर में सीसीटीवी कैमरा और विशेष सुरक्षा बल की मांग की है। साथ ही कमेटी ने नगर निगम से पूरे मेला परिसर मे डस्ट डलवाने और उर्स के दौरान पूरे मेला परिसर की विशेष सफाई और मेला परिसर में चारों तरफ लाइट की भी मांग की है। बच्चों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के आकर्षक झूले, खाने पीने का स्टाल सहित हर तरह के जरूरत की दुकान मेला मे लग रहा है। यह जानकारी प्रेस वार्ता में दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अयूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर,



उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, उप सचिव जुल्फेकार अली, मो सादिक और कोषाध्यक्ष जैनुल ने संयुक्त रूप से दी।

## उर्स का शेड्यूल

**19 सितंबर (जुमेरात),** 8 बजे (सुबह) परचम कुशाई, 2 बजे स्थानीय कव्वाल कौशर जानी और शहंशाह ब्रदर्स की कवाली, 2 बजे (दोपहर) लंगर खानी, 3:30 (दोपहर) सदर अय्यूब गद्दी के घर से शाही सनदल और चादर निकलेगी। 5 बजे (शाम) झारखंड के गवर्नर की तरफ से पहली चादरपोशी की जायेगी। 6 बजे (शाम) इस्लामिक क्विज। 8 बजे (रात) नात, कीरत, तकरीर का ईनामी मुकाबला होगा।

**20 सितंबर (जुमा)** 2 बजे (दोपहर ) लंगरखानी। 2:30 (दोपहर) स्थानीय कव्वाल कौसर जानी, कलाम नाजा वारसी, बड़े नवाब वारसी, आरिफ नवाज, जबीउल्लाह जानी, आजाद अली वारसी और शहंशाह ब्रदर्स के कव्वाली का मुकाबला होगा। 9 बजे (रात) जलसा।

**21 सितंबर (शनिवार)** 8:30 (रात) खानकाही कव्वाली होगा। इसमें कौशर जानी, कलाम नाजा वारसी, बड़े नवाब वारसी, आरिफ नवाज, जबीउल्ला जानी, आजाद अली वारसी और शहंशाह ब्रदर के बीच मुकाबला होगा।

**22 सितंबर (रविवार)** 2 बजे (दोपहर) महासचिव जावेद अनवर के मकान यूनुस चौक डोरंडा के पास मुंबई से आये हुए मशहूर कव्वाल जुनैद सुलतानी और मुज्तबा अजीज नाजा के बीच कव्वाली का मुकाबला होगा।

**23 सितंबर (सोमवार)** 5 बजे (सुबह) कुल वा फातिहा खानी और मिलाद शरीफ होगी। 2 बजे (दिन) लंगर खानी। 9 बजे (रात) मुंबई से आये हुए मशहूर कव्वाल जुनैद सुलतानी और मुज्तबा अजीज नाजा के बीच मुख्य स्टेज पर कव्वाली का महामुकाबला होगा। रात 9 बजे सीएम हेमंत सोरेन हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के मजार पर चादरपोशी और मंच पर कव्वाली के महामुकाबला का विधिवत उद्घाटन करेंगे।

प्रेस वार्ता के दौरान मजार शरीफ कमेटी के अध्यक्ष अयुब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदीन (राज), उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, उप सचिव जुलफेकार अली 'भुट्टो' मोहम्मद सादिक के अलावा कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद थे।

# मनरेगा संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संघ के अध्यक्ष जॉन बागे ने किया प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के बाद जॉन बागे ने बताया कि पहले समय नहीं दिया जा रहा था। सूचना मिली थी कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम आज चाईबासा में हैं। जिसके वजह से आज वे किसी से नहीं मिल सकेंगे। इन बातों को सुनने के बाद हम वापस जाने लगे। जिसके बाद फिर अचानक ही हमें बुला लिया गया। इस दौरान प्रतिनिधमंडल के सदस्यों ने संघ से जुड़े मांगों के बारे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विस्तार पूर्वक बताया।



जॉन बागे ने कहा कि मुख्यमंत्री से ग्रेड पे, राज्यांश के सबंध, मानदेय भुगतान व विसंगतियों पर चर्चा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री से मनरेगाकर्मियों के लिए राज्यांश की मांग को रखते हुये ग्रेड पे का आग्रह किया गया हैं। उन्होंने कहा कि 52 दिनों से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर मनरेगा कर्मी हैं। इसके समाधान निकालने को लेकर भी मुख्यमंत्री से कहा गया हैं।

जॉन बागे ने कहा कि हमारी बातों को मुख्यमंत्री ने गंभीरता पूर्वक सुना और समझा। इस दौरान संघ से जुड़े मामले पर मुख्यमंत्री ने कल यानी (सोमवार) को विभाग को आदेशित करने की बात कही हैं। वहीं, प्रतिनिधिमंडल में जॉन बागे, संजय प्रमाणिक, बसंत टुडू, मो मोइनुल हक, लतीफ आंसारी, सुमन प्रताप गांगुली, अजीत टुडू शामिल थे।

## भाजपा, रांची महानगर जिला कार्यालय में मिलन समारोह

# रोशन संग सैकडों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा, रांची महानगर जिला के अध्यक्ष वरुण साहू की अध्यक्षा में भाजपा, रांची महानगर जिला कार्यालय में मिलन समारोह के दौरान पिस्का मोड़ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रोशन मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ताओं तथा समाजसेवियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर उपस्थित रांची विधायक सीपी सिंह ने रोशन मिश्रा तथा उनके नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण कर रहे सभी कार्यकर्तागण का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं के जुड़ने से भाजपा परिवार और मजबूत होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा, रांची महानगर जिला के अध्यक्ष श्री वरुण साहू ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत भाजपा का अंगवस्त्र पहना कर किया। महानगर अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि आज झारखंड की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। मिलन समारोह का संचालन बलराम सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र वर्मा ने किया।

मिलन समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची विधायक सीपी सिंह, रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, के साथ संजय जयसवाल, ललित ओझा, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, विनय कुमार सिंह, पायल सोनी, ओम प्रकाश पांडे सहित भाजपा के सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा शालिग्राम ओझा, संतोष कुमार, रविशंकर सिंह, ओम निवास तिवारी, प्रवीण गुप्ता, जितेंद्र कुमार, नामित लाल, रोशन झा, पवन सिन्हा, विक्रांत सिंह, शुभम कुमार, सरोज कुमार, विशाल सहित सैकड़ों की तादाद में विभिन्न क्षेत्रों के समाजसेवी भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया।

# जदयू प्रभारी डॉ अशोक चौधरी ने की चादरपोशी, खुशहाली की मांगी दुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिहार सरकार के जेडीयू से ग्रामीण विकास मंत्री सह झारखंड प्रभारी डॉ अशोक चौधरी रविवार को डोरंडा स्तिथ हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा की दरगाह में चादरपोशी की। मौके पर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अय्यूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद,उपसचिव जुल्फेकार अली भुट्टो, मो सादिक, कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदीन समेत कमिटी के सदस्यों ने अशोक चौधरी को पगड़ी पहना कर स्वागत किया। उसके बाद उन्होंने बाबा की मजार पर चादरपोशी कर झारखंड, बिहार सहित पूरे देश की सुख शांति और प्रगति के लिए दुआ मांगी।



मौके पर डॉ अशोक चौधरी ने कहा की बाबा के दरबार में मैने अपनी बेटी सांभवी चौधरी के लिए मन्नत मांगी थी, जो बाबा की दुआ से पूरी हो गयी। आज मेरी बेटी बिहार के समस्तीपुर से संसद बन गयी है, जिसको लेकर आज मैं बाबा के दरबार में अपनी मन्नत पूरी होने की खुशी में हाजरी देने पहुंचा हूं।

मौके पर उन्होंने कमिटी के द्वारा किये जा रहे बाबा के दरबार के लिए विकास कार्यों की सराहना की और कमेटी को मुबारकबाद दी। साथ ही आगामी 19 सितंबर से 23 सितंबर तक होने वाले बाबा का 217वें सालाना उर्स को लेकर भी शुभकामना दी और कहा कि अगर मैं उर्स के मौके पर रांची में रहा, तो मैं बाबा के उर्स में जरूर शामिल होंगे। मौके पर उनके साथ बिहार के विधायक मनोज यादव, जेडीयू के वरिष्ठ नेता मधुकर सिंह, सागर कुमार, अखिलेश राय सहित दरगाह कमेटी के कई सदस्य मौजूद रहे।

# चतरा राइफल बजन रांधी ने कराया ओपन चैंपियनशिप



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चतरा शूटिंग क्लब पिछले एक दशक से झारखंड के खिलाडियों को निशानेबाजी की ट्रेनिंग दे रहा है। यहां के बच्ची और ट्रेनर का मानना है कि बहुत जल्द यहां के खिलाड़ी भारत के लिए ओलंपिक और दूसरे अंतर्राष्ट्रीय खेलों में खेलेंगे और देश के लिए मेडल लेकर आयेंगे। VNbolo नेशनल स्किन केयर यहां के खिलाड़ियों को स्पॉन्सरशिप भी प्रदान कर रहे हैं।

रांची शहर के गाड़ीखाना चौक के पास दो दिवसीय ओपन शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे झारखंड से कुल 150 निशानेबाज खिलाडियों ने भाग लिया। चतरा राइफल क्लब राची के निर्देशक नीतीश कुमार राणा ने मुख्य अतिथि सिटी एसपी राजकुमार मेहता और विशिष्ट अतिथि विनय कुमार, अजय कुकरेती और कुणाल सिंह के साथ फीता काट कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान, सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने मेडलिस्ट और क्वालीफाई करने वाले खिलाडियों को सम्मानित किया और उन्हें प्रेरित किया, जिससे वे अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने देश, राज्य, और जिले का नाम रौशन कर सकें। क्लब के निर्देशक नीतीश सर ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि विगत एक दशक से चतरा राइफल क्लब झारखंड और अन्य राज्यों के निशानेबाजों को तराशने का कार्य कर रहा है। शूटिंग क्लब के अधिकारी कुणाल सिंह ने निशानेबाज खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर उनका मनोबल बढ़ाया।

# भाजपा प्रवक्ता प्रतुल पहुंचे चंदवा के लोहरसिगना गांव

**डैम में डूब कर मौत के गाल में समाये हरदयाल यादव के परिजनों को ढांढ़स बंधाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव रविवार को चंदवा थाना अंतर्गत सुदूर क्षेत्र में स्थित लोहरसिगना ग्राम पहुंचे। इसी गांव में एक गरीब हरदयाल यादव की बगल के डैम में डूब कर मौत हो गयी थी। ग्रामीणों ने प्रतुल शाहदेव को बताया कि स्थानीय गोताखारों ने बड़ी मशक्कत के बाद लाश को 20 घंटे बाद डैम से निकाला।



प्रतुल ने मृतक के पार्थिव शरीर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने मृतक के परिजनों को ढांढ़स भी बंधाया। प्रतुल ने कहा कि वह सरकारी प्रावधानों के अनुसार लातेहार की उपायुक्त और सरकार के उच्च पदाधिकारी से संपर्क कर परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे। इसके बाद प्रतुल ने एक्स पर पोस्ट कर लातेहार की उपायुक्त से मुआवजा देने और मृतक के परिजनों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आग्रह किया। प्रतुल के साथ गांव जानेवालों में आशीष सिंह, दीपक निषाद, राम विचार सिंह, राजेश यादव, अनिल गुप्ता, राजेश प्रजापति, कोलेश्वर यादव, हरिवंश प्रजापति, बलकू मुंडा, बैजू मुंडा, प्रमोद साव, राहुल शाहदेव और अन्य शामिल थे।

# जनसेवा मंच की मांग, केतारी बगान और पावर हाउस पर जल्द हो ब्रिज का निर्माण

**रांची। केतारी बगान मोहल्ले में रेलवे क्रोसिंग के पास जाम की स्थिति और रेलवे ब्रिज बनाने की मांग को लेकर जन सेवा मंच ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। जिसमें 1000 मोहल्ला वासियों ने रेलवे ब्रिज निर्माण के समर्थन में अपना हस्ताक्षर किया। केतारी बगान रोड नंबर 8 में मोहल्लेवासियों की एक बैठक हुई। जनसेवक मुनचुन राय ने कहा कि विगत कई सालों से मामला अधर में लटका हुआ है। इस क्षेत्र के 50 हजार की आबादी प्रत्येक दिन रेल गाड़ी के परिचालन के कारण फाटक पर घंटों जाम से परेशान रहती है। यहां जल्द से जल्द ब्रिज निर्माण कराने की जरूरत है। जब तक ब्रिज का निर्माण नहीं हो जाता तब तक जन सेवा मंच का यह आंदोलन चलता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन गौतम देब ने किया। इस जन चौपाल में राकेश सिन्हा, अरविंद पटेल, विजय सिन्हा, निपेन बनर्जी, कामेश्वर सिंह, अखिलेश कुमार, शीला झा, सुमित मिश्रा, आकाश कुमार, सुनीता देवी, अजीत सिंह, रामानंद गुप्ता, शंकर गुप्ता शामिल थे।**

# हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया गणेशोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रातू रोड स्थित श्री सिद्ध दक्षिण मुखी बजरंगबली मंदिर सह सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में रविवार को श्री गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर गणेशोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी इंद्रदेव पांडेय द्वारा प्रात : 7.30 बजे दैनिक पूजन और श्री गणेश आव्हान किया गया। संध्या 5 बजे संध्या आरती के उपरांत 251 किलो दूध से बने खीर महाभोग और 201 किलो लड्डू महाप्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। समारोह को लेकर क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह देखा गया। सभी ने अपनी समर्थता अनुसार



अपनी भागीदारी निभायी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार सह सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, रांची विधायक सीपी सिंह और विशिष्ट अतिथि में महावीर मंडल के मंत्री दीपक ओझा, पूर्व पार्षद सुनीता देवी, सुरेंद्र साहू, रमेश गुप्ता, बिरेंद्र प्रसाद ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की व्यवस्था बनाये रखने एवं सफल संचालन में मुख्य रूप से बंटी सिंह यादव, अशोक यादव, कमलेश यादव, अजय वर्मा, हर्ष यादव, टीके मुखर्जी आदि ने अहम भूमिका निभायी और सैकड़ों भक्तगण शामिल हुए।

## झारखंड चैप्टर के इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्टस का कमर दर्द पर सेमिनार

# लो बैंक मरीजों में फिजियोथैरेपी बहुत ही कारगर : चिकित्सक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड चैप्टर के इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियो थैरेपिस्टस के सदस्यों द्वारा बरियातू के झारखंड राज्य फिजियोथैरेपी परिषद् कैंपस में कमर दर्द के ऊपर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य के एनएचएम एमडी अबु इमरान आइएएस उपस्थित रहे। इनके अलावा रेडियोलॉजिस्ट डॉ जियाउर रहमान, न्यूरोसर्जन डॉ अरुण कुमार, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ एकांश देबुका, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ नेहा ने लो बैंक पेन पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर झारखंड संघ के झारखंड चैप्टर के डॉ अजीत कुमार प्रेसिडेंट आइएपी ने कहा कि फिजियोथैरेपी लो बैंक मरीजों में बहुत ही कारगर है। डॉ राजीव रंजन सेक्रेटरी आइएपी ने







कहा कि नियमित फिजियोथैरेपी व्यायाम बैंक पेन के मरीजों में बहुत ही लाभदायक है। आइएपी कार्यकारी सदस्य डॉ अभय कुमार पांडेय ने कहा कि कमर दर्द के मरीजों को अपने पोस्चर, बैठने और काम करने के तौर तरीकों का विशेष ख्याल रखना चाहिए। इसके अलावा राज्य के सभी क्वालिफाइड फिजियोथैरेपी चिकित्सकों ने कमर दर्द के मरीजों को केवल क्वालिफाइड या फिजियोथैरेपी परिषद से रजिस्टर्ड फिजियोथेरेपी चिकित्सकों से ही इलाज कराने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ उमा सेन गुप्ता सेंट्रल आइएपी सीइसी, डॉ दिनेश ठाकुर आइएपी वाइस प्रेसिडेंट, आइएपी एक्जीक्यूटिव मेंबर डॉ अभय कुमार पांडेय और डॉ सत्यम प्रकाश उपस्थित रहे। इसके अलावा डॉ गौतम लाल, डॉ कुमार पल्लव, डॉ श्याम देव, डॉ धर्मेंद्र, डॉ मानस डे, डॉ सुरेंद्र गुप्ता, आदि राज्य के अनेक जाने माने फिजियोथेरेपी के चिकित्सक मौजूद रहे।

बता दें कि आठ सितंबर को विश्व भर में वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे मनाया जाता है। पूरे विश्व में फिजियोथेरेपी चिकित्सा के नियामक, शिक्षा और शोध का प्रारूप डब्लूसीपीटी नामक संस्था तय करती है। इस बार का थीम लो बैंक पेन है। इस बीमारी के इलाज में फिजियोथेरेपी चिकित्सा की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस बीमारी में आपके फिजिथेरापिस्ट चिकित्सक द्वारा बताये गये व्यायाम बहुत ही कारगर हैं। इसके अंतर्गत लेजर थेरेपी, शॉर्ट वेव डायथर्मी, अल्ट्रासोनिक, टॅस थेरेपी, आईएफटी थेरेपी, स्पाइनल ट्रेक्शन, स्पाइनल डिकंप्रेशन थेरेपी, मैनुअल थेरेपी आदि विभिन्न प्रकार के तरीकों के द्वारा मरीजों का समुचित इलाज किया जाता है। इसके द्वारा सर्जरी की भी आवश्यकता को विलंब कराया जा सकता है। इसके आलावा कमर के मांशपेशियों की मजबूती और उसके लचीलेपन की क्षमता में सुधार किया जा सकता है। नियमित फिजियोथेरेपी व्यायाम मरीजों के रीढ़ की हड्डी के मांशपेशियो को मजबूत और दर्द को कम कर सकता है। इसमें सबसे महत्त्वपूर्ण मरीज को कुछ बातों का विशेष ख्याल रखना होता है।

## एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल की पहल

# 15 कैंसर सर्वाइवर्स रिमार्केबल रेजिलिएंस के लिए सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल, रांची ने 15 बुजुर्ग कैंसर सर्वाइवर्स की हिम्मत और साहस को सम्मानित करने के लिए एक इवेंट आयोजित किया। हॉस्पिटल परिसर में हुए इस इवेंट में चीफ गेस्ट अनिल पाल्टा, आईपीएस (एडीजी), झारखंड के साथ गेस्ट ऑफ ऑनर मिस्टर सईद अहमद अंसारी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल, रांची और अरुण मिश्रा, जो कैंसर सर्वाइवर्स में से एक हैं, मौजूद थे। इस सेलिब्रेशन ने सर्वाइवर्स की मजबूत स्पिरिट और हर उम्र के लोगों को कॉम्प्रिहेंसिव केयर देने के हॉस्पिटल के कमिटमेंट पर प्रकाश डाला।



सौरभ कांति मंडल, सीओओ एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल, रांची ने कहा, कैंसर केयर के लीडिंग प्रोवाइडर के रूप में, हम बुजुर्ग पेशेंट्स की यूनिक जरूरतों को एड्रेस करने के लिए समर्पित हैं। सईद अहमद अंसारी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर सेंटर, रांची ने इवेंट पर विचार करते हुए कहा, आज का जश्न एक पावरफुल रिमाइंडर है कि डिटरमिनेशन और एडवांस्ड मेडिकल केयर के साथ, कैंसर को हराने में कोई बाधा नहीं है। इन सर्वाइवर्स की रेजिलिएंस को देखना और उनकी रिमार्केबल जीत का जश्न मनाना एक सम्मान की बात है। डॉ. सतीश शर्मा, मेडिकल आंकोलॉजिस्ट एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर सेंटर ने हॉस्पिटल के समर्पण पर जोर देते हुए कहा, ये इवेंट हर उम्र के पेशेंट्स को टेलर्ड, कटिंग-एज केयर देने के हमारे कमिटमेंट को हाइलाइट करता है। हमारी एप्रोच उनकी ट्रीटमेंट जर्नी के दौरान पर्सनलाइज्ड सपोर्ट और होप प्रोवाइड करने में कंसिस्टेंट रहती है।

# महिला स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो

आज के जटिल सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक परिवेश में, लोग न्याय की अपेक्षा करते हैं और न्याय होते हुए भी दिखते हैं। यह निःसंदेह एक आदर्श प्रस्ताव है। हालांकि, एक व्यक्ति का न्याय दूसरे व्यक्ति के लिए दुःस्वप्न बन सकता है, क्योंकि इसमें कई तरह के नियम और कानून उलझे हुए हैं। ऐसा मुख्य रूप से इसलिए है क्योंकि यह कोई सीधा-सादा घोटाला नहीं है। इसमें कई चक्र हैं और कई बार यह जानना मुश्किल हो जाता है कि घोटाले का कौन-सा चक्र किसके इशारे पर और किसके फायदे के लिए घूम रहा है। हालांकि अलग-अलग उद्देश्यों और विभिन्न कारणों और डिजाइनों के लिए चक्र घूमता रहता है। इसमें कई खिलाड़ी हैं, जिनमें से प्रत्येक अपने-अपने एजेंडे या हित को आगे बढ़ा रहा है, या तो जांच प्रक्रिया में मदद करने के लिए या वास्तविक मुद्दों को भ्रमित करने के लिए। भले ही हम मामले को खुले दिमाग से, बिना किसी दुर्भावना या पूर्वाग्रह के देखने की पूरी कोशिश करते हैं, लेकिन जांच पैटर्न में कई ऐसे पहलू हैं, जो इस बात पर भरोसा नहीं दिलाते कि मुद्दों को कैसे संभाला गया है। फिर भी, हमें निष्पक्षता के सिद्धांतों को पहचानने का एक तरीका खोजना होगा। इस संदर्भ में, प्रशासनिक और न्यायिक दोनों प्रणालियों को ऐसा होना चाहिए। कहीं न कहीं सही और गलत के बीच फर्क करने के लिए एक लक्ष्मण रेखा खींचनी होगी। सच को छिपाना मूर्खता है। महिलाओं को यौन दुराचार की शिकायत उच्चतम अधिकारियों से करने के लिए आगे आना होगा। केंद्र सरकार ने राज्यों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए पर्याप्त और प्रभावी उपाय करने को भी कहा है। यह केंद्र और राज्य सरकारों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बलात्कार के मुद्दे को संबोधित करने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता दिखायी है और नये बलात्कार विरोधी उपायों को तेजी से लागू किया है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा ने हाल ही में 3 प्रमुख प्रावधानों के साथ एक सख्त बलात्कार विरोधी कानून पारित किया है। सबसे पहले, कानून में मृत्युदंड सहिता दंड की गंभीरता को बढ़ाया गया है, अगर हमले के कारण पीड़िता की मृत्यु हो जाती है या वह बेहोशी की हालत में चली जाती है। दूसरा, कानून में यह अनिवार्य किया गया है कि प्रारंभिक रिपोर्ट के 21 दिनों के भीतर जांच पूरी हो जाये। तीसरा, यह बलात्कार के मामलों में अदालती कार्रवाई की रिपोर्टिंग को प्रतिबंधित करता है, मुख्य रूप से ऐसी स्थितियों को रोकने के लिए जो सरकार को शर्मिंदगी का कारण बन सकती है।

**केंद्र सरकार ने राज्यों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए पर्याप्त और प्रभावी उपाय करने को भी कहा है। यह केंद्र और राज्य सरकारों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पाकिस्तान में भारत के पूर्व उच्चायुक्त अजय बिसारिया के अनुसार पंजाबी कार्यकर्ताओं को निशाना बनाना एक नया जातीय आयाम प्रस्तुत करता है, जो यह संकेत देता है कि बलूच कट्टरपंथी मुख्य रूप से पंजाबी सेना को उकसाने और चुनौती देने की फिराक में हैं। हाल ही में हुए उग्रवाद में बीएलए द्वारा मारे गये लोगों में से लगभग आधे पंजाबी मजदूर थे। बलूच लोग पंजाबियों की आमद से नाराज हैं, जिन्हें बलूच लोगों की कीमत पर बलूचिस्तान में पैदा होने वाले आर्थिक अवसरों से लाभ उठाते हुए देखा जाता है।**

# क्यों उबल रहा है बलूचिस्तान प्रांत

सचिन पराशर

पिछले कुछ सालों में आतंकवादी हमलों में वृद्धि से जूझ रहे बलूचिस्तान प्रांत में इस सप्ताह हमलों की एक लहर ने खलबली मचा दी, जिसमें 70 से अधिक लोग मारे गये। अलगाववादी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) द्वारा समन्वित हमले जो शायद अतीत में किसी भी हमले से अधिक व्यापक थे, ने एक बार फिर बलूच विद्रोह को सामने ला दिया है जो दशकों से पाकिस्तान के कमजोर हिस्से के रूप में गरीब बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों की उपेक्षा और शोषण से प्रेरित है।

ये हमले बलूच नेता नवाब अकबर खान बुगती की पुण्यतिथि के दिन हुए, जिनकी 18 साल पहले तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के आतंकवाद विरोधी अभियान में हत्या कर दी गयी थी। बुगती की हत्या ने जनजातीय आबादी की आकांक्षाओं को संबोधित करने के किसी भी वास्तविक प्रयास के अभाव में तीव्र कार्रवाई की सीमाओं को उजागर किया, क्योंकि इससे अधिक सशस्त्र अलगाववादी समूहों का उदय हुआ जो अब न केवल पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और चीनी हितों को बल्कि पंजाबी और सिंधी प्रवासी श्रमिकों को भी निशाना बना रहे हैं।

पाकिस्तान में भारत के पूर्व उच्चायुक्त अजय बिसारिया के अनुसार पंजाबी कार्यकर्ताओं को निशाना बनाना एक नया जातीय आयाम प्रस्तुत करता है जो यह संकेत देता है कि बलूच कट्टरपंथी मुख्य रूप से पंजाबी सेना को उकसाने और चुनौती देने की फिराक में हैं।

हाल ही में हुए उग्रवाद में बीएलए द्वारा मारे गये लोगों में से लगभग आधे पंजाबी मजदूर थे। बलूच लोग पंजाबियों की आमद से नाराज हैं, जिन्हें बलूच लोगों की कीमत पर बलूचिस्तान में पैदा होने वाले आर्थिक अवसरों से लाभ उठाते हुए देखा जाता है। इसने पाकिस्तान के खिलाफ विद्रोह और इसे बनाए रखने वाली पंजाबी विरोधी भावना को बढ़ावा दिया है। प्रांत के प्राकृतिक संसाधनों पर अपना दावा जताने और खुद को संघीय सरकार की भेदभावपूर्ण नीतियों का शिकार मानने वाले पंजाबी कर्मचारी केवल राज्य दमन का प्रतीक हैं, जैसा कि मूलतः पंजाबी प्रतिष्ठान द्वारा किया जाता है। न्यायेत्तर हत्याएं, जबरन दिखावे, मानवाधिकार उल्लंघन और नागरिक अधिकार समूहों से जुड़ने में प्रतिष्ठान की अनिच्छा और अविश्वास को और बढ़ा दिया है। बिसारिया के अनुसार, ताजा प्रकरण सुरक्षा संकट और संभवतः अफगान पश्तून और बलूच विद्रोहियों के एकजुट होने का भी प्रतिनिधित्व करता है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और बीएलए आपस में समन्वय कर रहे हैं, मिलीभगत नहीं कर रहे हैं। इस्लामाबाद ने बार-बार भारत पर अलगाववादियों को वित्तीय सहायता देने और ईरान पर उन्हें सुरक्षित ठिकाने देने का आरोप लगाया है। भारत ने आधिकारिक तौर पर कहा है कि ये आरोप किसी गंभीर विचार-विमर्श के लायक नहीं हैं और पाकिस्तान को आतंकवाद को अपने समर्थन पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

पाकिस्तान खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में टीटीपी के हमलों के अधीन है और सेना पिछले कुछ सालों से ब्लूचिस्तान में बलूच अलगाववादियों और टीटीपी के बीच बढ़ते गठजोड़ को लेकर चिंतित है, जहां पश्तूनों की अच्छी-खासी आबादी भी रहती है। टीटीपी ने बलूच उग्रवादियों के हमलों का समर्थन किया है।

**चीन का पहलू :** इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि चीन को हमलों की निंदा करने में कोई संकोच नहीं है। चीन क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए पाकिस्तान के साथ आतंकवाद विरोधी और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। संसाधन संपन्न बलूचिस्तान, जो इसका सबसे बड़ा और सबसे पिछड़ा प्रांत है, को आर्थिक और ऊर्जा केंद्र में बदलने की पाकिस्तान की उम्मीदें 60 अरब डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपी इसी) पर टिकी हैं। हालांकि सीपीइसी परियोजनाएं मैदानी इलाकों में हिंसक विद्रोह से प्रभावित हुई हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालिया हमलों पर अपनी टिप्पणी में अलगाववादियों पर सीपीइसी को विफ ल करने का आरोप लगाया। बीएलए द्वारा प्रांत भर में कई हमलों के रूप में अधिक परिचालन क्षमता को प्रदर्शित करने के साथ सीपीइसी, जिसमें मुख्य ग्वादर बंदरगाह भी शामिल है, हिंसा के खतरे के प्रति संवेदनशील बना रहेगा।

**पाकिस्तान क्या कर सकता है :** बलूचिस्तान, जिसका क्षेत्रफल पाकिस्तान के कुल क्षेत्रफल का 40 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन जनसंख्या का केवल 6 प्रतिशत है, का लंबे समय से अफगानिस्तान से नाता रहा है। यहां राजनीतिक अशांति का इतिहास है क्योंकि एक अलग बलूच राज्य की मांग करने वाला विद्रोह स्वतंत्रता के समय से ही चल रहा है। आर्थिक उत्पीड़न, पंजाब विरोधी भावना, जबरन गायब किये जाने, गैर-न्यायिक हत्याएं और बलूच राष्ट्रवाद के विचार की स्पष्ट अस्वीकृति ने विद्रोह को बढ़ावा दिया है जो अब पारंपरिक रूप से अधिक हाई-प्रोफाइल मुद्दों जैसे कि अफ गानिस्तान में पाकिस्तान की भूमिका के साथ अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियों में है। अपनी विशिष्ट पहचान के साथ बलूच लोगों को पारंपरिक रूप से धर्मनिरपेक्ष माना जाता है और यह सुनिश्चित करना पाकिस्तान के हित में है कि वे टीटीपी जैसे समूहों के साथ काम न करें जो चरमपंथी धार्मिक विचारधारा से प्रेरित हैं। पाकिस्तान को ब्लूच याक जेहती समिति जैसे नागरिक अधिकार समूहों से जुड़ने का भी तरीका खोजना होगा जो जबरन गायब किए जाने और न्यायेत्तर हत्याओं जैसे मुद्दों को शांतिपूर्वक उठाना चाहते हैं।

**भारत के लिए निहितार्थ :** पाकिस्तान भारत पर बीएलए को फंड देने का आरोप लगाता रहेगा। अतीत में, उसने अलगाववादियों पर कार्रवाई को एनएमआइ के साथ उनके कथित संबंधों की बात करके उचित ठहराया है। भारत निश्चित रूप से इस बात पर करीबी नजर रखेगा कि पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान में तनाव बढ़ने पर क्या प्रतिक्रिया देती है क्योंकि वह जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों को बाधित करने के किसी भी प्रयास के खिलाफ सतर्क है।




**पाकिस्तान खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में टीटीपी के हमलों के अधीन है और सेना पिछले कुछ सालों से ब्लूचिस्तान में बलूच अलगाववादियों और टीटीपी के बीच बढ़ते गठजोड़ को लेकर चिंतित है, जहां पश्तूनों की अच्छी-खासी आबादी भी रहती है। टीटीपी ने बलूच उग्रवादियों के हमलों का समर्थन किया है।**

**हाल ही में हुए उग्रवाद में बीएलए द्वारा मारे गये लोगों में से लगभग आधे पंजाबी मजदूर थे।**

## देश-विदेश की खबरें

# अबू धाबी के क्राउन प्रिंस भारत पहुंचे मुंबई के बिजनेस फोरम में होंगे शामिल

**नयी दिल्ली पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उनकी अगवानी की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन जायद अल नाहयान दो दिवसीय भारत दौरे पर दिल्ली पहुंच गये हैं। क्राउन प्रिंस के रूप में अल नाहयान का यह पहला आधिकारिक भारत दौरा है। नयी दिल्ली पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उनकी अगवानी की और उनका औपचारिक स्वागत किया गया।

इस यात्रा के दौरान अल नाहयान के साथ वहां के कई मंत्री और एक व्यापार मंडल भी आया है। इससे पहले, शनिवार को विदेश मंत्रालय (एमइए) ने उनके भारत दौरे के पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी थी। एमईए के मुताबिक, क्राउन प्रिंस नौ सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे और राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे।

इसके बाद 10 सितंबर को अल नाहयान मुंबई का दौरा करेंगे और एक बिजनेस फोरम में शामिल होंगे। जिसमें दोनों देशों के व्यापारिक नेता भाग लेंगे। मंत्रालय ने बताया कि भारत और अबू धाबी के बीच ऐतिहासिक रूप से करीब और मित्रवत संबंध रहे हैं। हाल के वर्षों में कई क्षेत्रों में भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी गहरी हुई है। जिनमें व्यापार, निवेश, राजनीतिक, संपर्क, उर्जा, तकनीक, शिक्षा और संस्कृति शामिल हैं। एमइए ने कहा कि क्राउन प्रिंस का दौरा भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगा और नये एवं उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के अवसर खोलेगा।

**पीएम मोदी ने भी किया था अबू धाबी का दौरा :** इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने इस साल फरवरी में अबू धाबी का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने अबू धाबी के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की थी। उन्होंने आठ समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। इस दौरान भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) के लिए एक अंतर-सरकारी ढांचा बनाने पर सहमति जताई थी। उन्होंने अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का भी उद्‌टान किया था और अहलान मोदी कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को संबोधित किया था, तभी उन्होंने क्राउन प्रिंस को भारत का दौरा करने का निमंत्रण भी दिया था।

# पाकिस्तान पीओके के लोगों को विदेशी मानता है, भारत के लिए वे अपने हैं : राजनाथ सिंह

**कहा : अफजल गुरु को फांसी नहीं तो क्या माला पहनानी चाहिए थी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) के निवासियों को भारत में शामिल होना चाहिए, हम उन्हें अपना मानते हैं। राजनाथ ने ये बात जम्मू-कश्मीर के रामबन में कही। यहां वे बीजेपी उम्मीदवार राकेश सिंह ठाकुर के लिए वोट मांगने पहुंचे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि पीओके के लोग भारत में शामिल हो जायें, आप हमारे अपने हैं, जबकि पाकिस्तान आपको विदेशी मानता है। जब तक भाजपा है, तब तक जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी नहीं हो सकती। अगस्त 2019 में जब आर्टिकल 370 हटा, तब से जम्मू-कश्मीर में सिक्योरिटी को लेकर बड़े बदलाव हुए। यहां का युवा अब पिस्तौल-रिवॉल्वर के बजाय लैपटॉप और कंप्यूटर रखता है। बीते 5 साल में हमने 40 हजार जॉब जनरेट किये। उन्होंने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस की आतंकियों से सहानुभूति है। मैंने सुना कि उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अफजल गुरु को फांसी नहीं दी जानी चाहिए थी। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या अफजल गुरु को माला पहनायी जानी चाहिए थी?

## ग्लोबल इन्वेस्टमेंट बैंकिंग फर्म जेफरीज की रिपोर्ट में खुलासा

# इंडियन डिफेंस मार्केट में सालाना 14% ग्रोथ की संभावना

**2030 तक रक्षा खर्च दोगुना होगा**

**डिफेंस कंपनियों के शेयर की कीमतें बढ़ेंगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ग्लोबल इन्वेस्टमेंट बैंकिंग फर्म जेफरीज ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि इंडियन डिफेंस मार्केट में सालाना 14% ग्रोथ की संभावना है। वित्तीय वर्ष 2024 से 2030 के बीच देश का रक्षा खर्च दोगुना होगा। इससे रक्षा कंपनियों के शेयर की कीमतों में तेजी जारी रहेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को अगले पांच-छह सालों के दौरान डिफेंस मार्केट में करीब 10 हजार करोड़ का अवसर मिलने की उम्मीद है। ग्लोबल भू-राजनीतिक तनाव और भारत के आत्मनिर्भरता पर बढ़ता फोकस घरेलू रक्षा कंपनियों के लिए ऑर्डर फ्लो और राजस्व वृद्धि को बढ़ावा दे रहे हैं।

**निर्यात अवसर 18% से बढ़ने की उम्मीद :** रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कंपनियों के लिए निर्यात के अवसर वित्तीय वर्ष 24-30 में 18 प्रतिशत सीएजीआर (चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर) से बढ़ने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2017-24 में भारत का रक्षा निर्यात 14 गुना बढ़कर 2.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। जेफरीज के मुताबिक, 2030 तक भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 7 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने की उम्मीद है। सरकार ने 2029 तक रक्षा निर्यात 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

**भारत सभी देशों से अच्छा संबंध बना रहा:** जेफरीज ने अपने पूर्वानुमान में कहा कि भारत सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सभी देशों से अच्छे संबंध बनाने पर ध्यान दे रहा है। उम्मीद है कि बड़े उपकरणों (पूंजीगत रक्षा) पर भारत का रक्षा खर्च पिछले 10 सालों की तरह ही हर साल लगभग 7-8 प्रतिशत बढ़ता रहेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि भले ही भारत वैश्विक स्तर पर रक्षा खर्च के मामले में शीर्ष तीन देशों में से एक है, लेकिन 2022 में इसका खर्च अमेरिका के खर्च का केवल 10 प्रतिशत और चीन के खर्च का 27 प्रतिशत था।

### भारत रक्षा उपकरणों का दूसरा सबसे बड़ा आयातक

**भारत रक्षा उपकरणों का दूसरा सबसे बड़ा आयातक है। यह वैश्विक हथियार आयात का 9 प्रतिशत आयात करता है। भारतीय निर्यातकों के लिए, इटली, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, इथियोपिया और सऊदी अरब सबसे आकर्षक डिफेंस डेस्टिनेशन हैं। मीडिल ईस्ट वैश्विक हथियार आयात का 33 प्रतिशत यानी 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान देता है। रिपोर्ट के अनुसार कतर और सऊदी अरब मीडिल ईस्ट आयात का 52 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं।**

# टीएमसी सांसद जवाहर सरकार ने दिया इस्तीफा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की टीएमसी पार्टी को बड़ा झटका लगा है. पार्टी के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने इस्तीफा दे दिया है। जवाहर सरकार का यह इस्तीफा कोलकाता रेप-मर्डर केस के विरोध में सामने आया है। उन्होंने सीएम ममता बनर्जी को चिट्ठी लिख कर इस्तीफा देने का ऐलान किया। जवाहर सरकार ने कहा, मैं जल्द राज्यसभा के चेयरमैन को अपना इस्तीफा सौंपने दिल्ली जाऊंगा और राजनीति से भी खुद को पूरी तरह अलग कर लूंगा। साथ ही चिट्ठी में जवाहर सरकार ने कहा, कोलकाता रेप मर्डर केस के दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

**ममता सरकार ने कदम उठाने में देर कर दी :** जवाहर सरकार ने कहा, कोलकाता रेप केस के मामले में सरकार जो भी कदम उठा रही है, वो काफी कम है और यह कदम सरकार ने उठाने में काफी देर कर दी। अपनी चिट्ठी में ममता सरकार से नाराजगी जताते हुए कहा मुझे लगता है, राज्य में हालात बहुत पहले ही सामान्य हो जाते अगर जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म होने के फौरन बाद सरकार भ्रष्ट डॉक्टरों पर एक्शन लेती और दोषियों को जल्द से जल्द सजा दी जाती।

# देश में मिला एमपॉक्स का पहला संदिग्ध केस

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश में एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) का पहला संदिग्ध मामला सामने आया है। मरीज एक युवक है, जिसने हाल ही में एमपॉक्स से जूझ रहे देश से यात्रा की है। युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसे आइसोलेशन में रखा गया है। डब्ल्यूएचओ ने एमपॉक्स को ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है और कई देशों में इसके बड़ी संख्या में मामले सामने आए हैं। भारत सरकार भी एमपॉक्स को लेकर कई दिनों से सतर्क है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि एमपॉक्स के संदिग्ध मरीज की हालत इस समय स्थिर है। युवक को एमपॉक्स है या नहीं, इसकी पुष्टि करने के लिए उसका सैंपल लिया जा चुका है और उसकी जांच हो रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि हालांकि, किसी भी अनावश्यक चिंता की कोई बात नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि देश इस तरह के अलग-अलग यात्रा संबंधी मामलों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और किसी भी संभावित जोखिम को प्रबंधित करने और कम करने के लिए मजबूत उपाय किए गए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा 12 अफ्रीकी देशों में प्रकोप को ग्लोबल इमरजेंसी घोषित करने के तीन सप्ताह बाद भारत में संदिग्ध एमपॉक्स मामले का पता चला। एमपॉक्स को लेकर केंद्र सरकार जरूरी कदम उठाने लगी है। इसके लिए टेस्टिंग किट तैयार की जा रही है। सीडीएससीओ ने एमपॉक्स का पता लगाने के लिए तीन टेस्टिंग किट को मंजूरी दी है।

# वीर बाबा चौहरमल ने सामंतवादी ताकतों से लोहा लेकर समाज को किया एकजुट : मंत्री

- हर क्षेत्र में परचम लहरा रहा है पासवान समाज
- वीर बाबा चौहरमल में भक्ति और शक्ति का अद्भुत मेल था : बैजनाथ राम
- मंत्री ने किया वीर बाबा चौहरमल की प्रतिमा का अनावरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को नीलांबर-पीतांबर बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन टाउन हॉल के समीप वीर बाबा चौहरमल की प्रतिमा का अनावरण किया। इससे पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर, महारानी अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। यहां पासवान समाज की ओर से मंत्री श्री ठाकुर, झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम सहित सभी अतिथियों को बड़ा माला पहनाकर, तलवार, पुष्प गुच्छ और शॉल देकर स्वागत किया।

मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वीर बाबा चौहरमल ने सामंतवादी ताकतों से लोहा लेकर समाज को एकजुट किया। उनके आदर्शो पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि पासवान समाज हर क्षेत्र में परचम लहरा रहा है। इस प्रतिमा अनावरण का सारा श्रेय पूरे पासवान समाज को जाता है। मंत्री ने कहा कि स्व. रामविलास पासवान राजनेता नहीं बल्कि सामाजिक प्रणेता थे। वे मेरे आदर्श थे। उन्होंने कहा कि गढ़वा तेजी से विकास कर रहा है। विशिष्ट अतिथि बैजनाथ राम ने कहा कि मंत्री ने पासवान समाज की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाया है। पासवान समाज हमेशा मंत्री श्री ठाकुर के साथ खड़ा रहेगा। मौके पर आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, अंबा, बिहार के पूर्व जिप अध्यक्ष पंकज पासवान, गढ़वा के पूर्व डीडीसी ग्रामीण विकास विभाग झारखंड के विशेष सचिव राजेश कुमार राय, सुनील पासवान, रामजी पासवान आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के अध्यक्ष चंदन पासवान, जिप अध्यक्ष शांति देवी, पलामू जिप अध्यक्ष प्रतिमा देवी, सुमन देवी, उर्मिला देवी, बबीता देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पासवान समाज ने मंत्री को 10 के सिक्कों से तौला



मंत्री को सिक्का से तौलते पासवान समाज के लोग।

गढ़वा। वीर बाबा चौहरमल की प्रतिमा अनावरण के मौके पर पासवान समाज के लोगों ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सम्मान में उन्हें तराजू पर 10 रुपये के सिक्कों से तौला। साथ ही पासवान समाज के लोगों ने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर ने पासवान समाज के मान सम्मान को और आगे बढ़ाया है। पासवान समाज हमेशा मंत्री श्री ठाकुर के साथ खड़ा रहेगा।

## मिथिलेश ठाकुर ने लातदाग में 36 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक डिग्री कॉलेज भवन का किया भूमि पूजन



मेराल। गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड के लातदाग में 36 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक डिग्री कॉलेज के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास सह भूमि पूजन किया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि लगभग छतीस करोड़ रुपये की लागत से चार मंजिला आधुनिक भवनाथपुर बनेगा, जो गढ़वा जिला में अनुठा रहेगा। नीलांबर पितांबर विश्वविद्यालय के अंतर्गत यह आठवां डिग्री महाविद्यालय होगा। मंत्री ने कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से गढ़वा जिला झारखंड में अव्वल बनेगा। **इन्हें किया गया सम्मानित :** सभा के अंत में मंत्री ने सेवानिवृत शिक्षक गोपाल राम, विजय मिश्र, उमाशंकर तिवारी, लक्ष्मी राम के साथ अन्य कई सेवा निवृत्त और वर्तमान शिक्षक ओम, सामाजसेवीयों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

# गढ़वा में चित्रकार पूरब शौर्य के नाम पर कला अकादमी स्थापित करने की मांग

- गढ़वा के युवाओं का कला के क्षेत्र में बेहतर करने का सपना होगा पूरा



सांसद विष्णुदयाल राम को मांग पत्र सौंपती चित्रकार पूरब शौर्य की बहन गुण शौर्य और अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के युवा चित्रकार पूरब शौर्य के नाम पर जिले में कला अकादमी की स्थापना करने की मांग लोगों ने सांसद विष्णुदयाल राम से की है। पूरब की बहन गुण शौर्य के नेतृत्व में रविवार को गढ़वा के युवाओं ने सांसद को मांगपत्र सौंपा तथा इस पर अमल करने की मांग की। सांसद ने गढ़वा में कला अकादमी खोले जाने की आवश्यकता महसूस करते हुए इस मांग को पूरा कराने का आश्वासन दिया है।

सांसद को मांगपत्र सौंपते हुए युवाओं ने कहा कि चित्रकार पूरब शौर्य उभरते हुए युवा कलाकार थे। इन्होंने अपने हाथों से लगभग पांच सौ लोगों का स्कैच व अन्य पेटिंग बनाया था। वह लोगों की तस्वीर बनाकर उपहार स्वरूप प्रदान करते थे। वह कला के प्रति समर्पित थे तथा विभिन्न संस्थानों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया था। उनका सपना कला शिक्षक बनना, गढ़वा में कला अकादमी की स्थापना करना था। ताकि गढ़वा के युवा अपने शहर में रहकर चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत कला, नृत्य कला, मडला कला समेत अन्य कला का शिक्षा ग्रहण कर सकें। उनके सपने को हम साकार करना चाहते हैं। ताकि गढ़वा के युवाओं को कला के क्षेत्र में बेहतर करने के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़े। गढ़वा में कला अकादमी की स्थापना होने से युवाओं को नयी उर्जा मिलेगी तथा वह इस क्षेत्र में गढ़वा का नाम रौशन कर सकेंगे।

मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम के अलावा भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, मुकेश निरंजन सिन्हा, जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, प्रमोद चौबे, चंदन जायसवाल, अलख दुबे, रौशन दुबे, प्रो. संजय केशरी, देव शौर्य, ममता केशरी आदि उपस्थित थे।

# पशु तस्करी करते पिकअप वाहन से 16 गोवंशीय पशु जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता





**मझिआंव।** गढ़वा के मझिआंव पुलिस ने तस्करी के लिए ले जा रहे एक पिकअप वाहन में लदे 16 गोवंशीय पशु को जब्त किया है। 2 मवेशी तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक फरार होने में कामयाब रहा। सभी पशुओं को बूचड़खाना में वध करने के लिए औरंगाबाद (बिहार) ले जाया जा रहा था।

सुबह करीब 4:30 बजे बिशुनपुरा की ओर से पिकअप वाहन आते दिखा, जिसे पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो गाड़ी में सवार तीन लोग गाड़ी से उतरकर भागने लगे। पुलिस ने खदेड़कर दो लोगों को दबोच लिया, वहीं एक अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा, किंतु भागने के दौरान उसका मोबाइल गिर गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पकड़े गये दोनों तस्करों की पहचान वाहन चालक, भीम कुमार पासवान और उमेश कुमार पासवान के रूप में हुई है। दोनों औरंगाबाद के रहने वाले हैं। दोनों से पूछताछ में भागने वाले तस्कर की पहचान इमरान अंसारी के रूप में हुई, जो पलामू का निवासी है। पुलिस ने पिकअप वाहन की जांच की तो कुछ 16 गोवंशीय पशुओं को क्रूरतापूर्वक और बेरहमी से मुंह और पैर बांधा हुआ पाया गया। मामले में तीनों तस्करों और वाहन मालिक के विरुद्ध उपरोक्त धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## सगमा: एक सप्ताह से बारिश नहीं होने से भदाई फसल पर गहराया संकट



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड में मकई तिल उड़द की फसल बहुतायत संख्या में उपजाई जाति है। उक्त फसल नगदी फसल के रूप में जाना जाता है। इस प्रखंड के किसान भदाई फसल को बहुतायत में लगाते हैं या यों कहिये तो प्रखंड क्षेत्र में धान से दो गुणा क्षेत्र फल में उगाया जाता है। पिछले एक पखवाड़ा से अधिक समय से बारिश पूरी तरह बंद हो गया है, इसे लेकर किसानों में भारी मायूसी देखा जा रहा है कुछ किसान मोटर पंप से सिंचाई मकई फसल में पानी डाल रहे है, मगर अधिकतर किसान के पास सिंचाई की सुविधा नहीं रहने से खेतो में खड़े मकई की फसल पूरी तरह सूखने के कगार पर है। किसानों का कहना है कि मकई के साथ अरहर, तिल, उड़द का बीज महंगे दर पर खरीदकर खेतों में बोआयी किये हैं, पानी के अभाव में भदाई फसल बर्बाद हो रहा है। इस कारण सबसे अधिक क्षती मकई फसल को उठाना पड़ रहा है। मकई का फसल इस समय जोउखा भुआ की स्थिति में है इस समय बारिश के सबसे अधिक आवश्यकता है लग रहा है की मुंह से निवाला छीन रहा है, खेतों में खड़े मकई के फसल लगभग सुख चुकी है।

## एआइएमआइएम चिनिया प्रखंड की खुरी पंचायत का गठन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। एआइएमआइएम चिनिया प्रखंड के खुरी पंचायत का गठन किया गया। जिसमें जिला प्रवक्ता सह चिनिया प्रखंड के प्रभारी अब्दुल रहमान अंसारी, मेराल प्रखंड उपाध्यक्ष मुजाहिद अंसारी व हसनैन मंसूरी ने खूरी पंचायत का चुनाव कराया।जिसमें पंचायत अध्यक्ष दानिश अंसारी को बनाया गया। जबकि महासचिव अखिलेश यादव, कोषाध्यक्ष अनवर अंसारी, मीडिया प्रभारी उमेश यादव, उपाध्यक्ष पुन्नू लाल यादव, सचिव राधेश्याम यादव को बनाया गया। इसके अलावे शिवदास यादव, सुरेंद्र यादव व जगनारायण चौधरी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर वसीम अंसारी, नंद कुमार, पूरन चंद्र, बाली, सिकंदर पासवान, राहुल साह, उदय प्रजापति, नौशाद अंसारी आदि उपस्थित थे।

# विलुप्त हो रहे संस्कृत विषय के उत्थान के लिए शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा



गढ़वा। रविवार को टाउन हॉल के सभागार में झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम से संस्कृत भाषा संरक्षण समिति के प्रतिनिधिमंडल मुलाकात कर संस्कृत भाषा संबंधित सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया कि राज के सभी मध्य विद्यालयों में संस्कृत की पुस्तक के छात्र-छात्राओं को दी जाती है, लेकिन शिक्षकों का पद सृजित ही नहीं है अतः शिक्षकों की पद सृजित कर बहाली करायी जाये। राज्य में संस्कृत अकादमी की स्थापना नहीं की गयी है। सभी मध्य उच्च विद्यालयों में संस्कृत की पढ़ाई करायी जाये। बिहार राज्य के तर्ज पर मध्यमा बोर्ड का गठन करायी जाये। राज्य के सभी कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में संस्कृत का पद सृजित कर प्रोफेसर की नियुक्ति करायी जाये। झारखंड राज्य में संस्कृत भाषा जो देवानी है तथा सभी भाषाओं की जननी है, तो प्राथमिकता से अधिकार दिलाया जाये। शिक्षा मंत्री से बैजनाथ राम से संस्कृत भाषा संरक्षक समिति के अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता के संरक्षक याकूब इकबाल समिति के सचिव जनाब गुलाम सरवर खान, अजय कुमार शुक्ला, सूजान शेख, कलाम अंसारी, मोबिन अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

## इलाज के दौरान युवक की मौत

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के महुआधाम के एक युवक की मृत्यु इलाज के क्रम में हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार रामप्रवेश यादव उम्र 35 वर्ष पिता मुखुत यादव की मृत्यु शनिवार को वाराणसी में इलाज के क्रम में हो गया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार रामप्रवेश बीते दस माह से बीमारी से जूझ रहा था जिसका ईलाज वाराणसी में चल रहा था। मुखुत यादव के दो बेटों में छोटा लड़का था, परिवार के साथ साथ बूढ़े माता- पिता की जिम्मेदारी भी मृतक के कंधे पर ही था, जो मजदूरी कर किसी तरह सभी का जीवनयापन किया करता था।**

## राज्य सरकार के विधि विभाग के प्रधान सचिव ने सतबहिनी झरना तीर्थ के सभी मंदिरों में धर्मपत्नी संग पूजा अर्चना की



**कांडी।** गढ़वा व्यवहार न्यायालय के निवर्तमान जिला और सत्र न्यायाधीश तथा संप्रति झारखंड सरकार के विधि विभाग के प्रधान सचिव राजेश शरण सिंह ने सतबहिनी झरना तीर्थ के सभी मंदिरों में अपनी धर्मपत्नी रेणु सिंह के साथ पूजा अर्चना की। रविवार की सुबह सतबहिनी झरना तीर्थ पहुंचे प्रधान सचिव राजेश शरण सिंह ने कहा कि यह बहुत ही रमणीक पर्यटन स्थल है। आज मैं यह सोच रहा हूं कि मैं पहले यहां क्यों नहीं आया। उपस्थित लोगों से कहा कि यहां आप लोगों ने काफी काम किया है। उन्होंने सतबहिनी भगवती माता के साथ परिसर के सभी देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। उन्होंने सतबहिनी झरना तीर्थ की सुंदर वादियों, झरना घाटी, हरितिमा संवर्द्धन कार्यक्रम के अंतर्गत किये गये वन रोपण, सेतु मार्ग, छठ घाट, बहुद्देशीय मंच, कलात्मक सीढ़ियां आदि निमार्णों की काफी सराहना की। इस मौके पर सिविल कोर्ट के प्रधान सहायक दीनदयाल पाठक के साथ प्रोसेस सर्वर महेंद्र पासवान, पुजारी पंडित प्रवीण पांडेय और पुजारी पंडित नीतिश पाठक, कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम सहित कई लोग उपस्थित थे।

# राशन डीलर खाद्यान्न का वितरण ससमय करें, नहीं तो होगी कार्रवाई : उपायुक्त

- बैठक में मनरेगा, राजस्व, कृषि, निर्वाचन, आपूर्ति समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों की गयी समीक्षा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की गयी। बैठक में गढ़वा जिला में संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए राशन कार्ड निर्माण और राशन वितरण की जानकारी लिया। उपायुक्त ने कहा कि जिन राशन डीलर द्वारा खाद्यान का वितरण ससमय नही किया जा रहा है, वैसे राशन डीलर के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी वरीय पदाधिकारी विभिन्न प्रखंड अंतर्गत पंचायतों में स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान का ससमय औचक निरीक्षण करने और किसी भी डीलर के द्वारा राशन और धोती साड़ी लुंगी वितरण में अनियमितता बरते जाने, तय मात्रा में अनाज न देने एवं अनाज आवंटित होने के बावजूद राशन लाभुकों को वितरण न करने पर संबंधित डीलर के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ और बीज वितरण अधिक से अधिक लाभुकों को दिलाने हेतु कार्रवाई का निर्देश दिया। पीएम कुसुम योजना को लेकर भी उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को और जिला कृषि पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए, जिससे जिले के किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल पाये। जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रंका थाना मोड़ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने दीपक



रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना मोड़ दुर्गा मंदिर के प्रांगण में धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने के लिए एक बैठक की गयी, जिसमें पूजा पंडाल, रास लीला, भक्ती जागरण, कन्या पूजन, विधिवत पूजा पाठ आदि कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नयी कमेटी बनायी गयी। जिसमें सर्वसम्मति से दीपक कुमार सोनी को अध्यक्ष बनाया गया तथा उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, सचिव राजकुमार गुप्ता, उपसचिव मुकेश गुप्ता, सह सचिव अनिल गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश राम, कोषाध्यक्ष रमेश राम, सह कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, मिडिया प्रभारी धीरज कुमार, धर्मेंद्र पासवान आदि अन्य को बनाया गया है।

# तथ्य को छुपाकर गलत प्रतिवेदन करने पर की जायेगी कड़ी कार्रवाईः उपायुक्त

- पत्थर खनन पट्टा निर्गत करने हेतु गलत प्रतिवेदन के कारण अंचल अमीन हुए कार्यमुक्त
- राजस्व उपनिरीक्षक निलंबित और तत्कालीन अंचल अधिकारी और अंचल निरीक्षक पर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा
- मामाला रंका प्रखंड के पुरेगाड़ा ग्राम से संबंधित



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रंका प्रखण्ड के ग्राम- दौनादाग, पो0+थाना- रंका, गढ़वा एवं अन्य के द्वारा रंका अंचल अन्तर्गत मौजा-पुरेगाड़ा में मेसर्स माँ भगवती ट्रेडर्स को पत्थर खनन पट्टा निर्गत करने हेतु जमीन का गलत प्रतिवेदन निवर्तमान अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक और अंचल अमीन द्वारा जिला को दिया गया था। दूसरी बार भी इसी प्रतिवेदन को सही मानकर लीज आवंटित करने हेतु अनुशंसा किया गया था।

ग्राम पूरेगाड़ा के ग्रामीणों द्वारा जमीन का गलत प्रतिवेदन संबंधी शिकायत उपायुक्त से किया गया जिसके आलोक में उपायुक्त द्वारा अंचल अधिकारी, रंका से स्थल जांच कर सुस्पष्ट प्रतिवेदन की मांग की गयी। तीसरी बार अंचल कार्यालय रंका से प्राप्त प्रतिवेदन से स्पष्ट हुआ कि पूर्व में दो बार अंचल कार्यालय रंका से स्थल का गलत प्रतिवेदन दिया गया जिसके आलोक में मेसर्स मां भगवती ट्रेडर्स को पत्थर खनन पट्टा निर्गत करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी थी।

गलत प्रतिवेदन देकर खनन पट्टा प्रभावित करने में नवल तिवारी, अंचल अमीन रंका, विकास कपरदार राजस्व उपनिरीक्षक रंका, राजकुमार प्रजापति तत्कालीन अंचल निरीक्षक रंका और शंभू राम तत्कालीन अंचल अधिकारी, रंका दोषी पाए गये हैं, जिनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की गयी है। स्वीकृत खनन लीज के विरोध में ग्राम-पुरेगाड़ा के ग्रामीणों द्वारा दिये गये आवेदन पर वर्तमान अंचल अधिकारी, रंका द्वारा स्वीकृत स्थल जांच के क्रम में पाया गया कि अंचल अमीन द्वारा तैयार किये गये नक्शे की भूमि पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु अपेक्षित मानक को पूर्ण नहीं करता है। स्पष्ट है कि अंचल अमीन द्वारा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती गयी है। नवल तिवारी, अंचल अमीन के इस कार्य में लापरवाही के कारण समय का अपव्यय के साथ-साथ प्रशासन की छवि धूमिल हुई है, जिस कारण नवल तिवारी, बाह्यस्त्रोत से कार्यरत अंचल अमीन, रंका को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया गया है। जबकि एक ही खाता, प्लौट और रकबा हेतु राजस्व उपनिरीक्षक विकास कपरदार द्वारा अलग-अलग प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के आरोप में विकास कपरदार, राजस्व उपनिरीक्षक द्वारा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती गयी है।

## कौशल्या देवी की हत्या उसी के छोटा भाई ने की : एसडीपीओ



**रंका।** रंका अनुमंडल थाना क्षेत्र के ग्राम - जून निवासी कौशल्या देवी पिता विजय बहादुर सिंह की हत्या मृतिका के छोटा नाबालिग भाई ने ही किया था। हत्यारा नाबालिग को विधि विरूद्ध गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त बातें रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 30/08/2024 के रात्रि में सूचना प्राप्त हुआ कि एक महिला की हत्या कर मक्का के खेत में फेंका हुआ है। उक्त शव की पहचान कौशल्या देवी पिता विजय बहादुर सिंह ग्राम- जून थाना रंका जिला गढ़वा के रूप में हुई। उन्होंने कहा कि सूचना प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अनुसंधान प्रारंभ किया।

## बूथ को सशक्त बनाने को लेकर भाजपा नगर मंडल की बैठक




**गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा नगर मंडल गढ़वा के द्वारा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में मंडल पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य बूथ अध्यक्ष का बैठक आयोजन किया गया। पुरानी बाजार रुक्मणी साहून धर्मशाला में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी मुन्ना तिवारी और विस्तारक रविंद्र पांडे उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष अपने बूथ टीम को सशक्त बनाएं। सभी बूथ पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाये। पार्टी निर्देश के अनुसार सभी बूथ अध्यक्ष अपने-अपने बूथ पर दो दिनों के अंदर बैठक करें। मंडल प्रभारी मुन्ना तिवारी ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष अपने टीम के साथ सभी बूथ मुहल्ले में सुबह शाम घूमे पूर्व की सरकार और केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी उपलब्ध कराये एवं इस सरकार की नाकामी जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें बैठक में मंडल महामंत्री राकेश शंकर गुप्ता मंत्री सोमनाथ सोनी लखन गुप्ता, राजू सोनी, संतोष कश्यप, बंधु राम आदि उपस्थित थे।**

## विद्या मंदिर में दो नवनिर्मित कमरे का हुआ उद्घाटन

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में द्वितीय तल पर बने दो कमरे व शौचालय का उदघाटन नारियल फोड़ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रविकांत पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से गौरी गणेश, कलश, षोडशमात्रिका, नवग्रह, पंचलोकपाल, दसदिक्पाल आदि आवाहित देवता का पूजन व सत्यनारायण पूजन एवं व्रत कथा का पाठ किया।**

# गणेश पूजा महोत्सव का दूसरे दिन भी उत्साह

आजाद सिपाही संवाददाता











**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में रविवार को दूसरे दिन भी गणेश पूजा महोत्सव की धूम देखी गयी। पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार स्थित टीएच कॉलोनी में तीन दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव के दूसरे दिन कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी श्रद्धालु भक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया जा रहा है।

## रोशनलाल चौधरी ने पंडाल में किया गणपति बप्पा के दर्शन

**पिपरवार।** आजसु पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान बचरा बाजारटांड़ स्थित पार्टी कार्यालय में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ पिपरवार के कई जगहों पर आयोजित गणेश पूजा महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान पूजा पंडाल जाकर उन्होंने गणपति बप्पा के दर्शन किया और कोयलांचल क्षेत्र सहित राज्य की सुख शांति और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर आजसु पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह, भीम सिंह यादव, रवि शंकर जायसवाल, अवधेश महतो, कमलजीत सिंह,उगन महतो, अनिल यादव, रोशन गोस्वामी सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधायक अंबा प्रसाद ने गणेश पूजा पंडालों का भ्रमण किया

**पिपरवार।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर पिपरवार क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण किया एवं गणेश भगवान से क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि हेतु प्रार्थना किया। इस दौरान विधायक ने सन क्लब बचरा बाजार टांड़ व श्री श्री गणेश पूजा समिति बुंडू द्वारा आयोजित गणेश पूजा में शामिल हुई व पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के खुशहाली हेतु भगवान श्री गणेश जी से प्रार्थना की। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, पंचायत अध्यक्ष मोहन करमाली, पंचायत समिति सदस्य रंजीत तुरी, धनंजय राम, सूरज राम, धनेश्वर राम, जितेंद्र राम, सुरेंद्र तुरी, भोला तुरी मंजू देवी सूरज गंझू, सुभाष साहू,उमेश यादव, बसंत गुप्ता, संतोष यादव, राजू साहू, रोहित तुरी, अजीत सिंह, ओम प्रकाश, निर्मल सिंह, रीता रजक, सेतु सिंह, बसंत गुप्ता, संतोष यादव, बबलू दुबे, नीरज तिवारी,सेतु कुमार, राहुल कुमार, उमेश रावत, विकास कुमार चौहान, सहित कई लोग मौजूद थे।

## बुंडू क्षेत्र में गणेश पूजा धूमधाम से मनाया गया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू क्षेत्र में गणेश पूजा को लेकर काफी चहल-पहल है बुंडू बस स्टैंड स्थित बाबा बफार्नी क्लब नीलगिरी टोली श्याम सुंदर भूदेव समिति नवाडीह टोली में गणेश पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। वहीं बुंडू बस स्टैंड स्थित बाबा बफार्नी क्लब के द्वारा भव्य पंडाल बनाया गया है। रंग बिरंगी विद्युत सज्जा भी किया गया है। पंडाल के समीप खाने पीने के स्टाल भी लगाये गये हैं। वहीं पंडाल में विशाल भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापित किया गया है। गणेश पूजा को लेकर पंडाल में काफी भीड़ जमी रही। वहीं गणपति बप्पा के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही। पूजा अर्चना के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया चार दिवसीय गणेश पूजा को लेकर क्षेत्र के लोग काफी उत्सुक नजर आ रहे हैं। पूजा को लेकर पूरा क्षेत्र गणपति बप्पा मोरिया के गानों से गुंज उठा।

## गुरुनानक स्कूल सभागार में सीबीएसइ क्लस्टर ईस्ट जोन योगासन प्रतियोगिता



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** रांची के गुरुनानक स्कूल के सभागार में सीबीएसई क्लस्टर ईस्ट जोन योगासन प्रतियोगिता में बुंडू के साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने हैरतअंगेज प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश, बिहार व झारखंड की टीमों से प्रतिस्पर्धा करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया है। अंडर-17 वर्ग की साउथ प्वाइंट की छात्राएं श्रेया दां, रिम्मी राजकुमारी, भूमिका महतो, प्रियांशी साहू और मयूरी चेल ने अपने योग कौशल का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए सीबीएसइ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। सिंगल इवेंट आर्टिस्टिक में भूमिका महतो और रिदमिक में श्रेया दां का चयन भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राष्ट्रीय मुकाबले महाराष्ट्र के ध्रुव ग्लोबल स्कूल में दो से पांच अक्टूबर तक होंगे। अपने विद्यालय की टीम के सीबीएसइ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहुंचने पर साउथ प्वाइंट के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पहले ही प्रयास में नेशनल में क्वालीफाई करने पर टीम को बधाई दी एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए बधाई दी है। प्राचार्य ने विद्यालय के योग गुरु बबलू महतो की प्रशंसा करते हुए उनके मार्गदर्शन की सराहना की है।

## 13 को होगा करम पूर्व संध्या का आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार महाविद्यालय कारों के प्रांगण में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रामचंद्र उरांव और संचालन बसंत नारायण महतो ने किया। बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पिपरवार महाविद्यालय कारों के में प्रांगण में करम पूर्व संध्या समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि करमा पूजा के अवसर पर प्रत्येक साल पिपरवार महाविद्यालय कारों में करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जाता है। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 13 सितंबर को पिपरवार महाविद्यालय कारों के प्रांगण में करम पूर्व संध्या समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का भी गठन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से रामचंद्र राम, रतन महतो, टिकेश्वर महतो, जितेंद्र राम, रमेश मुंडा, चेतलाल महतो, मुंशी महतो, दिलीप महतो, कालेश्वर महतो, बसंत प्रजापति, बसंत नारायण महतो, शिव शंकर सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# खूंटी में जेवर दुकान का ताला तोड़ कर चोरी का प्रयास, नहीं खुली तिजोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी शहर के प्रमुख नेताजी चौक में अवस्थित जतन ज्वेलर्स नामक दुकान में शनिवार की देर रात चोरों ने एक बार फिर चोरी का प्रयास किया। चोरों ने दुकान के दरवाजे में लगे चार ताले और लोहे के एंगल को काटकर दुकान में प्रवेश तो कर गए, लेकिन दुकान के अंदर रखी तिजोरी का ताला तोड़ने के बावजूद उसे खोलने में नाकाम रहे, जिससे चोरों के हाथ कोई कीमती जेवरात नहीं लगा और वे दुकान के शोकेस, सीलिंग आदि को क्षति पहुंचाकर भाग निकले। रविवार सुबह दुकान मालिक अनंत लाल स्वर्णकार को इस घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने तुरंत इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी। उल्लेखनीय है कि कुछ माह पूर्व भी इसी दुकान में चोरों ने चोरी का असफल प्रयास किया था। खूंटी थाना के समीप शहर के प्रमुख चौक में स्थित इस दुकान में कुछ माह के अंतराल में दूसरी बार घटित ऐसी घटना से दुकानदारों एवं आम लोगों में भय व्याप्त हो गया है। लोगों का कहना है कि शायद चोरों को पुलिस का कोई खौफ नहीं रहा। यही कारण है कि थाना के समीप अवस्थित दुकानों में भी चोर बेखौफ होकर चोरी का प्रयास करने लगे हैं। लोगों ने क्षेत्र में सक्रिय चोरों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की है ताकि लोग चौन की नींद सो सके।

# दिउड़ी मंदिर में पसरा रहा सन्नाटा, दोनों आरोपियों को भेजा गया जेल, दुकानें बंद, पुलिस तैनात

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ के दिउड़ी मंदिर में गत पांच सितंबर को आदिवासी संगठन द्वारा ताला बंद कर दिया गया था। इस संबंध में तमाड़ थाना में 20 नामजद व लगभग एक सौ अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया था। इसके आलोक में कल शाम आदिवासी नेता पुर्ण चंद्र मुंडा और राधाकृष्णन सिंह मुंडा को गिरफ्तार किया गया था। रविवार को पुलिस ने एसीजीएम कोर्ट रांची में प्रस्तुत किया कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में होटवार जेल भेज दिया। केश के आईओ दारोगा प्रवीण कुमार मोदी बनाये गये हैं। आज सुबह अफवाह फैली की गिरफ्तारी के विरुद्ध में आज भी मंदिर परिसर के दुकान बंद रहेंगे। लेकिन सभी दुकानें खुली रही। लोगो की उपस्थिति कम रही। मंदिर के चारों ओर इंडियन रिजर्व बटालियन पुलिस चारों ओर तैनात हैं। महिला पुलिस भी तैनात हैं। मंदिर पुलिस छावनी में तब्दील हो गयी है। इधर डीएसपी रितिभान सिंह ने बताया कि सभी लोगों को शांति बनाये रखने है। सुबह-सुबह दो बसों में सवार होकर आदिवासी संगठन के लोग मुख्यमंत्री से मिलने रांची गये है। अंदर ही अंदर तनाव का माहौल बना हुआ है। यह मंदिर हजारों वर्ष पूर्व की है सरकार द्वारा ट्रस्ट बनाया गया। तब से विवाद बढ़ा है। इसके विरुद्ध ग्राम प्रधान व संजय मुंडा ने ट्रस्ट को हाईकोर्ट में चुनौती दिया गया था। जिसमें दलीलें सुनने के बाद मंदिर के पछ में फैसला सुनाया गया था। फिर सरकार द्वारा मंदिर में 8 करोड़ की लागत से मंदिर परिसर का जीणोद्धार करने का फंड दिया गया। जिसका शिलान्यास भी हो चुका है। संवेदक ने काम भी शुरू किया था जिसे रोक दिया गया है। तमाड़ सीओ द्वारा अतिक्रमण से संबंधित कयी नोटिस दिया गया है लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ा ग्राम सभा अपनी मांगों पर अड़िग है। खतरा अभी टला नहीं है उसे दबाया गया है।

## भाजपा कार्यकर्ता राजू सिंह बनाये गये बूथ अध्यक्ष



**खलारी (आजाद सिपाही)।** भाजपा खलारी मंडल ने प्रखंड के सभी 60 बूथों में बूथ समितियों का पुनर्निरीक्षण व उसमें आवश्यक सुधार किया। मंडल की ओर से सभी बूथों के लिए अलग अलग प्रभारी को जिम्मेवारी दी गयी थी। इसी संदर्भ में बूथ संख्या 32 में बूथ समिति में सुधार करते हुए नरेंद्र सिंह उर्फ राजू सिंह को बूथ अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभी बूथों में पन्ना प्रमुख बनाया गया। प्रत्येक बूथ का अलग अलग व्हाट्सअप ग्रुप बनाया गया। केडी में हुए बैठक में प्रभारी के रूप में श्याम सुंदर सिंह, विकास कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह राजू, दिलीप पासवान, रतन मिश्रा, साबा प्रमाणिक, दिनेश पांडेय, मुकेश सोनी, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

# मंत्री को पत्र सौंप विस्थापितों की बकाया राशि के भुगतान की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** रविवार को जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन से झारखंड आंदोलनकारी सुखराम हेंब्रम मुलाकात की। इस दौरान मंत्री को सुखराम हेंब्रम ने विस्थापित की विभिन्न समस्यायों को लेकर अवगत कराया। इस दौरान सुखराम हेंब्रम ने मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से उन्होने विस्थापित के बकाया मुआवजा राशि 102 करोड़ रूपये की भूगतान करने की मांग की। उन्होने मंत्री रामदास सोरेन को विस्थापित के समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि बिना पेमेंट किए बिना डैम के पानी से डूबे क्षेत्र के लोगों को डुबाया जा रहा है। जब तक पुरा भूगतान नहीं हो जाता है डैम का जल स्तर को 179 मीटर से कम जलस्तर रखने की मांग की। मंत्री ने आश्वास्त किया जल्द ही विस्थापितों की मांग को पूरा किया जायेगा। मौके पर माणिक मंडल, गनो कैबर्त, मनोहर कैबर्त, महितोष गोप, मधु गोप उपस्थित थे।

# झारखंड प्रदेश यादव महासभा ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** झारखंड प्रदेश यादव महासभा के द्वारा रविवार को सम्मान समारोह आयोजित कर केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी के कोडरमा से दोबारा सांसद बनने केंद्रीय मंत्री बनाये जाने पर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जिस तरह झारखंड सरकार राज्य में आदिवासियों, पिछडो के हक को मारने में लगी ऐसे में यादव समाज को आने वाले चुनाव में निकम्मी इस राज्य सरकार को हिसाब करना होगा, और समाज अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कर सकता है। झारखंड प्रदेश यादव महासभा के मंत्री ने पदादिकारिओं से कहा कि समाज के विकास के लिए आगे आना चाहिए और विशेषकर महिलाओं को सशक्त बनाने पर बल देना होगा। इस अवसर पर विधयाक अमित यादव, खलारी से गोल्टेंन प्रसाद यादव, कृष्णा यादव, विष्पनाथ यादव शामिल हुए।

## खूंटी में मनाया गया शिक्षक दिवस



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जेआईआईटी एकेडमी कम्प्यूटर सेंटर, तोरपा रोड खूंटी द्वारा स्थानीय टाउन हॉल में रविवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। सेंटर के संचालक बिरेंद्र नाग, हेड ऑफिस के डायरेक्टर, बुलबुल और सहयोगियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर और केक काट कर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धा-सुमन अर्पित किये गये। शिक्षक दिवस समारोह में लगभग 600 नये-पुराने सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। मौके पर एक सौ विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कर उन्हें सम्मानित किया गया। डायरेक्टर बुलबुल द्वारा सभी विद्यार्थियों को जीवन में मेहनत से आगे बढ़ने के बारे में समझाया गया।

## सरना धर्म सोतो : समिति 14 सितंबर को मनायेगी करम पर्व, सरना में चढ़ाया गया जावा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सरना धर्म सोतोः समिति द्वारा केंद्र डौगड़ा, लुंबई, दुलवा, उलिहातु, सोंगरा, बालोरू, जोजोटोली, खजूरदाग, कोर्रा आदि शाखाओं के साथ क्षेत्र में 14 सितंबर को करम त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। यह जानकारी धर्मगुरु मथुरा कंडीर ने दी। इस अवसर पर सरना धर्मावलंबियों की अगुवाई में बिरंग सरुकद पूर्ति और प्यारी स्वांसी द्वारा जावा के लिए दो टोकरियों में नदी से बालू छानकर लाया गया। उसमें नौ प्रकार के बीजों को बोआ जायेगा। सात दिनों तक हल्दी पानी से सींचकर जावा तैयार किया जायेगा। करम त्योहार के अवसर पर एक दूसरे को जावा फूल देकर प्रेम व भाईचारा का संदेश प्रसारित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में धर्मगुरु सोमा कंडीर, धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया, मधियाना धान, सुगना पहान, मथुरा कंडीर, सुगना पहान, जमुना मुंडू, बुधराम मुंडा, कोलाय ओड़ेया आदि शामिल हुए।

## बैंक ऑफ इंडिया खलारी शाखा में बैंक का 119वां स्थापना दिवस मना



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया खलारी शाखा में बैंक का 119वां स्थापना दिवस हर्शोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर ब्रांच एडमिन इंचार्ज रजत कष्यप ने बैंक अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति में केक काटा। जिसके बाद सभी लोगों के बीच केक बांटा गया। इस दौरान बैंक के ग्राहकों के साथ कस्टमर मीट भी आयोजित किया गया।

## संकल्प संस्थान में मनाया गया शिक्षक दिवस





**खूंटी (आजाद सिपाही)।** संकल्प संस्थान द्वारा खूंटी के राजस्थान भवन में रविवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरूण रजक, खूंटी थाना के सब इंस्पेक्टर अमित, संकल्प संस्थान के निदेशक राजेश और अन्य अतिथियों ने की। मौके पर एसडीपीअरो नं कहा कि आज के इस प्रतियोगी दौर में छात्रों को मोटिवेशन की आवश्यकता है, लेकिनल खूंटी के छात्र-छात्राओं में मोटिवेशन की कोई कमी नहीं है। अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र होने के बावजूदी यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से अधिक सक्षम है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान की शिक्षिका गीता, ताबींदा, रागिनी, प्रभा, अनुराधा, प्रिंस, रितेश, छात्र सूरज, अनुपमा, टीकाराम, खुशी, शुभम, माया, रोहित, प्रियंका, पिंटू, हेमलता, ज्योति, समता, पवन ने योगदान दिया।

# कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे यह पूरे समाज की जिम्मेवारी : काशीनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर रविवार को बिचना पंचायत के लोगों ने जागरूकता रैली निकाली और लोगों को शिक्षा के प्रति जगारूक किया। रैली का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करना था। रैली का आयोजन बाल कल्याण संघ खूंटी द्वारा किया गया, जिसमें पांडु गांव के साथ ही पूरी पंचायत के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के दौरान आधी रोटी खाएंगे, फिर भी स्कूल जायेंगे जैसे उत्साहवर्धक नारों से पूरा गांव गूंज उठा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी संकल्प लिया कि वे अपने गांव के सभी बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करेंगे और कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रह जाए, इसका ध्यान रखेंगें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बाल कल्याण संघ बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा। उन्होंने कहा कि यह पूरे समाज की जिम्मेवारी है कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे।

### ड्रॉपआउट रोकने के लिए प्रतिबद्धता

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी बच्चा ड्रॉपआउट न हो और सभी बच्चे नियमित रूप से स्कूल जाएं। इस दिशा में पंचायत के सदस्यों और ग्रामीणों ने अपनी प्रतिबद्धता दिखाई कि वे शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। बाल कल्याण संघ ने बिचना पंचायत में खेल सामग्री का वितरण किया, जिससे बच्चों को पढ़ाई के साथ ही खेलकूद में भी भागीदारी के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। 15 सितंबर तक सभी पंचायतों में निकलेगी जागरूकता रैली बाल कल्याण संघ की इस पहल को आगे बढ़ाते हुएए मुरहू प्रखंड के सभी गांवों में 15 सितंबर तक जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में वार्ड मेंबर, ग्राम प्रधान सहित बाल कल्याण संघ के अंजनेय रॉय, अभिषेक कुमार, संगीता देवी, रिंकी कुमारी आदि ने योगदान दिया।

## दिलीप सेठ ने किया पीसीसी रोड का शिलान्यास



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड अंतर्गत रागडाबडांग पंचायत में 15 वे वित्त निधि से जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठ के कर कमलों से पीसीसी रोड का शिलान्यास किया गया। जिसकी लंबाई 460 फीट कुल राशि 942632 है। जिसमें मुख्य रूप में राजकिशोर सिंह महिरावण सेठ रंगलाल महतो, हरिराम महतो, परिक्षित महतो, प्रदीप महतो, बनवारी महतो, पूरन चंद महतो, अकाली देवी, रंजू देवी, और गांव की माता बहने उपस्थित हुए।

## श्राद्धकर्म में शामिल हुई आरती राजा पीटर



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** रविवार को गरीबों के मसीहा गोपाल कृष्ण पातर ऊर्फ राजा पीटर की धर्मपत्नी आरती राजा पीटर समर्थकों संग तमाड़ के कुंदला निवासी पांडु मुंडा के पुत्र के श्राद्ध कर्म में शामिल हुई। उन्होंने मृतक के परिवार वालों से भेंटकर राजा पीटर की और से शोक संवेदना व्यक्त कर कहा की दुख के इस घड़ी में राजा पीटर आपके परिवार के साथ हैं। साथ ही परिजनों से कहा कि आगे जब जरूरत होगी राजा पीटर आपलोगों के साथ रहेंगे। मौके पर बिरसा विकास समिति के प्रवक्ता नीतीश पांडेय धनंजय स्वांसी अमीत मुंडा, आशीष पांडेय, रमेश महतो, संजय दास, अनंत सेठ, सहित मृतक के इष्ट मित्र कुटुंब व ग्रामीण मौजुद थे।

## 15 लाख की लागत से बनेगा भवन : संजय सेठ



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय श्रोत्रिय ब्राह्मण महासंघ केंद्र, रांची की बैठक गुणाधर पांडेय की अध्यक्षता में हुई। नगड़ी प्रखंड के लालगुटवा करमटोली स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ बतौर मुख्य और हटिया विधायक नवीन जायसवाल, महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष आत्मानंद पांडेय एवं राजनीतिक प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष नारायण पांडेय विशिष्ट अतिथि थे। केंद्रीय रक्षा राज मंत्री संजय सेठ ने सनातन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सांसद निधि से भवन निर्माण के लिये 15 लाख रुपये देने की घोषणा की। वहीं, विधायक नवीन जायसवाल ने ब्राह्मण समाज की सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इससे पूर्व सांसद संजय सेठ और विधायक नवीन जायसवाल का स्वागत किया गया। सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की गयी। मौके पर अशोक पांडेय, अरुण पांडेय, देवकुमार पांडेय, प्रमोद कुमार पांडेय, त्रिभुवन पांडेय प्रथमाचार्य, श्रीनिवास पांडेय, मीडिया प्रभारी अरुण कुमार एवं धर्मेंद्र तिवारी मौजूद थे।

## कांग्रेस छोड़ कर नामकुम के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बंधुवा पंचायत के तंजू नचलदाग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकास कार्यो से प्रभावित होकर रविवार को भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा एवं खिजरी विधानसभा प्रभारी राकेश भास्कर ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उन सभी को विधिवत सदस्यता दिलायी। इस अवसर पर राकेश भास्कर ने कहा कि मोदी जी के केंद्र से आ रहे योजना को ग्रामीण क्षेत्र आसानी से प्राप्त कर सकते है। वहीं, अशोक मुंडा ने देश और राज्य का विकास मोदी सरकार में ही संभव होने की बात कही। मौके पर जिला

## बीसा पंचायत में भाजपा के बूथ लेवल प्रभारी, अध्यक्ष और बूथ पालक का चयन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनगड़ा मंडल अंतर्गत बीसा पंचायत में रविवार को भाजपा के बूथ स्तरीय अध्यक्ष, प्रभारी एवं बूथ पालकों का चयन किया गया। पंचायत प्रभारी दुर्गा महतो की देखरेख में हुए इस चुनाव में बेंती बूथ संख्या 143 के बूथ प्रभारी जयराम बेदिया, टुंगरी टोला बूथ संख्या 142 के बूथ प्रभारी बरतू भोगता एवं डुमरटोली बूथ संख्या 141 के बूथ प्रभारी अजय कुमार करमाली बनाए गए। वहीं बूथ पालक प्रभारी के तौर पर भाजयूमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, मानेश्वर मुंडा, एतवा मुंडा का चयन किया गया।

## भोला महतो बने गेतलसूद दुर्गा पूजा समिति के नये अध्यक्ष



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गेतलसूद दुर्गा पूजा समिति की बैठक रविवार को दुर्गा मंदिर प्रांगण में हुई। जिसमें सर्वसमिति से भोला महतो को पूजा समिति का नया अध्यक्ष चुना गया है। वहीं सचिव कार्तिक नायक, कोषाध्यक्ष सुजीत बैठा, उपाध्यक्ष शंकर बैठा, गणेश लोहरा, अजय राज, सुधीर महतो, भुनेश्वर गोस्वामी, सहसचिव धर्मवीर नायक, दीनबंधु गोस्वामी, जीतून महतो, अजय उरांव, संरक्षक, ईश्वर चंद्र गोस्वामी, जैलेन्द्र कुमार, अनिल चौधरी, संतोष कुमार सिन्हा, शिवदास गोस्वामी, प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया शांति मुंडा, ग्राम प्रधान जीतेन्द्र उरांव एवं पंकज भारती बनाए गए। मौके पर गौरी शंकर मुंडा, राजेश लोहरा मन्नू सहाय, राज बैठा, संजय नायक आदि उपस्थित थे।

## अनगड़ा दुर्गा पूजा समिति का गठन, जगेश्वर महतो अध्यक्ष

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा दुर्गा पूजा समिति की बैठक रविवार को पंचायत सचिवालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता लोकनाथ पाहन ने की। बैठक में पुरानी समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष जागेश्वर महतो, सचिव साहेब राम महतो, सह सचिव रामानंद सिंह, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार श्रीवास्तव, उपकोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष दिनेश्वर महतो, कालीचरण मुंडा, राजेश यादव, संरक्षक मधुसूदन मुंडा, लोकनाथ पाहन, मनोज कुमार भट्टाचार्य, अघनु महतो, संजीव सिंह मुन्ना, अरविंद कुमार, चरकू मुंडा एवं विश्वनाथ सिंह पाहन बनाए गए। बैठक में जागेश्वर महतो, अक्षय आनद, सुरेंद्र कुमार मुंडा, महेंद्र महतो, रोहित कुमार श्रीवास्तव, विनय सिंह, अभिषेक कुमार, दिलीप प्रजापति, जागेश्वर कुम्हार, संजय साव, रंजीत गुप्ता, साहेब राम महतो, अघनू महतो, अनिल कुमार, अनूप भोगता, अरविंद कुमार, प्रवीण कुमार, दिनेश्वर महतो, करमा महतो, चरकु पाहन, कालीचरण मुंडा, कृष्णा महतो, विजय भोगता आदि मौजूद थे।

## मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत भाजपा की हुई बैठक, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत रविवार को भाजपा अनगड़ा मंडल के चतरा एवं सिरका पंचायत में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से खिजरी विधानसभा के प्रवासी जयपुर विधायक नरहरि महतो, भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी एवं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन उपस्थित हुए। इस अवसर पर नरहरि महतो ने कार्यकर्ताओं को बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र देते हुए कहा कि बूथ जीतकर हीं चुनाव जीता जा सकता है। मनोज कुमार चौधरी ने मेरा बूथ सबसे मजबूत संकल्प के साथ काम करने को कहा। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री राजेंद्र महतो, उपाध्यक्ष घनेनाथ महतो बलराम महतो, सुरेश महतो, अशोक मुंडा, शंकर चौधरी, निरंजन महतो, सुकूल महतो, राजेश मिश्रा रामदेव महतो, संजय महतो सहित बूथ अध्यक्ष एवं अन्य सदस्य शामिल थे।

## इटकी थाना में 12 को लगेगा जन शिकायत समाधान शिविर

**इटकी (आजाद सिपाही)।** पुलिस का पब्लिक के साथ बेहतर रिश्ता व विश्वसनीय बनाने के लिए इटकी थाना परिसर में 12 सितंबर की सुबह 11 बजे से जन शिकायत समाधान शिविर आयोजित होगा, जिसमें आमजनों की समस्याओं को तत्काल निराकरण कर लोगों को लाभ पहुंचाया जायेगा। उक्त जानकारी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने ज्ञापन जारी कर दी। शिविर में डीएसपी अखिल नितिश कुजूर, सीओ और बीडीओ आदि मौजूद रहेंगे।

### केंद्रीय मंत्री व हटिया विधायक ने किया पीसीसी पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास

# रांची लोकसभा के प्रत्येक गांव का विकास ही मेरा लक्ष्य : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



सपारोम गांव में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते केंद्रीय मंत्री संजय सेठ व हटिया विधायक नवीन जायसवाल।

**पिस्कानगड़ी।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री रांची के सांसद संजय सेठ व हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने रविवार को संयुक्त रूप से नगड़ी प्रखंड के सपारोम पंचायत स्थित रिंग रोड-लालगुटवा तालाब से सपारोम निवासी विनोद कच्छप के घर तक ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से बनने वाले पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास शीला पट से पर्दा हटाकर किया। लगभग एक किलोमीटर लंबी बनने वाली सड़क एक करोड़ चार लाख 89 हजार रुपये की लागत से निर्मित होगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव का विकास करना ही मेरा लक्ष्य है। गांव ग्रामीण इस रोड को अपनी देख-रेख में अच्छे ढंग से निर्माण करायें। दूसरी ओर, हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हटिया विधानसभा क्षेत्र के लिए 24 घंटा निरंतर सेवा में लगा हुआ हूं। क्षेत्र का समूचित विकास करना ही मेरा लक्ष्य है। इस मौके पर सपारोम पंचायत के दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## रातू-गोविंदनगर एनएच 75 पर भीषण हादसा, वृद्ध दंपति की मौत, नाती गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** थाना क्षेत्र के गोविंद नगर के समीप रविवार की दोपहर 2.30 बजे स्कार्पियो की चपेट में आने से तिलता निवासी वृद्ध गोपीचंद शाह (75) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि, उनकी पत्नी राजमणी देवी (70) और 13 साल का नाती प्रियांशु गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से दोनों को सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉ सुजीत कश्यप ने प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। वहां जाने पर चिकित्सकों ने राजमणी देवी को भी मृत घोषित कर दिया। वहीं नाती प्रियांशु का बांया हाथ क्षतिग्रस्त हो गया। उसे न्यूरो सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। उधर, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। मृतकों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स अस्पताल भेज दिया। इस बाबत मृतक के पुत्र राजेश कुमार ने रातू थाने में अज्ञात स्कार्पियो चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। बताया कि गोपीचंद शाह अपनी पत्नी और नाती के साथ रांची जाने के लिये सड़क किनारे ऑटो का इंतजार कर रहे थे। तभी गोविंद नगर से एक कार निकल रही थी। इस दौरान तिलता ओवरब्रिज की ओर तेजी और लापरवाही से स्कार्पियो चलाते हुए जा रहे चालक ने पहले डिवाइडर को ठोकर मारा। उसके बाद तीनों को रौंदते हुए फरार हो गया। हादसे में वहां खड़े पीसीआर 29 की टीम बाल-बाल बच गये। पुलिस आसपास में मकान व दुकानों में लगे सिसिटीवी फुटेज की मदद से वाहन की पहचान करने में जुटी हुई है।

## रातू में 10 को मनेगा करम पूर्व संध्या महोत्सव

**रातू (आजाद सिपाही)।** काठीटांड़ स्थित पड़हा भवन परिसर में 10 सितंबर को करम पूर्व संध्या महोत्सव मनाया जायेगा। इसकी शुरूआत सुबह 11 बजे प्रार्थना सभा से होगी। इसके बाद देर शाम तक गीत-नृत्य का दौर चलेगा। इसमें प्रत्येक गांव से खोड़हा टीम पारंपरिक वेश-भूषा और गाजे-बाजे के साथ भाग लेगी। उन्हें पुरस्कृत भी किया जायेगा। इसका निर्णय अमर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित सरहुल पूजा समिति की बैठक में लिया गया। वक्ताओं ने धर्म व संस्कृति की रक्षा पर जोर दिया। उन्होंने समाज के प्रबुद्ध, युवा और छात्रों से विलुप्त होती पड़हा व्यवस्था, रीति-रिवाज व धरोहर को बचाने में आगे आने की अपील की। इससे पूर्व तैयारी समिति का गठन किया गया। संचालन संजय उरांव ने किया। मौके पर चारे भगत, सुखदेव उरांव, आदित्य तिर्की आदि थे।

## निर्माण के 11 महीने बीतने के बाद भी देश का पहला अत्याधुनिक उपकरणों से लैस एनसीडीसी जांच केंद्र भवन नहीं हो सका हैंडओवर

आजाद सिपाही संवाददाता



**इटकी।** इटकी में अत्याधुनिक नव निर्मित एनसीडीसी (नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल) जांच केंद्र भवन का निर्माण 11 महीने में पूरा करना था। लेकिन विभाग को भवन निर्माण में करीब छह वर्ष लग गये। एनसीडीसी का भवन निर्माण हो चुका है। इसके बावजूद विभाग को सौंपे नहीं जाने के कारण यहां जांच शुरू नहीं हो सकी है। केंद्र सरकार को सीपीडब्लूडी द्वारा भवन निर्माण में करीब 13 करोड़ रुपये से अधिक लागत आई है। इटकी में देश का पहला अत्याधुनिक उपकरणों से लैस एनसीडीसी केंद्र होगा। अधिकृत विभागीय जानकारी के अनुसार इस उच्च स्तरीय जांच केंद्र के भवन निर्माण कार्य पूरा होते ही यहां संचारी रोग से संबंधित सभी प्रकार की जांच शुरू करने योजना थी, लेकिन निर्माण विभाग द्वारा अबतक भवन हैंडओवर ही नहीं किया गया है। जिससे यहां जांच यथावत पड़ा है। बताते चलें कि फरवरी वर्ष 2023 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव गुलाम मुस्तफा निर्माणधीन भवन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उपस्थित सीपीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता केके राय ने दावा किया था कि दो महीने के अंदर इस भवन का निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जायेगा । बताया गया है कि चाहरदिवारी का भी रंग रोगण सहित अन्य कार्य पूरा कर ली गई है।

### वर्ष 2019 में अस्पताल भवन की रखी गयी थी आधारशिला

विभाग के अधिकृत अधिकारियों की एक टीम ने मेडिको सिटी के लिए अधिग्रहित भूमि पर एनसीडीसी के लिए दो एकड़ भूमि पर मार्केशन कर अलग कराया था। इसके बाद 1 मार्च 2019 को स्थल पर लेआउट कर एनसीडीसी अस्पताल भवन की आधारशिला रखी गयी थी। इस दौरान मेडिको सिटी के लिए अधिग्रहित 100 भूमि को चार अलग-अलग लॉटो में बांटा गया था। जिनमें चिकित्सा सेवा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अलग-अलग प्रारूप तैयार किया था। प्लाट संख्या 23, 81 रकबा 8.40 एकड़ में दो एकड़ भूमि पर एनसीडीसी अस्पताल का स्थापना किया गया। गौरतलब हो कि केंद्र सरकार की पूरे देश में इस प्रकार के 30 नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल जांच केंद्र भवन स्थापित करने की योजना है। उक्त जानकारी देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव गुलाम मुस्तफा ने बताया था कि इटकी में पहला देश का अत्याधुनिक उपकरणों से लैस एनसीडीसी केन्द्र होगा। अस्पताल में संचारी रोग से संबंधित सभी प्रकार मरीजों का उच्च स्तरीय जांच कर इलाज उपलब्ध कराया जायेगा ।

### बेड़ो में विधायक ने किया पांच योजनाओं का शिलान्यास

# मांडर के हर क्षेत्र को चहुंमुखी विकास की ओर ले जाना ही लक्ष्य : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



शिलान्यास के मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व ग्रामीण।

**बेड़ो।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने रविवार को विधायक मद से बनने वाली प्रखंड के डोरंडा कमल टोली में जनाजा शेड, डोरंडा के टोंगरी टोली में अखड़ा, नरकोपी में सिंघलु साहू के घर से मुख्य पथ होते हुए हाई स्कूल तक पीसीसी पथ, तुतलो पंचायत के मसियातु से चापाडीह झखरा तक पथ मोरमीकरण व बेड़ो के कुदारखो गांव में स्टेज निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा हर गांव में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। जहां हर वर्ग का ख्याल रखकर विकास कार्य करवायें जा रहें हैं। पूरे विधानसभा के प्रत्येक गांव में बिना भेदभाव के विकास कार्य करवायें जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि मेरा पूरा प्रयास मांडर विधानसभा के हर क्षेत्र को चहुंमुखी विकास की ओर ले जाना है। विधानसभा में विकास कार्यों में तेजी लाते हुए लगातार योजनाओं का शिलान्यास कार्य किया जा रहा है। वहीं, नरकोपी में सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में काफी खुशी है। लोगों ने अपनी सहमति दर्ज करते हुए कहा कि लंबे समय से यह मांग थी। जिसे विधायक ने अपने मद से पूरा किया, इसके लिए उन्होंने विधायक के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया है। मौके पर उप प्रमुख मोदासीर हक मुखिया सरिता एक्का प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, सिल्वेस्टर कच्छप, फहीम आदि मौजूद थे।

## मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नया भुसूर स्पोटिंग क्लब की ओर से मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को लालखटंगा के नया भुसूर स्कूल खेल मैदान में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में खरसीदाग ओपी प्रभारी भवेस कुमार ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर मैच की शुरूआत की। ग्रामीण क्षेत्रों में टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। वहीं, पहले मैच में लिटिल स्टार और दूसरे मैच में सनराइजर्स की टीम विजई रही। वहीं, क्लब के संयोजक सह पूर्व मुखिया रितेश उरांव ने बताया कि टूर्नामेंट में बालक व बालिकाओं की कुल 16 टीमें भाग ले रही है। मौके पर लालखटंगा मुखिया पुष्पा तिर्की, जिप सदस्य विपिन टोप्पो, जिता कच्छप, नन्हे कच्छप, बिरीश मिंज, राज कच्छप, अनिरुद्ध पांडे, गोपाल चौधरी, संदीप मुंडा, राजेश टोप्पो, सुरेंद्र महतो, विक्रम उरांव, मुन्ना टोप्पो, अजित टोप्पो, विक्की, राजेंद्र, रवि और खेल प्रेमी मौजूद थे।

## आदिवासी ब्वॉयज की टीम ने बनी विजेता



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खटंगा पंचायत में चल रही प्रेरणा क्लब खटंगा पंचायत फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। जिसमें आदिवासी बॉयज क्लब की टीम विजेता हुई। वहीं समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी उपस्थित रहे। फाइनल मैच का शुभारंभ रामटहल व अन्य अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। बताते चले कि इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। जिसका फाइनल मैच नव झारखंड बहू बाजार बनाम आदिवासी बॉयज के बीच खेला गया। जिसमें आदिवासी बॉयज की टीम ने झारखंड बहू बाजार के टीम को एक गोल से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए रामटहल चौधरी ने कहा कि आज के खिलाड़ियों में प्रमिभा की कोई कमी नहीं है। बस उन्हें सही प्लेटफार्म मिलने की जरूरत है। खिलाड़ी खेल के माध्यम से भी अपना कैरियर बना सकते है। वहीं, विजेता टीम को 51 हजार व एक बड़ा शील्ड, उपविजेता को 31 हजार व एक छोटा शील्ड एवं तृतीय व चौथे स्थान पर आने वाली टीम को क्रमशः 11-11 हजार रुपये व एक छोटा शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में क्लब के संरक्षक सह भाजपा नेता संजीत सिंह, सदस्य उमेश लोहरा, अरविंद महतो, आकाश उरांव, रमेश मुंडा, सुर्दशन गोप का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, कांके विधायक समरी लाल, प्रदेश उपाध्यक्ष बाल मुकम सहाय, भाजपा नेता युवराज पासवान, कर्नल विरेंद्र सिंह, खेलगांव थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह, पूर्व विधायक कांके जितू चरण, कांग्रेस नेता सुरेश बैठा, टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, भाजयुमो अध्यक्ष सत्यजीत सिंह, विपिन जयसवाल, मृत्युंजय शर्मा, अमित नारायण, विवेक जायसवाल, रणधीर चौधरी आदि उपस्थित थे।

## झामुमो नेता रामानंद बेदिया ने नये बिजली ट्रांसफॉर्मर का किया उद्घाटन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झामुमो नेता रामानंद बेदिया ने रविवार को बरवादाग पंचायत के चुकडुवाहा गांव में 25 केवीए के नए बिजली ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया। यहां का ट्रांसफॉर्मर विगत कई दिनों से खराब पड़ा था। इससे लोग अंधकार में थे। इसकी सूचना रामानंद बेदिया को मिली। उन्होंने तुरंत विभागीय अधिकारियों से बात की और यहां नया ट्रांसफॉर्मर आवंटित कराया। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए झामुमो नेता के प्रति आभार जताया। इस मौके पर टाटी उपमुखिया बीरबल बेदिया, जीतू मुंडा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## आजसू के नवनिर्माण संकल्प सभा में अनगड़ा से शामिल हुए हजारों युवा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आजसू की ओर से रांची में आहूत झारखंड नव निर्माण संकल्प सभा में रविवार को अनगड़ा प्रखंड से हजारों बेरोजगार युवा शामिल हुए। इधर, रांची रवाना होने से पूर्व आजसू के ज़िला प्रवक्ता रोशन लाल मुंडा के नेतृत्व में सैकड़ों बेरोजगार युवकों ने राज्य सरकार की वादाखिलाफी और युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ गोंदलीपोखर में आक्रोश रैली निकाली। यह रैली होटल राजधानी से शूरू होकर ओवर ब्रिज तक गई। इस दौरान राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और हल्ला बोला गया। रैली में आजसू के केंद्रीय सदस्य विरेंद्र सिंह भोगता, आतिश महतो, जगरनाथ महतो, धर्मेंद्र सिंह, अजित महतो, किशुन महतो, प्रेम साहु, अर्जुन राम, फलिन्द्र महतो, पारसनाथ महतो और महावीर महतो आदि शामिल हुए।

## विघ्नहर्ता गणेश की भक्ति में डूबा बेड़ो

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में श्री राधेकृष्ण यूथ संगम क्लब गणेश पूजा महासमिति के तत्वाधान में भव्य गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में विघ्न विनाशक गणपति बप्पा का जयकारा लगाते हुए उनके दर्शन को उमड़ रहे हैं। वहीं, सुबह शाम आरती में आस्था का श्रद्धालु भक्तों का सैलाब देखने को मिल रहा है। पूजा पंडाल में विराजमान गणेश भगवान की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अशोक व सोनू पंडित द्वारा विधि पूर्वक मंत्रोंचारण के साथ पुरोहित शिवेंद्र सौरभ की मौजूदगी में गणेश पूजोत्सव प्रारंभ किया गया। वहीं पूजा कमेटी की ओर से महादानी मैदान में मीना बाजार एवं मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें मनोरंजन के लिए झूला, मिठाई, चाट, चौमिन, आइसक्रीम घरेलू व श्रृंगार सामग्री की दुकान सजी हुई है। वही शाम मे आरती के बाद रौनियार वैश्य सभा बेड़ो इकाई के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता व सचिव मोतीलाल गुप्ता के अगुवाई में विशाल भंडारे का वितरण किया गया। पूजा को सफल बनाने में शिवेंद्र सौरभ,अंकित सोनी, उत्तम सोनी, अमन गुप्ता और आशीष महतो की भूमिका सराहनीय है।

# पथरा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय को प्लस-2 का दर्जा दिलाने के लिए एकजुट हुए ग्रामीण



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र और बिहार-झारखंड के सीमा पर स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पथरा के परिसर में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जिसमें ग्रामीणों ने एकजुटता के साथ स्तरोन्नत उच्च विद्यालय को प्लस-2 का दर्जा दिलवाने के लिए सभी आवश्यक पहल करने की प्रतिबद्धता दुहराई। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामराज पासवान ने कहा कि इस गांव से इंटरमीडिएट की पढ़ाई करने के लिए छात्र-छात्राओं को 15 से 20 किलोमीटर दूरी तय करके हुसैनाबाद जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पथरा को 10 प्लस-2 में उत्क्रमण कराने को लेकर जल्द ही झारखण्ड सरकार के शिक्षामंत्री बैद्यनाथ राम और पलामू सांसद विष्णु दयाल राम से ग्रामीणों व अभिभाववाकों के साथ मिलकर समस्याओं से अवगत कराया जायेगा। मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किये गए सेवानिर्वित शिक्षक छेदी राम, समाजसेवी राज अली ऊर्फ जाकिर अली, रामप्रवेश राम, विनोद पासवान, कृष्णा राम, विजय पासवान, हरेंद्र बैठा, अरविंद कुमार यादव, अभय कुमार सिन्हा आदी मौजूद थे।

## पांकी विधायक ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

# लोगों को इलाज कराने के लिए बाहर नहीं जाना होगा: विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड के नुरु पंचायत के ग्राम टाटीदिरी में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पूजा अर्चना के बाद शिलापट् का अनावरण करके किया। इस अवसर पर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, पानी, बिजली और स्वास्थ्य बहुत जरूरी है। क्षेत्र के विकास के लिए उसी कड़ी में एक कदम बढ़ाते हुए टाटीदिरी गांव में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। उप स्वास्थ केंद्र बन जाने से नुरू पंचायत ही नहीं अगल बगल के गांव के लोगों को भी लाभ मिलेगा। विदायक ने कहा कि उनका मकसद क्षेत्र का विकास करना है जिसके लिए दिन-रात लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पूरे पांकी विधानसभा में सड़क, नाली, उप स्वास्थ्य केंद्र और अन्य तरह के विकास कार्यों का शिलान्यास कार्य किया जाएगा। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर,नीलांबर पीताम्बरपुर प्रमुख सुनील पासवान, पांकी विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह, सुनील गुप्ता, यसवंत कुमार, सुनील कुशवाहा, कमेश यादव, अनूप कुमार महतो, राजू सिंह, अजय पासवान, हारून मियां, अनवर अंसारी, एजाहत अंसारी, लाल मोहमद, अंसारी आदि मौजूद थे।



उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते पांकि विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

# भगवान शिव सब कुछ देते हैं तो ज्ञान भी देंगे: चंद्रवंशी



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय परिसर स्थित जरासंध स्टेडियम में विशाल शिव गुरु चर्चा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने शिव गुरु चर्चा के संस्थापक हरींद्रानंद व नीलम दीदी के तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। शिव गुरु चर्चा कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि शिव जगत गुरू है, संसार के जितने भी लोग है सभी उनके शिष्य हैं। हम सदियों से उनका भगवान भाव से पूजा करते आ रहे हैं। यदि हम उन्हें गुरू भाव से याचना पूर्वक दया मांगे तो हमारा कल्याण निश्चित होगा। इस संसार के एक-एक लोग उनका शिष्य बनकर गुरु भाव दे तो पूरे जगत का कल्याण निश्चित रूप से हो जायेगा। हमलोगों का पहला कार्य है अपने आसपास के लोगों को प्रेरित कर उन्हें भी जागृत करना। उन्होंने कहा कि भगवान शिव सब कुछ देते हैं तो ज्ञान भी देंगे। अगर हम उनसे गुरु भाव से याचना पूर्वक दया मांगें तो हमारा कल्याण निश्चित होगा। वहीं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि भगवान शिव त्रिकालदशी,अंतयार्मी,अजर-अमर अविनाशी हैं। वे सारे संसार के गुरु हैं। भगवान शिव ऐसे देव हैं जिनकी पूजा-आराधना से सभी प्रकार के कष्टों का शमन होता है। थोड़ी सी श्रद्धा व भक्ति के साथ की गई पूजा-अर्चना से महादेव तुरंत प्रसन्न हो जाते हैं। उन्होंने कहां कि शिव चर्चा तीन सूत्रों पर आधारित है। पहला सूत्र भगवान शिव से दया मांगना है कि हे शिव हम पर दया करे और हमें अपने शरण में ले। दूसरा सूत्र अपने आस पास के लोगों से शिव चर्चा करना व कराना और तीसरा सूत्र 108 वार ओम नमः शिवाय का जाप करना है। शिव गुरु चर्चा कार्यक्रम में शिव भक्तों के द्वारा भजन कीर्तन किया गया। कार्यक्रम में पलामू गढ़वा व लातेहार जिला के अलावा छत्तीसगढ़ व उत्तरप्रदेश से भी शिव शिष्य शामिल होकर भजन कीर्तन किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,भोला चंद्रवंशी, शिव परिवार के एस कुमार,उर्मिला कुमारी, यमुना प्रसाद, पंचम, राम प्रवेश, राजेश प्रसाद, आलोक कुमार, कमल कुमार, आशीष पांडेय, धर्मेन्द्र कुमार, चंदन कुमार, राहुल कुमार सहित हजारों की संख्या में शिव भक्त मौजूद थे।

# दिवंगत के परिजनों से मिली अरुणा शंकर, बंधाया ढांढ़स



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर और वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद शंकर ने रेड़मा निवासी दिवंगत रविंद्र तिवारी के परिजनों से रविवार को मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। बतातें चलें कि गत शुक्रवार को दिवंगत रविंद्र तिवारी का पारस अस्पताल में निधन हो गया था। शनिवार को पंपु कल स्थित श्मशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया था। दिवंगत रविन्द्र तिवारी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी थे। वह सामाजिक तौर पर काफी सक्रिय रहते थे। इसकी जानकारी मिलने पर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रेड़मा स्थित उनके आवास पर पहुंच कर उनकी पत्नी व पुत्रों समेत पूरे परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि हम सभी उनके दुख में साथ खड़ा हैं। इस दौरान उक्त रास्ते की खराब स्थिति को देखते हुए अपने निजी कोष से दो हाईवा डस्ट गिराने का आदेश दिया।

# नदी में नहाने गये नाबालिग की डूबने से मौत



रोते बिलखते परिजन व समझाते लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** नदी में नहाने के दौरान हगरायी में चले चाने से चार साल के बच्चे की मौत हो गयी। उसकी पहचान रुद्र कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रुद्र और उसका बड़ा भाई रितिक कुमार (60 घर से कुछ ही दूर पर मलय नदी के श्मशान घाट पर नहाने गए थे। इसी क्रम में रुद्र कुमार पानी के तेज बहाव में बहने लगा। यह देख उसके बड़े भाई रितिक कुमार रुद्र को पकड़ कर खींचने का काफी प्रयास किया लेकिन उसे बचा नहीं पाया, क्योंकि वह भी मात्र 6 वर्ष का बच्चा है। उसी दौरान उसी रास्ते से गुजर रहे एक राहगीर ने रूद्र को पानी से बाहर निकाला और उसके घर तक पहुंचाया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बतातें चलें कि नदी में बरसात के चलते पानी अधिक तो है ही। धान की सिंचाई के लिए नाहर का पानी भी खोला गया है जिससे नदी में पानी बढ़ गया है। इधर, बच्चे का शव देखकर पिता रविंद्र पासवान उसकी मां, चाचा-चाची एवं दादा दादी का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं जानकारी मिलने के बाद रुद्र का शव देखने के लिए अगल-बगल के लोगों की भीड़ लग गई। बताते चलें कि रविंद्र पासवान बेहद गरीब है। वह मजदूर का काम करता है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला-छतरपुर मुख्य सड़क के गम्हर बिगहा मोड़ के समीप रविवार को सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे घायल का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किये जाने के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान हैदरनगर थाना क्षेत्र के सरगड़ा गांव निवासी संतोष राजवार (45) के रूप में की गई। वहीं, घायल सत्यनारायण रजवार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के संढा गांव का बताया जाता है। जानकारी के अनुसार दोनों एक बाइक पर सवार होकर संढा से जपला आ रहें थे, इसी क्रम में गम्हरबिगहा गांव के समीप टर्निंग पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में संतोष रजवार को सिर व चेहरे पर गंभीर चोट लगी थी। इस घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस अस्पताल में पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया।

# मुमताज अंसारी चुने गये चौकीदार संघ के अध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी थाना परिसर में रविवार को चौकीदार संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता चौकीदार उदय पासवान ने की। इस दौरान पुराना संगठन को भंग करते हुए नया संगठन का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से चौकीदार संघ के अध्यक्ष मुमताज अंसारी को चुना गया। पूर्व अध्यक्ष वाहिद मियां के सेवानिर्वित होने के बाद उनके सर्वसहमति से पुनः गठन किया गया। वहीं, कार्यकारिणी सदस्य चौकीदार मनोज कुमार पासवान, सुरेंद्र पासवान, सकेंद्र राम, जनेश्वर मांझी, झरी यादव, राजेश भुइंया, बिरजू मांझी, संतु भुइंया, बिकेश पासवान, दीपनारायण उरांव, मनोज पासवान, सरजू मांझी सुरेश मांझी को बनाया गया। इस दौरान मुमताज अंसारी ने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेवारी के लिए मुझे चुना गया है उसे बखूबी निभाउंगा। संगठन की हर समस्या का निराकरण के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। संगठन के लोगों के साथ हमेशा सुख दुख में शामिल रहूंगा। वहीं, सबइंस्पेक्टर ओमप्रकाश शाह ने मुमताज अंसारी को अध्यक्ष चुने जाने पर फूल माला पहनाकर उज्जवल भविष्य की कामना की और बधाई दिया। मौके पर एसआई ओम प्रकाश शाह, सिया राम राय, गोपाल राय, अनूप टोपनो, ए एसआई भोला राम, मुकेश कुमार ,सुखलाल, पिंटू कुमार, राकेश और श्रवण कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# सतबरवा में गणेश महोत्सव की धूम

**सतबरवा/ पलामू ( आजाद सिपाही)।** सतबरवा काली मंदिर मेलाटांड़, लक्ष्मण घाट, बांके बिहारी मंदिर एवं ठाकुरबाड़ी मंदिर के पास भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही पूजा शुरू हो गई है। रविवार को दूसरा दिन है सभी पंडालों में विधिवत पूजा आरती एवं प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। लक्ष्मण घाट के पूजा पंडाल में सुबह पूजा आरती के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और गणपति महाराज के पंडाल में माथा टेकर सुख समृद्धि की कामना की। गणेश पूजा समिति के सदस्य शतन जायसवाल एवं सुजू प्रसाद ने बताया कि तीन दिनों तक यह कार्यक्रम चलेगा और प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया गया है। सभी जगह पंडालों को लाइट झालर एवं डेकोरेट कर काफी मनमोहक सजाया गया है, वही चारों तरफ पंडालों में भक्ति गानों से गुंजायमान हो रहा है।

# पूजा-समारोह से सामाजिक सौहार्द्र को मिलती है मजबूती : कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** नवयुवक गणपति पूजा सेवा समिति के तत्वाधान में शनिवार की रात मेन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित गणेश चतुर्थी पर राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव की ओर से भव्य महाआरती किया गया। उन्होंने कहा कि पूजा समारोहों के आयोजन से एक ओर जहां सामाजिक सौहार्द को मजबूती मिलती है, वहीं दूसरी ओर लोगों में धार्मिक भावनाओं का विकास होता है। उन्होंने हरिहरगंज-पलामू समेत सभी राज्यवासियों को गणपति बप्पा मोर्या महोत्सव पर सुख, शांति और समृद्धि की गणपति से कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर महाआरती कार्यक्रम का उद्घाटन का अवसर देने पर समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर गणपति पूजासमिति के अध्यक्ष पंकज पासवान, सचिव कमलदीप विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष प्रियांशु जायसवाल, अमित गुप्ता, कन्हाई विश्वकर्मा, सतेंद्र शाह, हिमांशु गुप्ता, बीटू खुराना, निर्भय खुराना, शनि सशांक, शेखर, सौरभ पाठक, तुषार कुमार, रिशु गुप्ता, पंकज कुमार, विकाश कुमार, छोटू प्रिंस कुमार आदि मौजूद रहे।



# स्पोर्ट्स



दलीप ट्राफी के चौथे दिन रविवार को इंडिया बी ने इंडिया ए टीम को 76 रनों से हरा दिया। टीम की तररफ से यश दयाल ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके, जबकि मुकेश व नवदीप सैनी को दो-दो विकेट मिले।

# भारत ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में चीन को हराया

**सुखजीत, उत्तम व अभिषेक ने गोल किए, अगला मैच जापान से**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में जीत से आगाज किया। पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट टीम ने अपने पहले मुकाबले में रविवार को हुलुनबुइर में खेले गए मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराया। भारत का अगला मुकाबला कल यानी 9 सितंबर को जापान से होगा। डिफेंडिंग चैंपियन भारत की ओर से सुखजीत सिंह, उत्तम सिंह और अभिषेक ने किया। सुखजीत पहले क्वार्टर के 14वें मिनट में गोल कर खाता खोला। इसके बाद दूसरे क्वार्टर के 27वें मिनट में उत्तम सिंह ने लीड को दोगुना कर दिया। अभिषेक ने 32वें मिनट में गोल किया। बतातें चलें कि भारत के साथ इस टूर्नामेंट में चीन, कोरिया, जापान, मलेशिया, और पाकिस्तान भाग लेंगे। राइवल पकिस्तान से भारत का मुकाबला 14 सितंबर को होगा। टूर्नामेंट का फाइनल 17 को खेला जाएगा।

## भारत सबसे सफल टीम

भारतीय हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की डिफेंडिंग चैंपियन है। भारत ने चार और पाकिस्तान ने तीन बार खिताब जीता है। वहीं 2021 में साउथ कोरिया ने टाइटल जीता था। गौरतलब हो कि हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने हाल ही में खत्म हुए पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। भारतीय टीम ने ब्रॉन्ज मेडल मैच में स्पेन को 2-1 से मात दी थी। यह भारतीय टीम का ओलिंपिक में लगातार दूसरा ब्रॉन्ज मेडल था।

# इंडिया बी ने इंडिया ए को 76 रन से हराया

## पेसर यश दयाल ने झटके 3 विकेट, मुशीर खान प्लेयर ऑफ द मैच



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दलीप ट्रॉफी के चौथे दिन इंडिया बी ने इंडिया ए को 76 रन से हरा दिया। टीम की तरफ यश दयाल ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए, जबकि मुकेश कुमार और नवदीप सैनी को 2-2 विकेट मिले। इंडिया ए को जीत के लिए 275 रन का टारगेट मिला था। शुरूआती झटकों के बाद के एल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी की और हाफ सेंचुरी लगाई। उनके अलावा आकाशदीप ने 42 बॉल पर 43 रन बनाए। आखिरी सेशन में टीम को मैच जीतने के लिए 143 रन की जरुरत थी, लेकिन टीम 198 रन पर ऑलआउट हो गई। आखिरी दिन रविवार को इंडिया बी की दूसरी पारी 184 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले, इंडिया बी ने दिन की शुरूआत 150/6 के स्कोर से की। ऋषभ पंत ने 61 रन की पारी खेली। इंडिया-ए के लिए आकाश दीप ने 5 विकेट झटके, जबकि खलील अहमद को 3 विकेट मिले।

## के एल राहुल ने पारी को संभाला

275 रन का पीछा करने उतरी इंडिया ए की शुरूआत खराब रही। टीम ने अपना पहला विकेट 7 रन पर गंवा दिया। इसके बाद कप्तान शुभमन गिल (21) और रियान पराग (31) ने तेजी से खेलते हुए टीम का स्कोर 50 के पार पहुंचाया। शुभमन और रियान के आउट होने के बाद इंडिया ए के पारी लड़खड़ा गई। टीम ने 2 ओवर में 2 विकेट गंवा दिया। मिडिल ऑर्डर बैट्समैन ध्रुव जुरेल और तनुष कोटियां शून्य के स्कोर पर पवेलियन लौट गए, लेकिन के एल राहुल एक छोर से टिके रहे। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए हाफ सेंचुरी बनाई। राहुल को 57 रन पर मुकेश कुमार ने पंत के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए आकाशदीप ने शानदार बल्लेबाजी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। उन्होंने 42 बॉल पर 43 रन की पारे खेली। पारी में उन्होंने 3 चौके और 4 छक्के लगाए। उन्हें शॉट लेग पर खड़े मुशीर खान ने रन आउट किया। उधर, मुशीर खान को पहले इनिंग में शतक के चलते प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने मुकाबले के पहले दिन शतक लगाया। दूसरे दिन मुशीर ने तेजी से बल्लेबाजी की, उनका साथ नवदीप सैनी ने दिया। दोनों ने मिलकर आठवें विकेट के लिए 205 रन की साझेदारी की। मुशीर खान ने 181 रन की पारी खेली, वहीं नवदीप सैनी ने 56 रन बनाए।

# हुसैनाबाद में गणेश उत्सव की धूम



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सिद्धि विनायक भगवान गणेश की पूजा हुसैनाबाद शहर में धूमधाम से की गई। गणेश चतुर्थी के मौके पर शहर के हरिहर चौक के समीप स्थानीय युवाओं द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से पूजा की गयी। गणपति का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। बाजार और घरों में भी चहल-पहल बनी रही। मंदिरों और पंडालों में भी भगवान गणेश की पूजा-पाठ पूरे विधि-विधान के साथ की गयी। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंडालों में पहुंचकर उनका दर्शन कर पूजा की। वैदिक मंत्रोच्चारण से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से शहर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। गणेश महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं के बीच विशेष उत्साह रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेश पूजनोत्सव धूम-धाम के साथ मनाया गया। इस दौरान नव अभिषेक कुमार, सतीश कुमार, अमन कुमार, पेंटल कुमार, बॉबी कुमार, सूरज और बुचनो आदि सक्रिय रहें।

# झारखंड भी चल रहा पश्चिम बंगाल के नक्शे कदम पर : अग्निमित्र पाल

## कार्यकर्ताओं से कहा, अपने बूथों पर बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर सूची ने नाम हटवायें

### कांग्रेस-झामुमो कार्यकर्ताओं के दरवाजे पर भी सुझाव पत्रक लेकर जायें भाजपाई

**झरिया विधानसभा में बूथ नंबर एक से सदस्यता अभियान कार्यक्रम की शुरुआत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनसार।** बस्ताकोला मंडल के चांदमारी स्थित बूथ संख्या एक से रविवार को भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरूआत हुई। जिसका शुभारंभ आसनसोल दक्षिण से भाजपा विधायक सह पश्चिम बंगाल भाजपा की प्रदेश महामंत्री अग्निमित्र पाल ने किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सुझाव पत्रक लेकर घर-घर जाए। अपने क्षेत्र और विधानसभा में विकास से संबंधित सुझाव लें। बूथ की सूची लेकर जाएं और जांच करें की किन बूथों पर बंग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या कीतनी है। राष्ट्र को बचाने में ऐसे सभी घुसपैठियों को चिन्हित कर देश से बाहर निकालने पर विशेष ध्यान दें। कहा कि पश्चिम बंगाल की स्थित आज किसी से छिपी नहीं है। झारखंड भी बंगाल के नक्शे कदम पर चल रहा है। इसलिए यहां से भाजपा को जीतना होगा। अग्निमित्र पाल ने कहा कि सुझाव पत्रक लेकर कांग्रेस और झामुमो कार्यकर्ताओं के घर भी जाएं। कहा कि आपके अथक प्रयास से ही इस राज्य में परिवर्तन आएगा। वहीं, जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव से पहले जिम्मेवारी को पुरा कर लें। संगठन एक- एक कार्यकर्ता की बदौलत खड़ी है और आगे सशक्त बनाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष तरुण राय और संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी व धन्यवाद ज्ञापन मंडल उपाध्यक्ष संजय रवानी ने किया। मौके पर धनबाद के प्रभारी राजकुमार श्रीवास्तव, प्रतिमा गिरी, रवि मिश्रा, रामदेव शर्मा, रंजन सिंह, आकाश पासवान, शोभा देवी, काजू राय, सुनिता पासवान, सूजय दत्ता, संजू पासवान, राजू दास उपस्थित थे।




चांदमारी के बूथ संख्या एक से भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ करती बंगाल के आसनसोल दक्षिण की विधायक अग्निमित्रा पाल, रागिनी सिंह व अन्य।

# धनबाद की समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे से मिले विधायक

**सौंपा 11 सूत्री मांग पत्र, निरंतर बिजली सहित अन्य समस्याओं पर हुई चर्चा**

**आजा सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** केंद्रीय कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे के धनबाद आगमन पर होटल सोनोटेल में मुलाकात कर धनबाद विधायक राज सिन्हा नें 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। विधायक ने केंद्रीय मंत्री से धनबाद में निरंतर बिजली सहित कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं पर चर्चा हुई। इस दौरान प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ ही बीसीसीएल के कई वरीय पदाधिकारी मौके पर उपस्थित थे। इसके बाद विधायक सहित बीसीसीएल पदाधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री के साथ कोयला नगर मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक व केंद्रीय मंत्री ने कोयला नगर उद्यान में वृक्षारोपण भी किया।



## धनबाद पहुंचे केंद्रीय कोयला व खान राज्यमंत्री का डीसी ने किया स्वगत



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे शनिवार की रात धनबाद पहुंचे। जहां डीसी माधवी मिश्रा ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने विधायक, डीसी, कोल इंडिया लिमिटेड और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के पदाधिकारियों के साथ खनन को लेकर चर्चा की। बतातें चलें कि केंद्रीय मंत्री भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने धनबाद पहुंचे हैं। इस मौके पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# बोकारो के डैफोडिल फूड होटल में उत्पाद विभाग की छापामारी, संचालक गिरफ्तार



**विदेशी शराब व झारखंड सरकार का नकली लोगो भी हुआ बरामद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** डीसी विजया जाधव को मिली गुप्त सूचना पर उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। उत्पाद विभाग ने बोकारो उत्पाद के सहायक आयुक्त के नेतृत्व में बोकारो स्टील सिटी थाना अंतर्गत सिटी पार्क परिसर में संचालित डैफोडिल फूड होटल में रविवार की सुबह छापामारी की। इस क्रम में होटल से अवैध शराब जब्त किया गया। होटल से 146 44.808 लीटर विदेशी शराब, बडवाइसर बियर 500 एमएल 10 पीस एवं झारखंड सरकार का नकली लोगो बरामद किया है। इस मामले में मौके पर मौजूद होटल संचालक सुदेश कुमार शानन को भी उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। बोकारो डीसी ने आमजनों से अपील की है कि अपने आस-पास अवैध शराब की बिक्री-परिवहन एवं भंडारण को लेकर कोई भी सूचना हो तो उन्हें तत्काल दें। उनका नाम गुप्त रखते हुए अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# श्रमिकों की समस्याओं के निदान और प्रावधान के अनुपालन का मिल कर करें प्रयासः बैरिस्टर

**कथारा में राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बांधकथारा।** कथारा चार नंबर स्थित अंबेदकर पार्क प्रांगण में श्रम संगठन एचएमएस से संबद्ध राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्र से जूडे पदाधिकारियों-सदस्यों की रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के कथारा क्षेत्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर सिंह और संचालन कार्यकारी अध्यक्ष गणेश राम ने किया। यहां प्रत्येक शाखा स्तर पर संगठन को सबल बनाने, हर परियोजना और क्षेत्रीय स्तर पर श्रमिकों से सबंधित समस्याओ को लेकर मांगपत्र तैयार कर प्रबंधन को सौंपने, प्रत्येक शाखा में सदस्यता बढ़ाने व समिति का पुनर्गठन करने की सहमति प्रदान की। वहीं 14 से 16 सितंबर के बीच संगठन के महामंत्री और जेबीसीसीआई सदस्य राजेश सिंह व कथारा क्षेत्रीय प्रबंधन के बीच समानजस्य स्थापित कर वृहत स्वरूप में बैठक करने आदि को लेकर चर्चा की गयी। यहां प्रत्येक परियोजना के शाखा सचिव और पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि संगठन की मजबूती के लिए एकजुटता के साथ प्रयास करेंगे। वहीं, क्षेत्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर सिंह ने कहा कि एकरुपता और एकजुटता के साथ संगठन को मजबूती प्रदान करें। श्रमिकों की समस्याओं का समुचित समाधान हो, इसकी पुरजोर कोशिश करें। वहीं अन्य सदस्यों ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीम राव अंबदेकर की प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकार श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इसके अलावा संगठन के कथारा क्षेत्र के प्रमुख विजय सिंह के 50वें जन्मदिन पर सभी ने शुभेच्छा दी। इस अवसर पर मो मीनाजुद्दीन, नागवंत प्रसाद, शक्ति सिंह, इस्लाम अंसारी, विनय राम, खगेश्वर रजक, देवकांत पटेल, गगन देव राम, रामराज चौहान, विकास सिंह, विनय राम, कार्तिक मांझी, अजय कुमार मंडल, छोटू चौहान, अजय कुमार यादव, मोजी लाल रविदास, गणेश राम आदि उपस्थित थे।

# पूरे देश को रोशन करने वाला झारखंड खुद ही अंधेरे में है : सतीश चंद्र दुबे



**लोगों का आरोप, एक ही विभाग के तीन मंत्रियों का बांसजोरा में अलग-अलग दौरे के बाद भी समस्याओं का नहीं हो रहा समाधान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोयाबाद/कतरास।** केंद्रीय कोयला खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे रविवार को धनबाद के सरायढेला स्थित कोयला भवन पहुंचे। वहां से सिजुआ एरिया पांच के बांसजोडा कोलियरी गये और अग्नि प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस मौके पर चैयरमेन पीएम प्रसाद और बीसीसील के सीमडी समीरन दता मौजूद रहे। बतातें चले कि इससे पहले भी 25 जुलाई को केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी ने भी इसी अग्नि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था। इससे भी पहले मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी इस क्षेत्र का दौरा किया था। लगातार केंद्रीय मंत्रियों का दौरा होने के बावजूद भी इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को ना ही पुर्नवास मिल पाया है और ना ही इसका कोई समाधान निकाला गया है। क्षेत्र की जनता को कुछ उम्मीद भी जगती है कि देश के इतने बडे-बड़े मंत्री उनके क्षेत्र का निरीक्षण करने आ रहे है तो कोई समाधान तो जरूर होगा लेकिन मंत्री जी आते हैं और चले जाते है। क्षेत्र के लोगों को फिर से निराशा ही हाथ लगती है। लोगों का कहना है कि एक ही विभाग के तीन मंत्री का क्षेत्र में अलग-अलग समय में दौरा होता है और समस्या का समाधान नहीं होता है। यह सरकार की मंशा को जाहिर करता है। वैसे कोयला राज्यमंत्री अग्नि प्रभावित क्षेत्रों पर कुछ बोलने से ज्यादा राज्य की वर्तमान गठबंधन सरकार के खिलाफ मुखर नजर आए। कहा कि पूरे देश को रोशन करने बाला झारखंड खुद ही अंधेरे में है इसका कारण हेमंत सोरेन ही है। झारखंड सरकार केंद्र को समय पर पैसा नहीं दे पाता है। इसका नुकसान झारखंड की जनता को उठाना पड़ रहा है. इसके बाद मंत्री जी रजगंज के लिए रवाना हो गये, जहां बीसीसीएल के सीएसआर योजना से स्थापित मिनी साइंस लैब का उद्घाटन करेंगे।

# चौकीदार अभ्यर्थियों की परीक्षा संपन्न, शामिल हुए 3620 अभ्यर्थी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** जिला अंतर्गत चौकीदार संवर्ग की कुल 161 पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा रविवार की सुबह 11 बजे शुरू हुई। परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह नौ बजे से ही अभ्यर्थियों की भीड़ जुटने लगी थी। समय पर सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। वीक्षकों की निगरानी में कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न हुई। 3620 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 306 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। वहीं परीक्षा कॉपी का मूल्यांकन कार्य भी समाहरणालय सभागार में डीसी विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश, उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, नजारत उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता आदि अधिकारियों की उपस्थिति में प्रतिनियुक्त शिक्षकों की टीम द्वारा किया गया। खबर लिखे जाने तक लिखित परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य जारी था। जानकारी हो कि जिला अंतर्गत 161 पदों पर चौकीदार संवर्ग की सीधी नियुक्ति को लेकर चिन्हित अभ्यर्थियों की आज लिखित परीक्षा हुई। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 05 परीक्षा केंद्र बनाया गया था, जिसमें बीएस सिटी कॉलेज बोकारो, चास कॉलेज, गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाईटी टेक्निकल कैम्पस काण्ड्रा चास, चिन्मया विद्यालय सेक्टर छह बोकारो, एवं एम.जी.एम. हाईयर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर-4 एफ बोकारो शामिल था।

# कतरास आर्य व्यायामशाला के आठ पावरलिफ्टिंग खिलाड़ियों ने सात गोल्ड और दो सिल्वर सहित स्ट्रांग मैन ऑफ झारखंड का जीता खिताब

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**कतरास।** आर्य व्यायामशाला एवं योग मंदिर कतरास के पावरलिफ्टिंग खिलाड़ियों ने ईस्टर्न इंडिया क्लासिक एंड इक्रूप पावरलिफ्टिंग, झारखंड स्टेट इक्रूप व क्लासिक चैंपियनशिप में आधा दर्जन से अधिक मेडल जीतकर पूरे जिले का मान बढ़ाया है। ईस्टर्न इंडिया पावरलिफ्टिंग इक्रूप सीनियर में मो शकरुद्दीन शाह ऊर्फ नूर ने 66 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। इसके अलावा झारखंड स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड के अलावे स्ट्रांग मैन ऑफ झारखंड के खिताब से नवाजे गए। वहीं, 74 किलोग्राम वर्ग में अभिषेक सिंह ने ईस्टर्न इंडिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल एवं झारखंड स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल, 53 किलोग्राम वर्ग के झारखंड स्टेट में अंकुश विश्वकर्मा ने गोल्ड मेडल, झारखंड पावरलिफ्टिंग के 59 किलोग्राम वर्ग में आकाश रवानी ने डेड लिफ्ट में सिल्वर मेडल, वहीं झारखंड स्टेट इक्रूप पावरलिफ्टिंग के 59 किलोग्राम वर्ग में मो हसनैन ने गोल्ड मेडल, मास्टर वन के 66 किलोग्राम वर्ग में अभय बर्मन ने बेंच प्रेस एवं डेड लिफ्ट में दो गोल्ड मेडल, झारखंड स्टेट के 74 किलोग्राम वर्ग में मो सैफ ने सिल्वर मेडल, एवं 105 किलोग्राम वर्ग के झारखंड स्टेट इक्रूप में मो फेजान रजा ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। बताते चलें कि उक्त चैंपियनशिप बोकारो में 4 से लेकर 7 सितंबर तक चास के यमका सेंटर में आयोजित हुआ, जिसमें भारत के पूर्वी भाग के कई राज्यों से लगभग 300 खिलाड़ियों ने इस चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। जिसमें झारखंड से भी दर्जनों महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। आर्य व्यायामशाला से आठ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें से झारखंड स्टेट पावरलिफ्टिंग क्लासिक एवं इक्रूप चैंपियनशिप में 7 गोल्ड एवं 2 सिल्वर के अलावे स्ट्रांग मैन ऑफ झारखंड का खिताब मिला। वहीं ईस्टर्न इंडिया क्लासिक एंड इक्रूप चैंपियनशिप में एक गोल्ड एवं एक सिल्वर मेडल प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर व्यायामशाला के अध्यक्ष विजय कुमार झा, महासचिव गुरुजी दुगार्राम, वरिष्ठ अधिवक्ता दीपनारायण भट्टाचार्य, सचिव रणधीर बर्मन, दीपक गुप्ता, राजेश सिंह आदि ने बधाई दी है।

# सरायढेला में चोरों का आतंक, राम मंदिर में ताला तोड़कर इनवर्टर बैटरी की चोरी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सरायढेला थाना क्षेत्र में चोरों व अपराधियों का आतंक काफी बढ़ गया है। चोरों के आतंक से भगवान भी अछुते नहीं रह गये हैं। स्थिति यह है कि गत 27 अगस्त को मा जन्माष्टमी त्योहार की रात मंदिर बंद हो जाने पर चोरों ने इनवर्टर और बैटरी यहां के दुर्गा मंदिर से चोरी कर ली। इसके बाद शहर के एक श्रद्धालु ने अपनी तरफ से दान में इनवर्टर मशीन व बैटरी दी लेकिन, चोरों ने शनिवार की रात उसेभी चोरी कर लिया। यही नहीं, पीतल की दो बड़ा घंटा भी ले भागे। जबकि इससे पहले इसी थाना क्षेत्र में एक महिला से सोने की चेन छिनतई और हाल में कोला कुसमा क्षेत्र के फेज वन वास्तु विहार कॉलोनी से एक वृद्ध दंपति के घर में रहते ताला तोड़कर सारा सामान चोरी कर ली गयी थी। चोरों का आतंक कुछ इस प्रकार है कि सप्ताह भर भी बंद करके कहीं बाहर जाना मुसिबत को दावत देने जैसा है। इसके अलावे डकैती और रंगदारी की घटनाएं भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। क्षेत्र में मंत्री के रहने के कारण अब तक प्राथमिकी दर्द नहीं कराई जा सकी है। इस संबंध में मंदिर के व्यवस्थापक और कमेटी के लोगों ने एक लिखित शिकायत तैयार कर स्थानीय थाने को देते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# टाटा डीएवी स्कूल ने मनाया श्रमदान सह सुरक्षा सप्ताह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झरिया के जामाडोबा टाटा डीएवी स्कूल में रविवार को श्रमदान सह सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस दौरान टाटा डीएवी के प्रिंसिपल सहित शिक्षक, शिक्षकायें और स्टाफ टाटा द्वारा डीएवी स्कूल के मुख्य सड़क पर श्रमदान कर सड़क पर बने गड्ढे की भराई की, ताकि स्कूल के समय छात्र-छात्राएं और अभिवावक को आवागमन में किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो। प्रिंसिपल एके मिश्रा ने कहा कि स्कूल आने वाली मुख्य सड़क कई महिनों से जर्जर है। इससे हमेशा किसी अनहोनी का खतरा बना रहता है। इसे देखते हुए रविवार को सड़क सुरक्षा के तहत टाटा डीएवी स्कूल परिवार की ओर से श्रमदान कर गड्ढे की भराई की गई। कहा कि श्रमदान से हमारा समाज भी जागरूक होगा और आने वाले समय में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

# तारमी पंचायत में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

## अधिकार नहीं मिल रहा तो लें अदालत का सहारा : सिविल जज

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भंडारीदह/बेरमो।** चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत तारमी पंचायत के मीडिल स्कूल परिसर में रविवार को सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा विधिक सेवाएं सह सशक्तिकरण शिविर भी आयोजित की गयी। शिविर का शुभारंभ बोकारो सिविल जज सह जीएम रवि कुमार भास्कर, एसीजीएम लक्की सोरेन, तारमी पंचायत मुखिया मंजू देवी, पंसस रवींद्र कुमार गिरि, चंद्रपुरा के अंचल अधिकारी नरेश वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में तारमी पंचायत के जरूरतमंद लोगों से सरकारी योजनाओं के लाभ सहित अन्य मामले में आवेदन लिए गये। शिविर में सभी विभाग के स्टाल लगाए गए थे। इस दौरान गोद भराई एवं मुंह जुठी रस्म भी पूरा की गई। इस अवसर पर सिविल जज रवि कुमार भास्कर ने झारखंड की अति महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना में स्वीकृति लाभुक महिलाओं को प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान सावित्रीबाई फूले, किशोरी सम्मृद्धि योजना के तहत किशोरियों को भी स्वीकृति प्रमाण पत्र दिये गए। सिविल जज ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की योजनाओ को सही एवं पारदर्शी तरीके से लाभुकों को देना सबकी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने विधिक सेवाओं से जुड़े नियमों को भी बताया। काह कि अगर अधिकार नहीं मिल रहा हो तो कोर्ट के माध्यम से सहयोग किए जाते हैं। न्यायिक एवं विधिक सेवाएं के तहत अधिकार दिलाने में मदद करती है। विधिक सेवाएं एक कडी है, जो कानूनन रूप से सहयोग कर सकतें हैं। वहीं, चंद्रपुरा प्रखंड के अंचल अधिकारी नरेश कुमार वर्मा ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविरों में अबुआ आवास जैसी कई योजनाएं हैं, जिसका लाभ ज्यादा से ज्यादा लें। साथ ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना जो 18 साल की युवती को भी इस योजना से जोड़ा जा रहा है। उन्होनें लड़कियों की शिक्षा पर जोर देने की बात कही। इस मौके पर विजय कुमार गिरि, मंटू कुमार गिरि, मनोज कुमार, संतोष कुमार, रेखा कुमारी, शैलेश कुमार सिंह, ब्रजेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# हरेंद्र सिंह ने भूली और केंदुआ में किया जनसंवाद




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ व सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र सिंह ने 'धनबाद फर्स्ट' अभियान के तहत भूली मंडल के पांडरपाला व केंदुआ मंडल के भोलानाथ बसेरिया क्षेत्र में जनसंवाद सभा व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस दौरान दौरान, हरेंद्र सिंह ने जनहित के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, स्वच्छता, शिक्षा और रोजगार के अवसरों की वृद्धि शामिल रही। उन्होंने असर्फी हॉस्पिटल द्वारा स्थानीय समुदाय के लिए किए जा रहे स्वास्थ्य सेवा से संबंधित कार्यों की जानकारी दी और आगे की योजनाओं को भी साझा किया। जनसंवाद सभा में स्थानीय निवासियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने सवालों एवं समस्याओं को खुलकर रखा। हरेन्द्र सिंह ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। कहा कि धनबाद फर्स्ट के तहत सभी क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री मोहन माझी ने किया सीएम किसान योजना का शुभारंभ

# किसानों के खाते में पहली किस्त भेजी गयी

**इस योजना में 45,76,524 छोटे, नाममात्र किसान और 19 लाख 12 हजार 122 भूमिहीन किसान लाभान्वित होंगे।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** रविवार को मुख्यमंत्री मोहन माझी ने संबलपुर में नुआखाई के मौके पर सीएम किसान योजना की शुरूआत की। संबलपुर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने योजना का उद्घाटन किया। योजना की पहली किस्त किसानों के खाते में चली गयी है। इस योजना में 45,76,524 छोटे, नाममात्र किसान और 19 लाख 12 हजार 122 भूमिहीन किसान लाभान्वित होंगे। इसके साथ ही भूमिहीन किसानों को 3 किस्तों में 12,500 रुपये मिलेंगे। सीएम किसान योजना के तहत 920 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता डेबिट के माध्यम से किसानों के खातों में स्थानांतरित की जायेगी। इसके अलावा, मुख्यमंत्री सीएम किसान और पीएम किसान योजनाओं के तहत नये लाभार्थियों के नाम दर्ज करने के लिए एक नया पोर्टल लॉन्च करेंगे। इससे अगले 2 महीनों के लिए सभी पात्र लाभार्थियों को पीएम किसान योजना की विशेष पहल में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। मुख्यमंत्री किसान ओड़िशा एकीकृत पोर्टल भी लॉन्च करेंगे। इस पोर्टल के माध्यम से किसान एक ही स्थान पर कृषि और संबद्ध विभागों से संबंधित विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# गणेश पूजा पंडाल का लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने किया भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनवार।** भाजपा के वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने रविवार को धनवार में गणेश पूजा महोत्सव को लेकर बनाये गये पूजा पंडाल का भी भ्रमण किया। उन्होंने सिद्धिविनायक संकट मोचन भगवान गणेश से धनवार क्षेत्र समेत पूरे झारखंड की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर बिकेंद्र साहा, अजित साव, महेंद्र राम, बिजय कसेरा, लक्षमन राम, संजय राउत, बिक्की राउत, बिनय कुमार, पप्पू राउत, पवन राउत, उदय सिंह, राकेश राय, दीपक आदि मौजूद थे।

**नया ट्रांसफार्मर लगा :** धनवार नगर पंचायत के राजा टोला के ग्रामीणों ने कहा कि बताया कि दस दिन से उनके यहां का ट्रांसफार्मर जल गया था। कई जगह चक्कर लगाये, परंतु समाधान नहीं हुआ। इसके बाद हम लोग भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह के पास पहुंचे। उन्होंने तत्काल विभाग के अधिकारियों से बात कर अविलंब नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। एक दिन बाद ही नया ट्रांसफार्मर लग गया। ग्रामीण कहते हैं कोई भी जनसमस्या हो, एक बार लोग भाजपा के वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह के पास अपना दुःख बताने पहुंचते हैं और श्री सिंह उनकी समस्या का तत्काल समाधान निकालने में भरपूर सहयोग करते हैं।

## नेता प्रतिपक्ष नवीन पटनायक ने पश्चिमी ओड़िशा के लोगों को नुआखाई के अवसर पर शुभकामनाएं दीं



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने रविवार को नुआखाई के अवसर पर ओड़िशा, विशेषकर पश्चिमी ओड़िशा के लोगों को शुभकामनाएं दीं। पटनायक ने अपने एक्स हैंडल पर वीडियो संदेश के जरिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, सभी को मेरी नयी शुभकामनाएं। मां समलेश्वरी की कृपा आपके जीवन को खुशियों और समृद्धि से भर दे। जय मां समलेई। नुआखाई एक कृषि त्योहार है, जो आमतौर पर पश्चिमी ओड़िशा में गणेश चतुर्थी के एक दिन बाद मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने राज्य में नुआखाई त्योहार के उपलक्ष्य में 9 सितंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

## ओड़िशा में जल्द ही 2000 वन रक्षकों की नियुक्ति की जायेगी : वन एवं पर्यावरण मंत्री



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा सरकार जल्द ही 2000 (दो हजार) वन रक्षक पदों को भरेगी, वन और पर्यावरण मंत्री गणेश राम सिंह खुंटिया ने कहा। रिपोर्ट के अनुसार मंत्री ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया तीन महीने के भीतर पूरी कर ली जायेगी। राज्य में अभी वन रक्षकों के 3 हजार पद रिक्त हैं। मुख्यमंत्री ने पहले चरण में 2 हजार वन रक्षकों के पद भरने का निर्णय लिया है। मंत्री ने कहा कि इसके लिए सभी तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। पिछले कुछ महीनों में राज्य में मानव-हाथी संघर्ष में काफी वृद्धि देखी गयी है। हाथियों द्वारा मनुष्यों को कुचलकर मार डालने की घटनाएं अक्सर देखी जाती हैं। हाथियों के अलावा, भालू, हिरण जैसे अन्य जंगली जानवर भोजन की तलाश में मानव बस्तियों में घुस रहे हैं। नतीजतन, मानव-धन और जीवन तथा वन्य-जीवों को भी खतरा है। वन्य जीवों से मानव की सुरक्षा और इसके विपरीत, मानव की सुरक्षा में मुख्य बाधा वन रक्षकों की कमी है। इसलिए इस मुद्दे को जल्द से जल्द हल करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं, ऐसा वन एवं पर्यावरण मंत्री ने कहा।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन : बालासोर में दो नाबालिग भाई डूबे, एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एक दुखद घटना में, बालासोर के रेमुना ब्लॉक के अंतर्गत कुली गांव में रविवार को गणेश प्रतिमा विसर्जित करते समय दो नाबालिग भाई-बहन डूब गए, जबकि बड़े भाई की मौत हो गई और छोटे की हालत गंभीर बताई जा रही है। **मृतक की पहचान उसी गांव के निवासी प्रत्यूष (11) के रूप में हुई है।**

रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्यूष अपने छोटे भाई सत्यजीत के साथ गांव के पास गणेश प्रतिमा विसर्जन देखने गया था। मूर्ति विसर्जन करते समय दोनों भाई तालाब में डूब गये। स्थानीय लोगों ने उन्हें डूबते हुए देखा और तुरंत उन्हें पास के अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने प्रत्यूष को मृत घोषित कर दिया और सत्यजीत की हालत गंभीर हो गयी। हालत बिगड़ने पर परिवार के सदस्यों ने उन्हें बालासोर के फकीर मोहन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में बताया गया कि डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सत्यजीत को कटक के एससीबी मेडिकल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया है।

## बंगरीपोसी में गणेश पूजा का प्रसाद खाने से 50 से अधिक लोग बीमार

**बंगरीपोसी (मयूरभंज)। मयूरभंज जिले के बंगरीपोसी ब्लॉक के भुआसुनी पंचायत के अंतर्गत रेयान गांव में 50 से अधिक लोग बीमार पड़ गए, बेचैनी और दस्त की शिकायत हुई। रायन गांव में गणेश पूजा समारोह के दौरान एक स्कूल में प्रसाद खाने वाले कई लोगों ने पेट दर्द, उल्टी और पेचिश की शिकायत की। ग्रामीणों को तुरंत एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए बंगरीपोसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया।अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है।**

## केंद्रपाड़ा जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि

**केंद्रपाड़ा।** जिले में बर्ड फ्लू का प्रकोप फैलना शुरू हो गया है, जहां बलिया और एंदरा ब्लॉकों में पोल्ट्री पक्षियों में एच5एन1 वायरस का पता चला है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रापाड़ा जिले के बलिया और एंदरा ब्लॉकों से नमूने एकत्र कर भोपाल भेजे गये थे, जिनमें एवियन इन्फ्लूएंजा की पुष्टि हुई है, ऐसा केंद्रापड़ा के मुख्य जिला पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया। एवियन इन्फ्लूएंजा का पता सबसे पहले 26 अगस्त को पिपिली और सत्यबाड़ी ब्लॉकों में चला था। प्रकोप के जवाब में, पशु चिकित्सा अधिकारियों ने पक्षियों को मारने का अभियान शुरू कर दिया था।

## जाजपुर में एंबुलेंस के ट्रक से टकराने से एक व्यक्ति की मौत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एक दुर्घटना में जाजपुर जिले के धर्मशाला पुलिस सीमा के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर रविवार सुबह एक एंबुलेंस के ट्रक से टकरा जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक की पहचान एंबुलेंस अटेंडेंट हेमंत आचार्य के रूप में हुई है। घायलों में एंबुलेंस चालक गोबरधन जेना और फार्मासिस्ट गिरिजा सेठी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एंबुलेंस सिसुभवन अस्पताल में मरीज को छोड़कर कटक से क्योंझर जा रही थी। रास्ते में, धर्मशाला पुलिस की सीमा के अंतर्गत राठिया चौक के पास चालक ने अपने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी तथा अन्य दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## आइएमडी ने ओड़िशा के इन सात जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय केंद्र ने दबाव के तीव्र होकर गहरे दबाव में तब्दील होने के मद्देनजर ओडिशा के कई हिस्सों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। अगले 24 घंटों के लिए कटक, पुरी, जगतसिंहपुर, ढेंकनाल, अंगुल, खोरधा और नयागढ़ जिलों के लिए लाल चेतावनी जारी की गयी है। मौसम एजेंसी के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम और मध्य भाग पर कल बना कम दबाव का क्षेत्र अब अवदाब में परिवर्तित हो गया है। यह कलिंगपट्टनम (आंध्र प्रदेश) से लगभग 310 किमी पूर्व, गोपालपुर (ओड़िशा) से 260 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व, पारादीप (ओड़िशा) से 290 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व तथा दीघा (पश्चिम बंगाल) से 410 किमी दक्षिण में स्थित है। अगले 24 घंटों के दौरान इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़कर ओड़िशा-पश्चिम बंगाल के तटों की ओर बढ़ने और गहरे दबाव में तब्दील होने की संभावना है।**

# किम्स स्कूल ऑफ फिजियोथेरेपी रोबोटिक पुनर्वास इकाई शुरू करने की तैयारी में

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पीठ के निचले हिस्से में दर्द को अक्सर कम आंका जाता है, जबकि यह विकलांगता का एक प्रमुख कारण है। भारत में, हर साल लगभग 23-33 प्रतिशत लोग इससे पीड़ित होते हैं, और ओड़िशा को इससे जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, खासकर ग्रामीण इलाकों में जहां शारीरिक श्रम आम बात है। इस पृष्ठभूमि में, किम्स ने इस मुद्दे को हल करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें फिजियोथेरेपी विभाग ने रोगियों को राहत और दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे उन्हें उपचार के अन्य तरीकों का सहारा लेने से बचाया जा सका है। उन्नत देखभाल प्रदान करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए, अस्पताल ने हाल ही में किम्स स्कूल ऑफ फिजियोथेरेपी की शुरूआत की है, जिसका ध्यान अकादमिक उत्कृष्टता और शोध नवाचार पर है। संस्थान विशेष सुविधाओं जैसे कि गैट लैब, रिसर्च लैब और रोबोटिक पुनर्वास इकाई शुरू करने के लिए तैयार है, जिसमें फिजियोथेरेपी में नवीनतम तकनीकों को शामिल किया जायेगा। इन पहलों का उद्देश्य क्षेत्र में विकास और नवाचार को बढ़ावा देना है, जिससे छात्रों और रोगियों दोनों को लाभ होगा। 8 सितंबर को मनाए जाने वाले विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर केआईएमएस स्कूल ऑफ फिजियोथेरेपी के प्रिंसिपल (प्रभारी) डॉ प्रियब्रत दाश ने कहा, हमने चुनौतीपूर्ण मामलों सहित हजारों मामलों का इलाज किया है। पीठ के निचले हिस्से में दर्द और इसके प्रबंधन और रोकथाम में फिजियोथेरेपी की भूमिका इस वर्ष का विषय है। विभाग में युवा रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है, जो अस्वस्थ जीवनशैली और मोबाइल की लत के शिकार हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी के लगभग 30 से 40 प्रतिशत लोग, जिनमें महिलाओं का अनुपात पुरुषों से अधिक है, तथा जिनकी आयु 12 वर्ष से 25 वर्ष के बीच है, कमर दर्द की शिकायत कर रहे हैं। ऐसा कई कारणों से होता है, जैसे सुबह की धूप में न निकलना, विटामिन डी3 की कमी, मानव इंजीनियरिंग, जीवनशैली में बदलाव तथा पोषण के बारे में जागरूकता की कमी। विभाग लक्षित व्यायाम, मैनुअल थेरेपी और आसन और गति तकनीकों पर शैक्षिक सहायता प्रदान करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि रोगियों को व्यापक, व्यक्तिगत देखभाल मिले। पिछले कुछ वर्षों में, यह इस व्यापक स्थिति के इलाज के लिए ओड़िशा में सबसे अधिक मांग वाले संस्थानों में से एक बन गया है, जो साक्ष्य-आधारित देखभाल और दीर्घकालिक समाधान प्रदान करता है। किम्स को जो बात अलग बनाती है, वह है इसका समग्र और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण, जो न केवल लक्षणों को कम करने पर बल्कि दर्द के मूल कारणों को संबोधित करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। रोगियों को उनकी स्थिति का प्रबंधन करने के लिए ज्ञान और उपकरणों के साथ सशक्त बनाकर, विभाग ने हजारों व्यक्तियों को उनकी गतिशीलता में सुधार करने, अपने जीवन पर नियंत्रण पाने और पीठ के निचले हिस्से में दर्द की पुनरावृत्ति को रोकने में सफलतापूर्वक मदद की है। डॉ दाश ने कहा, हमारा उद्देश्य न केवल राहत प्रदान करना है, बल्कि रोगियों को उनकी स्थिति के दीर्घकालिक प्रबंधन के लिए रणनीतियों से लैस करना भी है। उन्होंने कहा, एलबीपी के इलाज में फिजियोथेरेपी आवश्यक है, क्योंकि यह अस्थायी सुधारों से परे समाधान प्रदान करती है, जिससे रोगियों को दर्द मुक्त और उत्पादक जीवन जीने में मदद मिलती है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**